
सुप्रभात
रांची, सोमवार
20.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 218



12 पहला हाइब्रिड रॉकेट लांच




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## कर्मियों के पूरे सेवा काल की गणना कर पेंशन का किया जायेगा भुगतान

# हाइकोर्ट के आदेश के बाद सेवानिवृत्त 791 परिवहन निगम कर्मियों को मिलेगी पेंशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने झारखंड परिवहन निगम के सभी रिटायर कर्मियों को पेंशन देने का निर्णय लिया है। इसकी तैयारी की जा रही है। उनके पूरे सेवा काल के नियुक्ति की गणना करते हुए पेंशन दी जायेगी। यह आदेश परिवहन कर्मियों के 1994 में दायर वाद के 29 साल बाद निकाला गया है। जिसका लाभ निगम के 791 अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगा जो परिवहन निगम के बंद होने के बाद 2011 में सामायोजित होकर विभिन्न विभागों के अंतर्गत कार्यालयों में कार्य करने के बाद रिटायर हुए। इस संबंध में परिवहन



सचिव नागालैंड चुनाव में प्रेक्षक बनाए जाने के कारण यहां नहीं है, इस वजह से मुख्य सचिव सुखदेव सिह, कैबिनेट सचिव की स्वीकृति के बाद परिवहन विभाग ने अंतिम आदेश के रूप में संकल्प जारी कर दिया है।

बता दें कि विगत 18 फरवरी झारखंड हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कड़ी फटकार लगाई थी और सरकार को अवलिंब पेंशन देने का आदेश दिया है और 20 दिनों के अंदर पूरी रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में अब झारखंड सरकार ने सभी को पेंशन उनकी पूर्व की सेवा की गणना करते हुए देने का फैसला लिया है। परिवहन विभाग अब पेंशन देने पर जो वित्तीय बोझ पड़ेगा उसका आकलन कर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से संकल्प प्रभावित होगा



यह आदेश झारखंड सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में पारित आदेश से प्रभावित होगा जिसमें राज्य सरकार ने कहा कि किसी भी निगम कर्मी को पेंशन देने का प्रावधान नहीं है। परिवहन विभाग ने अपने आदेश में 1994 में दायर वाद से लेकर अब तक सारे वादों पर पारित आदेशों को जोड़कर एक निष्कर्ष निकाला है। पेंशन औपबंधिक रूप में दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट से जो भी आदेश आएगा उसके अनुरूप इसमें बदलाव होगा। जल्द ही सारे निगम कर्मियों को जो अब रिटायर हो गये हैं उनसे एक पेंशन प्रपत्र भरवाया जायेगा। सारी प्रक्रिया पूरी कर कुछ कर्मियों की उनके परिजनों को सरकारी नौकरी की तरह पारिवारिक पेंशन का भी लाभ मिलेगा।

**2011 में समायोजन के बाद विभिन्न जगहों पर कार्यरत हैं कर्मी** : बिहार के बंटवारे के बाद कैडर विभाजन में झारखंड राज्य परिवहन निगम कर्मियों का समायोजन 2011 में झारखंड के विभिन्न विभागों में किया गया। इस वक्त राज्य सरकार ने यह आदेश जारी किया कि रिटायर कर्मियों को पेंशन समायोजन की तिथि से मिलेगी। इस मसले पर कई कर्मचारियों ने कोर्ट की शरण ली और 1.7.2004 की तिथि से पेंशन देने की मांग की। हालांकि, सरकार इस पर भी राजी हो गयी थी, लेकिन फिर कुछ कर्मियों ने अलग से कोर्ट में वाद दायर किया और परिवहन निगम में जितना काम किया व समायोजन के बाद दूसरे विभागों में काम की गणना कर पूरी अवधि की पेंशन की मांग की।

## एनटीपीसी चट्टी बारियातू परियोजना में फर्जी मुकदमा का मामला

# कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने अपनी ही सरकार की कार्यशैली पर उठाया सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने फिर एक बार एनटीपीसी मामले में रैयतों पर हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर प्रतिक्रिया दी है। अंबा प्रसाद का कहना है कि गांधीवादी तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे 200 से अधिक ग्रामीणों पर विगत 10 दिनों में 8 फर्जी मुकदमें दर्ज किये गये हैं। इसमें एनटीपीसी कंपनी प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने बेगुनाह गरीबों पर किया मुकदमा दायर किया गया और बिना नोटिस दिये रात के अंधेरे मे बेगुनाहों को भेज जेल दिया।

उन्होंने कहा कि बड़कागांव स्थित एनटीपीसी कोल खनन परियोजना एवं उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे अनेकों कंपनियों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की एनटीपीसी के पक्ष



में अवैध गठजोड़ है।

मालूम हो कि विगत 2 जनवरी से बिरसा सेना विस्थापन मोर्चा के बैनर तले चट्टी बारियातू कोल खनन परियोजना एवं उनके अधीनस्थ कार्य कर रही कंपनियों से जायज मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस प्रशासन फर्जी मुकदमे में फंसा रही है, जबकि ग्रामीणों ने अपनी सभी मांगों को लेकर जिला, प्रखंड एवं कंपनी को अवगत कराया था। लगातार हो रहे धरना प्रदर्शन के बाद 15 फरवरी को अनुमंडल पदाधिकारी सदर तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया था कि त्रिपक्षीय वार्ता कर मामले का समाधान किया जायेगा। बावजूद इसके रैयतों के खिलाफ दमनकारी नीति अपनायी जा रही है।

विधायक ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों एवं भू-रैयतों पर रोजाना फर्जी मुकदमा दायर हो रहा है और मामला दर्ज होने के दूसरे दिन ही बगैर किसी प्रकार का नोटिस थमा, घर से बेगुनाहों को उठाकर जेल भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पांडू के चार लोगों को रात के अंधेरे में बिना नोटिस दिये घर से उठाकर जेल भेज दिया गया। इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। उन्होंने कहा कि कंपनी एवं अधीनस्थ कार्य कर रहे ठेकेदारों ने हाईवा से एक गरीब का घर को तोड़ दिया और उल्टा फर्जी केस भी दायर कर दिया गया। लोग शांतिपूर्ण गांधीवादी तरीके से अपनी मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं, उनकी मांगों को यथाशीघ्र पूरा किया जाये।

# गवर्नर से मिलीं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी की राज्यपाल से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण करते ही राज्यपाल राधाकृष्णन सक्रिय हैं।

# झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार में सत्ता की कुर्सी पर काबिज जदयू झारखंड में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी में जान फूंकने के उद्देश्य से पार्टी के पुराने नेता और मांडू से विधायक रहे खीरु महतो को पहले प्रदेश अध्यक्ष बनाया। फिर बिहार से राज्यसभा भेज कर कुड़मी वोटरों के बीच अपनी पैठ बना कर सेंधमारी की कोशिश की है। साथ ही हसिये पर चल रही पार्टी को पुराने तेवर में लाने के लिए संगठन से लोगों को जोड़ने का भी लक्ष्य रखा है।

इसी कड़ी में झारखंड जदयू के प्रभारी व बिहार के भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी एक माह



में दूसरी बार आज सोमवार को रांची पहुंचेंगे। 22 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का भी आगमन होना है। दोनों ही बड़े नेताओं की नजर 2024 में होने वाले लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव पर भी है।

**एक लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य : श्रवण कुमार**

झारखंड प्रदेश जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर झारखंड जदयू की ओर से दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया जायेगा। इसे लेकर रविवार को पार्टी मुख्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें कार्यकताओं को कार्यक्रम की जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो की अध्यक्षता में बुधवार को कोर कमिटी, सदस्यता अभियान के सभी प्रमंडल के कोऑर्डिनेटर, प्रकोष्ठ के अध्यक्षों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है। दोनों ही नेता संगठन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही सदस्यता अभियान को धार देने का काम करेंगे। पार्टी का संकल्प है कि 31 मार्च तक संगठन से एक लाख लोगों को जोड़ा जाए। साथ ही राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाया जाए।

# बेरोजगारों को पशु कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण देगी सरकार, मिलेगा मानदेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने राज्य के 1000 शिक्षित बेरोजगारों को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाएगी। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड ने केंद्र की राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के अतंर्गत इस्टैबलिस्टमेंट ऑफ मैत्री के तहत राज्य में 1000 युवाओं को ट्रेंड करने का निर्णय लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे किया जाना है। इसके तहत चयनित 1000 युवाओं को कृत्रिम गभार्धान की ट्रेनिंग देने के बाद राज्य के अलग अलग जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सेवा ली जायेगी। मैत्री का प्रशिक्षण पाने वाले युवा राज्य में उन्नत नस्ल की मवेशियों की संख्या बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

### इच्छुक कैंडिडेट के लिए महत्वपूर्ण

झारखंड स्टेट इंप्लिमेंटिंग एजेंसी, होटवार(जेएसआईए) ने इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगा हैं। जेएसआईए के सीईओ की ओर से जारी सूचना के मुताबिक आवेदक की आयु 18-45 वर्ष तक की होनी चाहिये। उसे मैट्रिक पास (इंटर में जीव विज्ञान वालों को प्राथमिकता) होना चाहिये. नामांकन शुल्क के तौर पर 2000 रुपये लगेंगे। चयनितों को 30 दिनों का निःशुल्क सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा 60 दिनों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जायेगी। 90 दिनों का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र एवं जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

# राज्य के प्रारंभिक शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश लेने में हो रही है काफी कठिनाई

### ऑफलाइन माध्यम से आकस्मिक अवकाश लेना ही बेहतर : संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा की कि प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के लिए आकाश लेने को ऑनलाइन व्यवस्था ई-विद्या वाहिनी के द्वारा की गई है। इसमें काफी त्रुटि है। इस व्यवस्था से शिक्षकों को अवकाश लेने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सर्वप्रथम कि अधिकतर शिक्षक मोबाइल और कंप्यूटर चलाने में दक्ष नहीं हैं। ऐसी स्थिति में ऑनलाइन कार्यों का निपटारा करना बेहद कठिन है। विभाग द्वारा जो भी कार्य ऑनलाइन करने को दिया जाता है। उसे वह किसी कैफे के द्वारा ही कराते हैं। परिणामस्वरूप समय व विद्यालय का अति महत्वपूर्ण गोपनीय डाटा का भी सार्वजनिक हो जाता है।

सहायक शिक्षकों द्वारा किसी भी तरह का अवकाश कैसे लिया जाए और प्रधान शिक्षक के प्रधानाध्यापक द्वारा कैसे अवकाश को अप्रूव किया जाए? इसकी तकनीकी जानकारी अभी तक विभाग द्वारा नहीं दी गई है। इसके लिए सर्वप्रथम जिला, प्रखंड और सीआरसी स्तर पर कार्यशाला होना चाहिए। ऑनलाइन अवकाश लेने के पूर्व में ऑफलाइन से ली गई छुप्ती की संख्या दर्ज करने का विकल्प नहीं होने के कारण कुल छुप्ती की संख्या में फर्क हो रहा है। किसी छुप्ती दिवस में कार्य किए जाने पर उस अवधि का क्षतिपूरक अवकाश देय है। ई विद्या वाहिनी में इस अवकाश का विकल्प मौजूद नहीं है।

उन्होंने कहा कि शनिवार से सोमवार तक कुल 2 कार्य दिवस में 2 दिनों की अवकाश लेने पर ऑनलाइन में कुल छुट्टी दिवस में 3 दिन की गिनती की जा रही है, जबकि रविवार को राजपत्रित अवकाश होता है। वेबसाईट की खामी के कारण यह समस्या आ रही है। विशेष परिस्थिति में शिक्षकों के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन अवकाश लेने का भी प्रावधान होना चाहिए, जो ई-विद्या वाहिनी में नहीं है। कोई शिक्षक अगर आकस्मिक अवकाश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर अवकाश की गणना हो जाती परंतु किसी कारण उसे अवकाश का उपभोग नहीं करना है तो घटाई गई छुट्टी वापस करने का कोई व्यवस्था नहीं है। अवकाश लेने के लिए अपलोड किया गया आवेदन देखने का शिक्षक, हेडमास्टर या अधिकारी को आवेदन देखने का कोई विकल्प नहीं है। आकस्मिक अवकाश ऑनलाइन जरूरत पड़ने पर कभी भी अपलोड किया जा सकता है परंतु यह जरूरी नहीं की स्वीकृत करने वाला हेडमास्टर या अधिकारी उसी समय ऑनलाइन रह कर अप्रूव कर सकें। ऐसे में सयाहक शिक्षक द्वारा हेडमास्टर को और हेडमास्टर द्वारा अधिकारी को फोन करके आवेदन देने की सूचना एक अतिरिक्त बोझ है, जो समय अवकाश लेने बड़ी बाधा है। यही कारण है कि ऑनलाइन अवकाश लेने में यह सिस्टम कारगार सिद्ध नहीं होगा।

## राज्य के सरकारी स्कूलों के लिए परीक्षा का कैलेंडर जारी

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों के लिए परीक्षा का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। इसका आदेश झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया है। उन्होंने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को इसकी जानकारी दी है। निदेशक ने आदेश में लिखा है कि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सभी कोटि के विद्यालयों सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं मॉडल स्कूल सहित में कक्षा 1 से 7 की वार्षिक परीक्षा 2023/ योगात्मक मूल्यांकन-2 के लिए परीक्षा कैलेंडर निर्धारित किया गया है। इसमें 80 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल नहीं हैं। निदेशक ने लिखा है कि कैलेंडर के अनुसार वार्षिक परीक्षा-2023 के सफल संचालन के निमित्त पाठ्यक्रम पूर्ण कर परीक्षा संचालन सुनिश्चित की जाये।

# वैश्य मोर्चा का 28 को विधानसभा और 27 मार्च को जंतर-मंतर पर महाधरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका में हुई। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान, जिलों में हो रहे सम्मेलन तथा ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर भावी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। उसके बाद निर्णय लिया गया कि सदस्यता अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा और इस दौरान जिलों में सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।


बैठक में यह भी तय किया गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण दिलाने, वैश्य आयोग का गठन, मध्यम स्तर के उद्योग एवं छोटे व्यापारियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, हत्या, लूट आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार अपनी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखा जायेगा। उपरोक्त मांगों को लेकर 28 फरवरी को विधानसभा के समक्ष तथा 27 मार्च को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बीच 23 मार्च को रांची में आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि कोई भी लड़ाई संगठन के बल पर ही जीता जा सकता है। इसलिए सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाना होगा। श्री साहु ने कहा कि 27% आरक्षण ओबीसी का संवैधानिक अधिकार है। इसे पाने के लिए हम किसी भी हद तक जा कर आंदोलन करने को तैयार हैं। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव दिलीप कुमार, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत, नरेश साहु, आशीष कुमार वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजन साहु, धीरज साहु आदि उपस्थित थे।

# 22 फरवरी से चढ़ेगा पारा, दिन में 32 डिग्री से. तक जाने का अनुमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मौसम ने करवट ले ली है। दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि सुबह शाम ठंड अभी बाकी है। मौसम विभाग की माने तो 2 से 3 दिनों में पारा ऊपर चढ़ेगा। ऐसे में राजधानी में दिन का तापमान 32 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।



वहीं रात को मिनिमम टेंपरेचर भी 16 से 17 डिग्री पहुंच जाएगा। इसके बाद लोगों को गर्मी का एहसास होने लगेगा। कई जिलों में मिनिमम टेंपरेचर 13 से 14 डिग्री रहने का भी अनुमान बताया गया है। सुबह में राजधानी समेत पूरे राज्य में ठंड रहने की भी संभावना जताई गई है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री से., गढ़वा में न्यूनतम तापमान 13.8 रिकॉर्ड किया गया। वहीं कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है। साफ है कि इस बार गर्मी कहर बरपाएगी।


**सर्विसेज हाउसिंग कोआपरेटिव सोसाइटी लि0 अशोक नगर, रांची**

अति अल्पकालीन पूर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04 वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम – अ0 सचिव
2. परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि – 21.02.2023 से 25.02.2023
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय – 26.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.02.2023 को 4.30 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र बिक्री/निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – सर्विसेज हाउसिंग कोआपरेटिव सोसाइटी लि0, अशोकनगर।
6. कार्य का नाम :– प्राक्कलित राशि (रू0)

1) Construction of Brick Masonry Drain – रू0 21,42,461/–

नोटः–
परिमाण विपत्र की राशि में वृद्धि/घटोतरी हो सकती है।
अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत।
परिमाण विपत्र का मूल्य 2000/– प्रति
निविदा में भाग लेने वाले एजेन्सी को पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ नगर निगम/ ग्रामीण विकास, विभाग, झारखंड में निबंधित एवं कार्य का अनुभव होना चाहिए ।
बिना किसी कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा स्थगित/रद्द किया जा सकता है।
निविदा से संबंधित BOQ एवं सभी सूचनाएं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है।

अ0 सचिव
सर्विसेज हाउसिंग कोआपरेटिव
सोसाइटी लि0, अशोक नगर, रांची


## वर्ष 2019 के चुनाव में मिले वोट प्रतिशत में भाजपा से काफी पीछे थी कांग्रेस

# राज्य में जनाधार और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कांग्रेस सुदूर इलाकों पर दे रही है जोर

सत्येन्द्र

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर महागठबंधन के सहारे कांग्रेस पार्टी झारखंड में बीजेपी का पटकनी देने के लिए तैयारी में जुट गयी है। कांग्रेस को इसमें कितनी सफलता मिलती है वह तो आभी भविष्य के गर्त में है। इसके बावजूद झारखंड कांग्रेस अपने राष्ट्रीय नेताओं बलबूते झारखंड में सियासी जमीन को तलाशने एवं जनाधार को मजबूत करने की जूगत में लग गयी है। वहीं इसके विपरीत भाजपा एवं उसकी सहयोगी पार्टी आजसू महागठबंधन की तैयारी को देखते हुए जहां अपनी 12 संसदीय सीट बचाने पर जोर दे रही है, वहीं इनका लक्ष्य प्रदेश की सत्ता को दोबारा पाना भी है। दूसरी तरफ कांग्रेस भी प्रदेश में खुद की सियासी जमीन तलाशने और जनाधार मजबूत करने की जुगत में है और प्रदेश कांग्रेस अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों पर विशेष ध्यान दे रही है।

### भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से जगी उम्मीद



प्रदेश कांग्रेस अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी से मिले होमवर्क को राज्य के सुदूर इलाकों से शुरू कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान इसका उदाहरण है। प्रदेश कांग्रेस ने एक तरफ भारत जोड़ो अभियान की शुरूआत खूंटी के उलिहातू से किया था। वहीं दूसरी और हाथ से हाथ जोड़ों अभियान की शुरूआत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में साहिबगंज के बड़हरवा प्रखंड के श्रीकुंड गुमानी से की है। प्रदेश कांग्रेस को विश्वास है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों जनाधार बढ़ेगा तो निश्चित तौर पर वोट के प्रतिशत में भी इजाफा होगा।

2019 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मिले कांग्रेस के वोट प्रतिशत को देखे, तो भाजपा दोनों ही चुनावों में राज्य के अन्य पार्टियों के मिले मत प्रतिशत से काफी आगे थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से ज्यादा था। जिसके बदौलत एनडीए (भाजपा और आजसू) 14 संसदीय सीटों में से 12 सीट जीतने में सफल रही थी। चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत केवल 15 प्रतिशत के करीब था। पार्टी केवल एक ही सीट चाईबासा जीत सकी। विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सत्ता से भले ही बाहर हो गयी, लेकिन वोट प्रतिशत में अन्य पार्टियों से वह काफी आगे थी। भाजपा का वोट प्रतिशत करीब 33 प्रतिशत था। वहीं, कांग्रेस का करीब 14 प्रतिशत था। इस स्थिति में कांग्रेस अपने कार्यक्रम के बदौलत ग्रामीण इलाकों में ज्यादा से ज्यादा कितने लोगों को जोड़ पाती है जिससे मत प्रतिशत बढ़ सके और अगामी लोकसभा के चुनाव में उसके सीटों की संख्या में वृद्धि हो सके।

### फिलहाल लोकसभा चुनाव पर प्रदेश कांग्रेस का ध्यान

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते प्रदेश कांग्रेस का ध्यान फिलहाल लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर है। इसके लिए पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करने का मन बनाया है। जानकारों का कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा जब खूंटी के उलिहातू से शुरू की गयी, तो कार्यक्रम में कांग्रेस की ओर से ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा गया। भारत जोड़ो यात्रा कि कामयाबी को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने बीते दिनों सुदूरवर्ती साहिबगंज के श्रीकुंड गुमानी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया। इस मसले पर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भविष्वाणी करना सही नहीं है। इसके बावजूद प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम के माध्यम से बहुत हद तक संभावना है कि कांग्रेस के मत प्रतिशत में कुछ वृद्धि हो जाय।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
20.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 218



12 डंकी के सेट से शाहरुख की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### जडेजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन गावस्कर-बॉर्डर ट्रॉफी जीती

**नयी दिल्ली।** रवींद्र जडेजा (42/7) और रविचंद्रन अश्विन (59/3) की घातक स्पिन जोड़ी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को छह विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। साथ ही ट्रॉफी पर लगातार चौथी बार कब्जा कर लिया। पहली पारी में एक रन की बढ़त लेने वाली ऑस्ट्रेलिया मैच के तीसरे दिन सिर्फ 113 रन पर ऑलआउट हो गयी। भारत ने 115 रन का लक्ष्य चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

### महिला एथलीट का निधन, उठे सवाल

**रांची।** राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी, होटवार (होटवार) की एथलीट कैडेट अंजली उरांव का रविवार की सुबह निधन हो गया। सुबह तबीयत अचानक बिगड़ जाने पर उसे गांधी नगरअस्पताल ले जाया जा रहा था, पर पहले ही उसने दम तोड़ दिया। अंजली के मौत पर कई पूर्व कोच ने दुख जताते हुए इसमें प्रबंधन की दक्षता पर सवाल उठाया है। विरोध में प्रदर्शन भी शुरू हो गया।

### हार्दिक पंड्या पहली बार करेंगे वनडे में कप्तानी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गयी है। टेस्ट टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, हार्दिक पंड्या पहली बार वनडे फॉर्मेट में भारत की कप्तानी करेंगे। रोहित दूसरे वनडे से टीम के साथ जुड़ेंगे और कप्तानी करेंगे। वनडे टीम में रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है। 17, 19 और 22 मार्च को 3 वनडे खेले जायेंगे। वहीं, एक मार्च को तीसरा और 8 मार्च चौथा टेस्ट होगा।

### भाग्यश्री ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर।** महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने देवघर आयी फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने रविवार सुबह सांसद निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी अनामिका गौतम के साथ बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजा समाप्त कर भाग्यश्री ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा मंदिर में दर्शन करना सौभाग्य की बात है।

### पलामू में चार दिनों बाद इंटरनेट सेवा बहाल

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा के बाद से चौथे दिन रविवार को इंटरनेट सेवा शुरू हो गयी। फिलहाल, इलाके में धारा 144 जारी रहेगी।

### पटना में गोलीबारी, दो की मौत, चार घायल

पटना। बिहार की राजधानी एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से कांप उठी। पटना सिटी के जेठुली गांव में रविवार को हुए एक पार्किंग विवाद में अपराधियों ने दिनदहाड़े पांच लोगों को गोली मार दी। इस वारदात में दो व्यक्ति की मौत हो गयी है, वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

### छह खदानों की नीलामी करेगी केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार फरवरी में लौह अयस्क की चार खदानों समेत कुल छह खनिज खदानों की नीलामी कर सकती है। इस कदम से देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में खनन क्षेत्र के योगदान को गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ में स्थित लौह अयस्क की चार खदानों की मंगलवार को नीलामी संभव है।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 70,000 रु./प्रति किलो |

# शंख व डमरू ध्वनि के बीच इटखोरी महोत्सव का रंगारंग आगाज

## कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने गणपति वंदना और महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका से किया मंत्रमुग्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** स्रोत गायक विपिन मिश्रा की शंख ध्वनि और डमरू वादन के बीच नौवें राजकीय इटखोरी महोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। महोत्सव मंच पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय इटखोरी की छात्राओं की गणपति वंदना तथा महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका नें लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री के नहीं आ पाने के कारण श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, बौद्ध धर्म गुरु भंते प्रज्ञा दीप, भंते तिसावरो, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, पुजारी नागेश्वर तिवारी तथा शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी ने दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने मां भद्रकाली, सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर, बौद्ध स्तूप मंदिर, तिर्थंकर शीतलनाथ भगवान के मंदिरमें जाकर पूजा अर्चना की। कालेज छात्राओं ने फूल बरसा कर अतिथियों का भव्य अभिनंदन किया गया।

मंत्री भोक्ता ने किया उद्घाटन, सांसद, विधायक, सभी धर्मों के प्रतिनिधि थे शामिल



### मुकुंद नायक के ग्रुप ने दी आकर्षक प्रस्तुति

मुकुंद नायक के ग्रुप ने नागपुरी गीत के साथ नागपुरी नृत्य तथा छऊ नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति दी। झारखंड के कलाकारों की प्रस्तुति के पश्चात महोत्सव के मंच को मशहूर गजल गायिका राधिका चोपड़ा ने संभाला। उन्होंने अपनीं गजलों से महोत्सव की महफिल सजा दी। महोत्सव के उद्घाटन की शाम भोजपुरी गायक सत्या ठाकुर तथा झारखंड की मशहूर उभरती गायिका पूजा चटर्जी ने भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन तथा मंदिर प्रबंधन समिति ने मोमेंटो देकर अतिथियों का अभिवादन किया। इस मौके पर इटखोरी महोत्सव की यादों को पिरोए हुए काफी टेबल बुक का अतिथियों ने विमोचन किया।

# झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं : राज्यपाल

## खिलाड़ियों को मंच देना ही महोत्सव का उद्देश्य : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। झारखंड के गांव-गांव में प्रतिभा छिपी हुई है, जरूरत उसे खोज कर आगे बढ़ाने की है। इस तरह के खेल के आयोजन से हमें सफलता मिलेगी। यही कारण है कि राज्य को आर्चरी ऑफ झारखंड भी कहा जाता है। वह रविवार को होटवार स्थित खेलगांव में सांसद खेल महोत्सव के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सांसद संजय सेठ ने राज्यपाल महोदय को परंपरागत ट्राइबल पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। आर्चरी में झारखंड के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाया है। युवाओं के लिए खेल एक बेहतर विकल्प है। राज्यपाल ने कहा मुझे हार्दिक खुशी है कि आज मैं आप सभी बच्चों के साथ हूं सांसद खेल महोत्सव में शामिल सभी लोगों एवं बच्चों को दिल की गहराइयों से जोहार करता हूं।

(शेष पेज 11 पर)



### विजेताओं की सूची

बैंडमिंटन के मेंस सीनियर में हर्षित राज विजेता बने। रनरअप-अमन रहमान व गर्ल्स में मनीषा रानी तिर्की, रनर अप- वर्षा रानी बनी। वुशू गर्ल्स में गोल्ड प्रतिमा कुमारी को मिला। जबकि, सिल्वर- उषा कुमारी, ब्रोन्ज- आरूषी कुमारी को मिला। इसके अलावा बॉयज गोल्ड - निशांत तिर्की, सिल्वर-रोहित बेदिया ब्रोंज-रूपलाल महतो को प्राप्त हुआ। 3 किलोमीटर जूनियर गर्ल्स क्रॉस कंट्री में गोल्ड- मंजू कुमारी,सिल्वर-सुष्मिता कुमारी, ब्रोन्ज- नीता कुमारी, योगा गर्ल्स - गोल्ड रिया सेन, सिल्वर- सुप्रिया कुमारी, ब्रोन्ज-दीपिका लांबा को प्राप्त हुआ। कबड्डी गर्ल्स गोल्ड-प्रीति कुमारी, सिल्वर-नीतू कुमारी, ब्रोन्ज-प्रियंका कुमारी, बॉयज -गोल्ड रोशन कुमार, सिल्वर-अमन कुमार, ब्रोन्ज-पवन मुंडा को मिला। इस महोत्सव में 17 प्रखंडों के 200 पंचायतों से करीब 5 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# रामगढ़ में बोले हेमंत, भाजपा आजसू के नेता झूठों के सरदार

## जो 1932 की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा

- ठेकेदारों की पार्टी है आजसू, ममता देवी को फंसा कर जेल भेजा, चार माह का बच्चा मां के लिए तड़प रहा है
- आजसू ने 15 साल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ जनता को लूटा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में यूपीए गठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आये सीएम हेमंत सोरेन पूरे तेवर में दिखे। गोला के एसएस हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा और आजसू के नेताओं को झूठ का सरदार बताया। साथ ही उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनायी। सोरेन ने सबसे पहले 1932 की खतियान की बात कही, साथ ही कहा कि झारखंड में अब वही राज करेगा जो 1932 की बात करेगा। इस दौरान उन्होंने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी पर जमकर हमला बोला। कहा रामगढ़ की जनता ने आजसू पार्टी को 15 वर्षों तक अपना मत देकर विधायक व मंत्री बनाने का काम किया है, लेकिन बदले में यहां के भोले भाले लोगों को बहला-फुसलाकर उनकी जमीन हड़पा। विकास के नाम पर ठेका लेने का काम किया। उसके विरोध में आवाज उठाने वाले लोगों पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जनता की आवाज को दबाने का काम किया। इसका जीता जागता उदाहरण आंदोलनकारी नेत्री पूर्व विधायक ममता देवी हैं। ममता देवी आज आजसू की षड्यंत्रकारी नीति के तहत चार माह का बच्चा छोड़कर जेल में बंद है। (शेष पेज 11 पर)

### जनता ही बेसहारा बच्चे को *ममता* दे

उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार लोगों के हित में कार्य कर रही है। हम लोगों से किये वादे पूरे करने पर ध्यान दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य राज्य के लोगों का हित है, उसी को लेकर हम कार्य कर रहे हैं। श्री सोरेन ने कहा कि विधायक ममता देवी जनता की सेवा करने के लिए अपने बच्चे को अनाथ छोड़ दिया। एक बच्चे का दर्द सिर्फ एक औरत ही समझ सकती है। उन्होंने कहा कि अब आम जनता ही उस बच्चे को सहारा देगी। यह तभी संभव हो पायेगा जब कांग्रेस का बटन दबाकर बजरंग महतो को भारी मतों से जिताया जायेगा। सीएम ने ममता देवी और यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो के चार माह के बेटा को अपने गोद में खेलाया। सीएम की चुनावी सभा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष का हुजूम था।

# जस्टिस एसके मिश्रा रांची पहुंचे, आज संभालेंगे पदभार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के 14वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्रा सोमवार को शपथ लेंगे। जस्टिस संजय कुमार मिश्र को राजभवन स्थित बिरसा मंडप में सुबह 11 बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शपथ दिलायेंगे। इसके बाद वह अपना कार्यभार संभालेंगे। विधि मंत्रालय ने शुक्रवार को जस्टिस संजय मिश्र को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की थी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के अन्य मंत्री, हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, निर्वाचित सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। झारखंड के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा रविवार को इंडिगो विमान से शाम करीब 4:00 बजे रांची पहुंचे। (शेष पेज 11 पर)

राज्यपाल दिलायेंगे 14वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ

# रांची में बने सभी वर्टिकल गार्डन को मिलेंगे जी-20 से नये पौधे

## गार्डन में आइ लव रांची भी सेल्फी के लिए युवाओं को करेगा अट्रैक्ट

**सुधीर**

**रांची।** जी-20 की होनेवाली बैठक से पहले रांची नगर निगम पूरे शहर को रमणीक बनाने में जुटा है। इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च भी किये जा रहे हैं, ताकि राजधानी खूबसूरत दिखे। राजधानी में 9 जगहों पर लाखों रुपए खर्च कर वर्टिकल गार्डन बनाए गए है। भले ही आज यहां पौधे नहीं दिख रहे हैं, लेकिन जी-20 की मीटिंग से पहले राजधानी में बने सभी वर्टिकल गार्डन को नये पौधे मिल जायेंगे। एक बार फिर से राजधानी रांची रमनीक रांची दिखने लगेगी। इस गार्डेन में बना आइ लव रांची भी सेल्फी के लिए युवाओं को फिर से अट्रैक्ट करने लगेगा। युवा भी निगम की ओर से किये जा रहे सुंदर रांची के सपने को साकार होते देखना चाह रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)




### बैठक से पहले दुरुस्त करने का आदेश

मार्च के पहले हफ्ते में आयोजित जी-20 की बैठक को लेकर अधिकारियों ने शहर को चकाचक करने के साथ ही वर्टिकल गार्डन को हरा-भरा बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी गार्डन से सूखे पौधे हटाकर उसमें नए पौधे लगाए जायें। इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में लगे वर्टिकल गार्डन में पौधे सूख गए हैं। वहीं कई गार्डन में लगे पौधे झाड़ियां का रूप ले चुकी है।

# खूंटी बाजार में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या

**खूंटी।** जिले में एकबार फिर ग्रामीणों द्वारा पीट-पीटकर एक शख्स की हत्या की वारदात हुई है। रनिया के लोआगड़ा में लोगों ने भरे बाजार में एक वृद्ध शख्स को लाठी-डंटे से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय हीरा नमन कोंगाड़ी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आपसी पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग हीरा नमन कोंगाडी अपनी जान बचाने के लिए बाजार में इधर-उधर भागता रहा पर ग्रामीणों ने उसका पीछा कर मार डाला। बाजार में ही दौड़ा-दौड़ा कर उसकी इतनी पिटाई की कि उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है।

# जमने लगा है रंग रामगढ़ उपचुनाव का, वोटरों में उत्साह की कमी

## महागठबंधन की ओर से सीएम भी प्रचार में उतरे, आज रांची पहुंचेंगे कांग्रेस प्रभारी

- सुदेश, बाबूलाल ने संभाला एनडीए का मोरचा
- सांसद सीपी चौधरी रामगढ़ में कर रहे कैंप

**उदय चौहान**

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के प्रचार अभियान में अब रंग जमने लगा है। महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में सीएम हेमंत सोरेन रामगढ़ में उतर चुके हैं। वही दूसरी ओर, राजग की ओर से सुनीता चौधरी के पक्ष में आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी कैंप कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी प्रचार में भगवा का तड़का लगा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे सोमवार को दिल्ली रांची पहुंचेगे और रामगढ़ रवाना हो जायेंगे। पूर्व मंत्री व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी शनिवार को धुआंधार प्रचार अभियान चलाया। (शेष पेज 11 पर )



27 फरवरी को रामगढ़ उपचुनाव में मतदान के लिए राजनीतिक पार्टियां शाम-दाम, दंड भेद की नीति अपना रहीं हैं। देखना दिलचस्प होगा कि इस उपचुनाव में विजय माला किस पार्टी के गले में पड़ती है। हर दल अपना-अपना दावा कर रहा है। हालांकि, अभी तक वोटरों में अपेक्षित उत्साह की कमी देखी जा रही है।

### रामगढ़ में आज अविनाश पांडेय की सभा

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे सोमवार को दिल्ली से रांची पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से सीधे रामगढ़ रवाना हो जायेगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया की अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को जिमखाना क्लब सभागार में रामगढ़ ग्रामीण एवं शहरी कार्यकताओं की संयुक्त बैठक में हिस्सा लेंगे। मंगलवार को दोपहर 12 .30 बजे पोचरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। फिर चितरपुर प्रखंड में दिन के 1.30 बजे पंचायत, प्रखंड एवं बूथ कमिटी के सदस्यों के साथ कार्यकताओं की बैठक में हिस्सा लेंगे।



# रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले दिवालिया हो चुका पाकिस्तान

- नौकरशाह और नेता इसके लिए जिम्मेदार, देश में आतंक की लहर

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानम के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि हम एक दिवालिया देश में रह रहे हैं। हमारी समस्याओं का समाधान देश के भीतर है। आइएमएफ के पास पाकिस्तान की समस्याओं का समाधान नहीं है। देश के नौकरशाही और राजनेता मौजूदा आर्थिक बदहाली के लिए जिम्मेदार हैं। रक्षा मंत्री ने कहा है कि नकदी की कमी वाले देश के दिवालिया हो जाने के डर के बीच पाकिस्तान पहले ही चूक कर चुका है। इस संकट के लिए प्रतिष्ठान, नौकरशाही और राजनेताओं को जिम्मेदार है। वह अपने गृह नगर सियालकोट में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लिए खुद को स्थिर करने के लिए अपने पैरों पर खड़ा होना महत्वपूर्ण है। एजेंसी ने कहा, आपने सुना होगा कि पाकिस्तान दिवालिया हो रहा है। आसिफ ने कहा कि सत्ता प्रतिष्ठान, नौकरशाही और राजनेता समेत सभी मौजूदा आर्थिक बदहाली के लिए जिम्मेदार हैं।

## आज का राशिफल
**20-02-2023**

**मेष** : आय भाव मे चंद्र अस्त है गलत आय से बचे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें।

**वृष** : पिता के स्वास्थ पर ध्यान दे। असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। भावनाओं को वश में रखें। मन की बात किसी को न बतलाएं। प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है। जल्दबाजी से चोट लग सकती है।

**मिथुन** : भाग्य भाव मे शनि चन्द्रमा है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सोच बिचार कर कार्य करें।

**कर्क** : सोच विचार कर बोले। मानसिक तनाव होगा पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा। आय बनी रहेगी।

**सिंह** : रोग भाव मे चन्द्र शनि का योग है। उदर रोग से बचें। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का साथ मिलेगा।

**कन्या** : संतान के स्वास्थ पर ध्यान दे। कुटुम्ब में खर्च होगा साथ ही संतुष्टि भी होगा। पुराने रोग को नजरअंदाज न करें। व्यय होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**तुला** : सन्तान से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है। सृजनशीलता का विकास होगा। कार्य मे बाधा उत्पन्न होगा। पर व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा। जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृश्चिक** : माता के स्वास्थ पर ध्यान दे। कोई भय हो सकता है। पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**धनु** : भाई बहन से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शत्रुभय रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी।

**मकर** : गलत लोगो और निर्णय से बचें। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों से भेंट होगी।

**कुंभ** : थकान व कमजोरी रह सकती है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए काम मिल सकते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी। नीबू का दान करें।

**मीन** : गलत खर्च से मनखिन्न होगा। दूसरों के मामलों में हाथ न डालें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा।

# सदानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रहना मंजूर नहीं : राजेंद्र

## मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान में सिमडेगा के बनाबीरा में हुआ विशाल महापंचायत का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को सिमडेगा जिले के बनाबीरा बाजारटांड़ में 60 गांवों के लोग विभिन्न मांगों को लेकर विशाल महापंचायत में जुटे। इस विशाल महापंचायत के मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में सरकार और राजनेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में जो भी सरकार रही, मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का ही काम किया है।

उन्होंने कहा कि पहले से ही हम सिमडेगा सहित विभिन्न लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव नहीं लड़ सकते हैं और इसके बाद 112 प्रखंडों की सभी पंचायतों को भी असंवैधानिक तरीके से आरक्षित कर दिया गया। इसमें वैसी पंचायतें भी शामिल हैं, जहां जनजातियों की एक भी संख्या नहीं है। इससे इन सभी पंचायतों में सदान कभी भी मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष नहीं बन पायेंगे। उन्होंने सिमडेगा सहित 7 जिलों में पिछड़ी जातियों के आरक्षण को शून्य करना व 112 प्रखंड के सभी पंचायतों को आरक्षित करने को असंवैधानिक बताया। सदानों को झारखंड का सबसे पुराना वाशिंदा तथा सदानों के बिना झारखंड का अस्तित्व नहीं बताते हुए उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनकर रहना मंजूर नहीं है। सदानी झंडे को सदानों की पहचान व आस्था का प्रतीक बताते हुए सभी सदानों से अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों में झंडा लगाने का आह्वान किया। उन्होंने सरकार से मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने व सदान से आने वाले स्वर्णों का भी सर्वेक्षण कराने, झारखंड में विधानसभा सभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग की है। ताकि, सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। सरकार से झारखंड में सीबीएसइ के तर्ज पर इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुविधा के लिए अच्छे अस्पताल खोलने की मांग की। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि सदान मोर्चा जाति की नहीं, जमात की बात करता है। उन्होंने लोगों से कहा कि धर्म के नाम पर आपस में कभी न उलझें, बल्कि अधिकार के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार रहें। इस विशाल महापंचायत को संबोधित करने वाले अन्य लोगो में झारखंड आंदोलनकारी क्षितिज कुमार राय, डॉ सुदेश कुमार साहू आदि शामिल थे। रवि प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन रजनीश प्रसाद ने किया। उपस्थित लोगों में विशाल कुमार, धर्मजीत सिंह, मोहन चंद्र सिंह, जगत पाल रोतिया, नंदकिशोर, कृष्ण सिंह, पितांबर, अरुण गुप्ता, नृपेश्वर यादव, अमित साहू, दुबराज, परमानंद, विक्रम, अर्जुन भारती, सुमन, मनबहाल रोतिया, करमपाल रतिया, महेश्वर सिंह आदि शामिल थे।

**पुस्तक समीक्षा : भारतीय कला एवं संस्कृति**

## सिविल सेवा के अभ्यर्थियों के लिए बेहतरीन : डॉ मनीष रंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आइएएस डॉ मनीष रंजन ने कहा है कि 'भारतीय कला एवं संस्कृति' पुस्तक के अध्ययन से पता चलता है कि इसमें सिविल सेवा की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के लिये सभी प्रकार की सामग्री मौजूद है, जो भारत के इतिहास, कला और संस्कृति से जुड़ी हुई है। यह पुस्तक भारतीय सिविल सेवा एवं राज्य सेवा की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इसमें पाठ्यक्रम को भारतीय कला, भारतीय संस्कृति और भारतीय विरासत नामक तीन खंडों में विभाजित करते हुए प्रत्येक खंड की तार्किक दृष्टिकोण से विभिन्न अध्यायों में विवेचना की गई है।

उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थियों के लिए पुस्तक और भी महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि इसमें भारतीय कला संस्कृति एवं विरासत के विभिन्न स्वरूपों जैसे चित्रकला एवं हस्तशिल्प, वास्तु शिल्प, नाट्य नृत्यए संगीत, मूर्ति एवं स्थापत्य कला, अभिलेख, शिलालेख, पर्व त्योहार एवं यूनेस्को द्वारा घोषित विरासत स्थल, भाषा, साहित्य, शिक्षा, धर्म एवं दर्शन इत्यादि ऐसे ही अनेक विषयों को उनके उद्भव काल से लेकर अद्यतन आंकड़ों के साथ समीक्षात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के अंत में चार परिशिष्ट दिए गए हैं। जिनमें कला एवं संस्कृति से संबंधित महत्वपूर्ण परीक्षा उपयोगी सामग्री भी समाहित की गई है।

पुस्तक में विषय वस्तु की विवेचना जितनी तथ्यात्मक और सारयुक्त है। उतनी ही, उसके प्रस्तुतीकरण के चित्रए आंकड़े और संदर्भों का उपयोग उसे रोचक बनाता है। यह पुस्तक उन अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकती है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने के लिए दर्शन शास्त्र समाजशास्त्र और इतिहास को पढ़ना पसंद करते हैं। साथ ही, यह पुस्तक शिक्षाविदों विद्वानों असाधारण पाठक के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। पुस्तक में आधुनिक भारतीय संस्कृति और विभिन्न आंदोलनों की विशिष्ट जानकारी के साथ-साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति उसकी अवधारणा और प्रमुख सांस्कृतिक संस्थान के बारे में उचित स्थान दिया गया है। सामान्य ज्ञान के लिए यह पुस्तक ऐसे पाठकों के लिए भी उपयोगी है जो भारतीय विरासत को जानना चाहते हैं। वैदिक काल में महिलाओं की शिक्षाए बौद्ध काल में शिक्षाए दक्षिण भारत में शिक्षाए मध्य काल में शिक्षा की व्यवस्था कैसी थीए इन सबको बेहतरीन तरीके से बताया गया है।

## छत्रपति शिवाजी की जयंती मनायी गयी

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वावधान में रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर उत्तम यादव ने कहा कि शिवाजी महाराज हिन्दू हृदय सम्राट, युग प्रवर्तक, कुशल प्रशासक, सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकार व मुगलों को परास्त करने वाले योद्धा थे। युवा शक्ति के सदस्यों ने वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में सुनील साहू, प्रशांत बजाज, सुमन विद, अभिषेक बंटी यादव, विनय सिंह, किरण कुमारी, नवनीत कुमार आदि मौजूद थे।

## जेसीआइ रांची के कार्यालय में रक्तदान शिविर, 74 यूनिट ब्लड का हुआ संग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची ने रविवार को अपने कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान में करने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तरह कुल 74 यूनिट रक्तदान संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया।

शिविर में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान करने वालों को प्राउड डोनर का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया साथ साथ लाइट रिफ्रेशमेंट एवं जूस पिलाया गया। संस्था के अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने कहा अपने खून से अगर किसी का जान बचाया जा सके इससे बढ़कर खुशी किसी और कार्य में नहीं मिलती, जेसीआई रांची के डायरेक्टर ब्लड जेसी अंकित मोदी ने कहा की रक्तदान हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, यह हमें अनेक बीमारियों से बचाता है एवं दूसरों का जान भी बचाता है। इस शिविर को सफल बनाने में जेसीआई रांची के सचिव जेसी तरुण अग्रवाल एवं रजत आनंद, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुगम सरावगी, संकेत सरावगी व अन्य सदस्यों ने सहयोग किया एवं इस शिविर का संचालन रोहित दयानी, यश जालान एवं उमंग ताईवाला ने किया।

## लिटिल एंजेल्स में पुरस्कार समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के पुनदाग स्थित लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सह फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह के विशिष्ट अतिथि पुनदाग क्षेत्र से मैट्रिक पास करने वाले प्रथम ग्रामीण व स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा पायल के दादाजी केडी महतो ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं के साथ बधाईयां दी। समारोह के विशिष्ट अतिथि दशम वर्ग की छात्रा आनिया की दादी हसीना खातून, सप्तम वर्ग के छात्र अनीश रंजन पांडे के दादा भुवनेश्वर पांडे, वर्ग छह के छात्र अर्श की दादी फिरदौस खातून व वर्ग पंचम की छात्रा अनुराधा के दादा जी गौरी शंकर विद्यार्थी ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों और दसवीं कक्षा के सत्र 22-23 के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हम्द व नात के साथ शुरु इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। वहीं, छठे वर्ग के छात्र कार्तिक कुमार ने स्वागत भाषण देकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल में पूरे वर्ष आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी 62 प्रतिभागियों छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर स्कूल के नर्सरी के छात्रों द्वारा भव्य ग्रुप डांस की प्रस्तुति की गई। वहीं, कक्षा एक से चतुर्थ तक के बच्चों द्वारा पंजाबी ग्रुप डांस, कक्षा 7 से दसवीं तक के छात्रों द्वारा हरियाणवी डांस और स्कूल की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नागपुरी डांस की प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**खबर एक नजर में**

### बाजरा बरियातू इटकी रोड में दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन



**रांची।** शिव हनुमान मंदिर (जोड़ा मंदिर) बाजरा बरियातू (आईटीआईबस स्टैंड के निकट) इटकी रोड रांची में धूमधाम से शिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। 18 फरवरी को अखंड श्री हरि कीर्तन,हजारों महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति में भव्य शिव बारात, रात्रि में रुद्राभिषेक एवं शिव पार्वती विवाह एवं रविवार की रात्रि में जागरण,महाप्रसाद वितरण के साथ दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव की समापन हुई। मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रजेश कुमार पाठक एवं उनके सहयोगी जितेंद्र पाठक, रमेश मिश्रा ने विधि विधान से पूजन कराई। इस महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, समाजसेवी शिव किशोर शर्मा एवं पंडरा थाना प्रभारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय वर्मा एवं व्यवस्थापक हृदय नारायण चौधरी ने किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में मुख्यरूप से संतोष कुमार सिंह,अशोक मुंडा, मिथिलेश कुमार,मुक्तिनाथ पाठक,अमित सिंह,रतन गोप, कुंदन वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पत्रकार संजय सिंह को मातृशोक अंतिम संस्कार आज



**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह की माता व स्व राम जनम सिंह की पत्नी सुशीला सिंह का रविवार सुबह करीब 9 बजे निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह दस बजे हरमू मुक्ति धाम में किया जायेगा। शव यात्रा संजय सिंह के कोकर स्थित निवास स्थल से निकलेगी। बताते चलें कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। वे अपने पीछे दो पुत्र प्रभात कुमार सिंह व संजय सिंह और दो पुत्रियों संगीता सिंह व संध्या सिंह के साथ ही भरा-पुरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनके निधन पर कई पत्रकारों व अन्य लोगों ने शोक जताया है।

### रसूल बख्श एक्शन कमिटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** रसूल बख्श एक्शन कमिटी के सौजन्य से रविवार को पीपी कंपाउंड नियर रानी बुटीक के समीप वार्ड नंबर 23 हिन्दपिड़ी रांची में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिंदपिड़ी एवं पीपी कंपाउंड के लोग काफी संख्या में पहुंचकर स्वेच्छा से समाजहित में रक्तदान किया। मौते रक युवा एकता मंच के वरीय पदाधिकारी के साथ सरपरस्त इमरान हसन अतीक उर रहमान आदि ने रक्तदान शिविर में रक्तदान कर रहे लोगों के बीच फल एवं जूस वितरण किया। रसूल बख्श एक्शन कमेटी के मिनाज अनवर ने मौके पर कहा कि हम लोगों का लक्ष्य है कि किसी भी बीमार व्यक्ति को रक्त के अभाव में जान न गंवाना पड़े इसे ध्यान में रख रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर के तहत रक्त संग्रह में सदर हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर पूनम सिंह. बिरसा तिर्की(एमपीएल ) मोहम्मद अमानुल्लाह (एल. टी ) महेंद्र महतो (एल टी ) निशांत कच्छप (एल.ए ) इस अवसर पर रसूल बख्श एक्शन कमेटी के सभी मेंबर मिनहाज अनवर, सुल्तान अहमद, मोहम्मद इमरान, मेराज अनवर,मोहम्मद मसूद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सफीउल्लाह, मोहम्मद अफजल आदि उपस्थित हुए।

## इदरिसिया स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इदरिसिया स्कूल हिंदपीढ़ी रांची में रविवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन झारखंड इदरिसिया दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक मो सईद इदरीसी के निदेर्शानुसार लगाया गया। शिविर में 30 यूनिट रक्त इक्ळा किया गया। आफताब आलम अध्यक्ष गुलजार पंचायत, खालिद उमर, हाजी उमर ने बताया कि इस शिविर का आयोजन झारखंड इदरिसिया दर्जी वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा किया गया है। रक्तदान शिविर में फाउंडेशन के युवाओं ने 30 यूनिट रक्तदान किया। आफताब आलम ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए।

## केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के निर्देश पर डालसा रांची के द्वारा बिरसा मुण्डा, केंद्रीय कारा होटवार, राँची में रविवार को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मिथिलेश कुमार सिंह ने विधि की जानकारी दी। वहीं दिग्विजयनाथ शुक्ला, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, ने अभिवाक सौदेबाजी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटे अपराध में जेल में संसीमित बंदी अपना आवेदन संबंधित न्यायालय को समर्पित कर कारा मुक्त हो सकते है। वहीं शम्भू महतो, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, ने उपस्थित बंदियों को कानून की जानकारी एवं उनकी समस्या का समाधान के बारे में बताया। कार्यक्रम को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के सचिव श्री राकेश रंजन ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जो अपना पक्ष माननीय न्यायालय में रखने में आर्थिक रूप से कमजोर है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क कर सरकारी अधिवक्ता ले सकते हैं।

# खाटू धाम में श्री श्याम निशान यात्रा धूमधाम से संपन्न

## श्याम परिवार रांची के सदस्यों ने जीण भवानी, सालासर बालाजी धाम व रानी सती झुंझुनू धाम में भी किया दर्शन-पूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम परिवार, रांची के तत्वाधान में खाटू धाम, राजस्थान के लिए श्री श्याम निशान यात्रा बड़े ही धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। विगत 14 फरवरी 2023 को निशान यात्रा में 51 निशान धारकों ने रींगस से रात्रि पूजन, भजन एवं संकीर्तन कर निशान यात्रा आरंभ की। निशान धारकों ने रींगस से 17 किलोमीटर खाटू धाम तक पैदल चल कर यात्रा की। रास्ते में भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु की भक्ति में मगन, हाथों में निशान लेकर नाचते हुए तथा प्रभु भजन गाते हुए बाबा श्री श्याम तथा श्री हनुमान जी को निशान अर्पित किया और प्रभु श्री श्याम तथा श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

संस्था के प्रचार प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि श्याम परिवार के सदस्यों ने श्री जीण भवानी, श्री सालासर बालाजी धाम एवं श्री रानी सती झुंझुनू धाम का दर्शन पूजन कर सवामणि का भोग अर्पण कर सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान अध्यक्ष श्रवण जालान, मंत्री मंटू जालान, कोषाध्यक्ष कमल जालान सपरिवार तथा श्री श्याम परिवार के सदस्य महेश सेन, रंजीत गाड़ोदिया, प्रकाश दलानीया सपरिवार, मनोज अग्रवाल सपरिवार, अरविंद मंगल सपरिवार, जयदीप राज, पवन शर्मा, उपेंद्र तिवारी, राजेश अग्रवाल, श्रीमती सीमा अग्रवाल आदि श्री श्याम परिवार के सदस्यों ने प्रभु दर्शन व पूजन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अगले वर्ष पुनः निशान यात्रा में आने की प्रार्थना की।

## प्रणामी ट्रस्ट के अन्नपूर्णा भंडारे में 1800 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** धार्मिक संस्था एम. आर. एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंदिर परिसर में संस्था के सदस्यों एवम समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनों की ओर से 74 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। इसमें का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इसमें 1800 से अधिक श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा भंडारे के रुप में कचौड़ी, पूरी, खीर, आलू काबुली चना मटर मिश्रित सब्जी तथा वेजिटेबल पुलाव बतौर प्रसाद वितरित किया गया।

मौके पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ, महिला समिति की मंगली मोदी, सुनीता केडिया एवं बबिता गुप्ता आदि शमिल थे। संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने यह जानकारी दी। बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों व अन्य सदस्यों में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी, ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, पवन पौद्दार (ताउ) ज्ञान प्रकाश शर्मा, महेश बर्मा, चन्द्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या मंगला मोदी, सुनीता अग्रवाल, सुनीता केडिया, बबीता गुप्ता आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

सुरक्षा देनेवाले सैफ के जवान बने मास्टर साहब...

# बाल सुधार गृह केंद्र में किशोर बंदियों को मिल रहा है शिक्षा का दान

## सुरक्षा के साथ-साथ हो रही दो-दो घंटे की क्लास

कुबेर सिंह

**रांची।** कहीं आपने देखा है कि सुरक्षा करनेवाले हाथ मास्टर साहब बन गए हैं। लेकिन, झारखंड में अब इसकी बयार बह चुकी है। बचपन में जिन हाथों में चाकू, तमंचा पकड़ कर गुनाह किया है, अब उन्हें ही शिक्षित करने के लिए झारखंड के राज्य बाल सुधार गृह केंद्र में सुरक्षाकर्मी किशोर बंदियों के बीच ज्ञान का प्रकाश फैलाने में जुट गए हैं। मालूम हो कि रिमांड होम में सैफ के जवानों ने राइफल के साथ- साथ कलम भी पकड़ लिया है। सैफ के जवान अब चहारदीवारी के बीच क्लास लगा रहे हैं। अब बच्चे उन्हें सिपाही नहीं, बल्कि मास्टर साहब के नाम से पुकारने लगे हैं। ज्ञान ज्योति की इस सफर की शुरूआत डुमरदगा के बाल सुधार गृह से हो चुकी है।

### कहते हैं- चाकू तुमने गलती से उठाई होगी, अब बन जाओ जिम्मेदार नागरिक




### उम्र के हिसाब से दी जा रही शिक्षा

हत्या, दुष्कर्म, लूट, चोरी और छिनतई के आरोप में बाल सुधार गृह पहुंचे किशोरों में बेहतर जीवन जीने की ललक जाग रही है तो प्रशासन ने एक कदम और आगे बढ़कर उन बच्चों का भविष्य संवारने में जुट गई है। बाल बंदियों को सुधार गृह में कॉपी, किताब, पेन उपलब्ध कराने में जुट गई है। यहीं नहीं, उन बंदियों को यह सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। इतना ही नहीं, उम्र के हिसाब से बच्चों का क्लास भी बांट दिया गया है।

### दो-दो घंटे की हो रही है क्लास

बाल सुधार गृह में तैनात सुरक्षाकर्मी दो-दो घंटे की क्लास हर दिन ले रहे हैं। बकायदा इसके लिए प्रतिदिन का रूटीन भी बनाया गया है। हॉल में पहुंचने के बाद प्रार्थना होती है और उसके बाद क्लास लगती है। क्लास में सभी तरह के विषयों की पढ़ाई होती है।

### कर्नल बने हैं हेडमास्टर

अपनी ड्यूटी के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और झारखंड में नक्सलियों को लोहे के चने चबाने वाले कर्नल जेके सिंह ने झारखंड के बाल सुधार गृह में बंद किशोरों के जीवन को सुधारने का जिम्मा उठाया है। झारखंड के 12 बाल सुधार गृहों में से से छह की जिम्मेदारी कर्नल जेके सिंह के कंधों पर है। असल में बाल बंदियों ने कर्नल से कहा था कि अब वे पढ़ना चाहते हैं, इसलिए बाल बंदियों के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई है।

### अपराध की काली दुनिया नहीं, शिक्षा को बनाना है हथियार

अपराध की बेहद काली दुनिया से तौबा कराने के लिए इन जवानों के द्वारा शिक्षा को हथियार बनाने की नसीहत बच्चों को दी जा रही है। जवानों के इस जज्बे को लेकर कारा आईजी द्वारा भूरि-भूरि सराहना की जा रही है। यूं तो कहा जाता है कि अपराध की दुनिया में जो कदम रख दे, उसका मुख्यधारा में वापस लौटना असंभव हो जाता है। जब कोई युवक अपराध करता है और वह जेल की सलाखों के पीछे पहुंचता है तो उसके भविष्य के सपने चकनाचूर हो जाते हैं। जुर्म की शुरूआत यदि बालपन अवस्था में हुई तो मुश्किलें और ज्यादा हावी हो जाती है। अपराध बोध से निकलने के लिए शिक्षा ही एकमात्र विकल्प बच जाता है।

# साइकोग्राफी सोसाइटी से 10 साल में जुड़े एक लाख विद्यार्थी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साइकोग्राफी सोसाइटी के 10 साल पूरे होने पर रविवार को शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होटल एवीएन ग्रेंड में आयोजित सम्मान समारोह में शहर के जाने माने कोचिंग संस्थानों के शिक्षक और स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए। बताया गया कि इन 10 सालों में लगभग एक लाख विद्यार्थी साइकोग्राफी सोसाइटी से जुड़े। बताते चलें कि विकास कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2013 में रांची में साइकोग्राफी सोसाइटी की स्थापना की गई थी। इसके बाद आईआईटी, जेईई मेन, जेईई अडवांस, नीट और आदि के लिए विद्यार्थियों को सही दिशा देती रही। सम्मान समारोह में राज्य के शिक्षकों के अलावा कई वरिष्ठ पत्रकार भी शामिल हुए।

**झारखंड के विद्यार्थी काफी मेहनती : विकास कुमार**

साइकोग्राफी सोसाइटी के निदेशक विकास कुमार ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थी काफी मेहनती हैं। सिर्फ कोटा से ही विद्यार्थी नहीं, बल्कि झारखंड और रांची के विद्यार्थी भी टॉप कर रहे हैं। साइकोग्राफी सोसाइटी पिछले 10 वर्षों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहा है। उनकी पढ़ाई को लेकर काउंसिलिंग करते आए हैं। शिक्षकों का सम्मान इसलिए किया क्योंकि विद्यार्थियों के जीवन में सहीं मार्गदर्शन में इन का अहम योगदान रहता है।

## प्राइवेट स्कूलों के स्टूडेंट्स के रजिस्ट्रेशन में बैंक खाता की बाध्यता खत्म करे सरकार

**रांची।** पासवा (प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिशन) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से आग्रह किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि ई-विद्या वाहिनी पोर्टल में ऐसे स्कूलों के बच्चों को रजिस्टर्ड करने में उनका बैक एकाउंट नंबर और आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है। बगैर एकाउंट नंबर के उसका नाम ई-विद्या वाहिनी पोर्टल में रजिस्टर होना संभव नहीं। रजिस्टर नहीं होने पर स्कूलों के संचालन पर भी असर पड़ेगा। चूंकि प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को किसी तरह की सरकारी राशि नहीं मिलती। ऐसे में स्कूलों के पास बच्चों का एकाउंट नंबर भी सामान्य स्थिति में नहीं रहता। यहां तक क्लास वन-टू में पढ़ने वाले छोटे बच्चों का तो आधार कार्ड भी नहीं बना होता। इस स्थिति को देखते ई-विद्या वाहिनी पोर्टल के रजिस्ट्रेशन में बच्चों का अकाउंट और आधार नंबर अनिवार्य ना किया जाये।

घटना जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग इलाके की, एसयूवी जब्त, एक हिरासत में

# सूचना देने पर भी पुलिस नहीं हुई सक्रिय हमलावरों ने परिवार पर कर दिया हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस को हमले की सूचना देने के बाद भी जगन्नाथपुर पुलिस नहीं चेती। पुलिस को ढीला देख अपराधियों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हेसाग इलाके की है। बताया जाता है कि दस की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने एक घर पर हमला कर दिया। हमलावर निखिल सिंह और तन्मय सिंह को खोज रहे थे। हमले की जानकारी जगन्नाथपुर थाने की पुलिस को दे दी गई। जानकारी मिलते ही जगरनाथपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई।

मामला हेसाग इलाके की विशाल नगर रोड नंबर दो का है।




बताया जाता है कि कल शिवरात्रि को लेकर आपसी विवाद हुआ था। हमलावर एक्सयूवी कार से भारी संख्या में लाठी-डंडे, चाकू और हथियार के साथ निखिल सिंह और तन्मय सिंह के घर पहुंचकर हमला बोल दिया था। निखिल सिंह और तन्मय सिंह के चाचा सोहन सिंह ने बताया कि हमलावरों ने घर के महिलाओं के साथ हाथापाई की और मारने की धमकी दे रहे थे।

हालांकि इस मामले की जानकारी जगरनाथपुर थाने की पुलिस को पहले दी गई थी, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई नहीं की। पीड़ित तन्मय सिंह के परिवार वालों ने इस मामले की लिखित शिकायत जगरनाथपुर थाने में की थी, लेकिन समय रहते पुलिस ने कार्यवाई नहीं की जिसका नतीजा यह है कि आज हमलावरों ने लाठी डंडा, चाकू और हथियार से तन्मय सिंह के घर पर हमला कर दिया। हमले में दो लोग जख्मी हो गए। वहीं हमलावरों ने घर के महिलाओं के साथ मारपीट की।

### परिवार वालों ने पुलिस पर उठाए सवाल

इस मामले में तन्मय सिंह के परिवार वालों ने जगन्नाथपुर थाने की पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो हम सभी को यह दिन देखने का नहीं मिलता। जगन्नाथपुर थाने की पुलिस चंदन यादव के साथ मिले हुए हैं और उनका बचाव कर रहे हैं।

### घटना का मास्टरमाइंड है चंदन यादव

मामले में पुलिस ने एक एसयूवी 500 कार और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। परिवार वालों ने बताया कि इस हमलावर का मास्टरमाइंड चंदन यादव है और चंदन यादव के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं गोलू ने व्हाट्सएप पर जान से मारने का धमकी दिया था, बोला था कि यदि जिंदा रह गया तो मैं तुम सबको खत्म कर दूंगा। मामले में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई है।

# विदेशी मेहमान आ रहे हैं राजधानी रांची,सड़कों में बने गड्ढे कब भरेंगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी सह संविधान रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरजीत मिर्धा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि रांची में 2 और 3 मार्च को जी-20 समिट का आयोजन होने जा रहा है। देश-विदेश के करीब 170 प्रतिनिधि आएंगे। ऐसे में रांची सुंदर दिखे, इसके लिए एक तरफ तो रंग-रोगन, दीवार पेंटिंग युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, लेकिन सड़क पर ध्यान किसी का नहीं है। जिन सड़कों को सिर्फ छोटी-मोटी मरम्मत से ठीक की जा सकती है, उस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अंडरग्राउंड केबुल के काम होने के बाद सड़क में गड्ढे छोड़ दिये गये, जिसे भरने का काम नहीं किया गया। ऐसे ही एक सड़क राजधानी के अलबर्ट एक्का से चडरी होकर रिम्स जानेवाली महत्वपूर्ण रूट है। अलबर्ट एक्का चौक के बाद से ही इस सड़क को खोदकर बड़े-बड़े गड्ढे और फिर मिट्टी सड़क में ही छोड़ दिया गया। आये दिन एंबुलेंस यहां जाम में फंसती है। उन्होंने रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा से मांग की है कि सड़क मरम्मत करा दी जाये, ताकि विदेशी मेहमानों में रांची की सड़कों और साफ-सफाई को लेकर अच्छा मैसेज पहुंचे।

## फेमिना मिस इंडिया की रनर-अप मान्या सिंह पहुंची इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून



**रांची।** बिग बॉस-16 की कंटेस्टेंट और फेमिना मिस इंडिया 2020 की रनर-अप रहीं मान्या सिंह रविवार को हरमू बाईपास रोड स्थित इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून पहुंची। मौके पर सैलून की संचालिका अनामिका सिंह ने उनका स्वागत किया। मान्या सिंह ने संचालिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून में ग्राहकों को ब्यूटी सैलून से जोड़ी सेवाएं दी जा रही है। पॉकेट फ्रैंडली होने के कारण महिलाएं और पुरूष इसकी सेवा ले सकते हैं। सैलून की संचालिका अनामिका सिंह ने बताया कि इल्यूजन यूनिसेक्स सैलून पूरी तरह वातानूकूलित है। सैलून में ब्राइडल मेकअप सबसे खास है। फरवरी माह तक ग्राहकों को पैकेज के आधार पर कई ऑफर दिये जायेंगे।

# यूडीसी पत्राचार कार्य विभाग अध्यक्ष चुने गये विजय कुमार




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित महासंघ (यूडीसी पत्राचार कार्य विभाग) का चुनाव रविवार को सेक्टर-3, धुर्वा में मुख्य संरक्षक किशोर कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुआ। चुनाव में अध्यक्ष विजय कुमार एवं महासचिव रिंकु शरण श्रीवास्तव चुने गये। बाद में अध्यक्ष की अनुमति से सचिव, कोषाध्यक्ष, वरीय उपाध्यक्ष, पांच उपाध्यक्ष, पांच संयुक्त सचिव, 14 संगठन सचिव, दो मीडिया प्रभारी, दो प्रवक्ता के साथ कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया।

नवनिवार्चित अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि महासंघ का उद्देश्य पत्राचार संवर्ग के कर्मचारियों का हक दिलाना है। इसमें जनवरी 1996 से वेतनमान 4500-7000 रुपये का लाभ दिलाना मुख्य है। इसके साथ ही कार्मिक विभाग की संकल्प संख्या 1749 में संशोधन के साथ कार्यालय अधीक्षक/ प्रधान सहायक के पद पर रुकी हुई प्रोन्नति का लाभ दिलाना है।

## आरोपी को सजा दिलाने वाले मामलों की सूची तैयार कर रही है पुलिस

**रांची।** पुलिस में अनुसंधान के स्तर को सुधारने के लिए अब वैसे कांडों की सूची तैयार हो रही है, जिसमें पुलिस या जांच एजेंसियों ने बेहतर अनुसंधान कर आरोपी को सजा दिलायी हो। आईटीएस ऐसे कांडों की सूची तैयार कर रही है। सूची तैयार होने बाद इसे केस स्टडी के तौर पर ट्रेनिंग सिलेबस में शामिल किया जायेगा। झारखंड पुलिस की आईटीएस पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों आपराधिक मामलों के साथ-साथ आर्थिक अपराध, साइबर अपराध के नयी पहलुओं पर भी ट्रेनिंग के लिए केस स्टडी की तलाश कर रही है।

**केस स्टडी के लिए एकत्र की जा रही जांच रिपोर्ट** : राज्य के जिलों में पुराने या फिर हाल के दिनों की जांच रिपोर्ट को केस स्टडी के लिए एकत्र की जा रही है, जिनमें पुलिस ने बेहतरीन अनुसंधान के बल पर अपराधियों को सजा दिलाई हो। ऐसे ही मामलों की लिस्ट बनाकर उसकी जांच रिपोर्ट ट्रेनिंग स्कूल में जमा की जा रही है, ताकि जो अफसर पढ़ने के लिए आये उनके ट्रेनिंग को बेहतर करने के लिए यह केस स्टडी काम आये।

खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। उल्लेखनीय है कि चंद्रपुरम पोन्नूस्वामी राधाकृष्णन ने बीते शनिवार को झारखंड के 11वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली है। इसके बाद से राजनीतिकों का उनसे मिलने का सिलसिला जारी है।

### डीजीपी से मिले सामाजिक कार्यकर्ता

**रांची/हजारीबाग।** झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी एके सिंह से रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता डॉ देवेंद्र सिंह देव ने मुलाकात की। डॉ देव ने आशा जताते हुए कहा कि आपके सहयोग से अब पुलिस पब्लिक की दूरी खत्म होगी। वहीं डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि मैं किसी भी सामाजिक जनहित कार्य में जनता के साथ हूं। किसी भी सामाजिक जनहित के कार्य में आपकी मदद करूंगा। डॉ देव ने डीजीपी से हजारीबाग थाने का कायाकल्प करने का भी अनुरोध किया। डीजीपी ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# मीडिया कप पर अमानत की टीम ने जमाया कब्जा

## राजेश सिंह बने मैन ऑफ द मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब का मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को बीएयू ग्राउंड पर स्वर्णरेखा और अमानत टीम के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में अमानत की टीम ने शानदार बल्लेबाजी की और स्कोरबोर्ड पर एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। अमानत की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में तीन विकेट खोकर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वर्णरेखा टीम नौ विकेट खोकर 119 रन ही बना पाई और 24 रनों से मैच हार गई। फाइनल मैच में अमानत टीम ने बाजी मारते हुए मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमाया।




### अमानत टीम ने की शानदार बल्लेबाजी

रांची प्रेस क्लब के तरफ से खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अमानत की टीम ने शानदार बल्लेबाजी की और अपने 16 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 143/3 रन बना दिए। अमानत टीम की तरफ से सलामी बल्लेबाज रुपेश नारायन ने शानदार नाबाद पारी खेली और मात्र 44 गेंदों में 55 रन बनाए। वहीं टीम के दूसरे सलामी बल्लेबाज राजेश कुमार सिंह ने 34 रन बनाए। अंत के ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे अमित सिंह ने ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए मात्र 14 गेंदों में 29 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने 5 बेहतरीन चौके भी जड़े।

### जानिए मैच का हाल

अमानत की टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में धमाल मचाया। 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वर्णरेखा की टीम टारगेट का पीछा करने में नाकाम रही और टीम अपने 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 119 रन ही बना पाई। अमानत टीम के सफल गेंदबाज रहे राजेश कुमार सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं, मोकर्रम अंसारी ने शानदार गेंदबाजी की और 3 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए। फाइनल मैच में 34 रन बनाने और 3 विकेट झटकने वाले राजेश कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। सकरी के बैट्समैन मोनू को मैन ऑफ द सीरिज का खिताब मिला। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र महतो और पूर्व इंडियन क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने विजयी प्रतिभागियों को कप प्रदान किया।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंद्रजीत-भोला साहू की जोड़ी विजेता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान चिल्ड्रेन पार्क में रविवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस बैडमिंटन टूर्नामेंट में रांची के विभिन्न इलाकों से 123 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैच डबल्स की कराई गई थी। इस टूर्नामेंट में इंद्रजीत और भोला साहू की जोड़ी विजेता रही। आयुष और प्रतापराव की जोड़ी फस्ट रनर अप रही। सेकंड रनर अप दामोदर श्याम और अमित प्रसाद की जोड़ी रही। सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अशोक कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से समाज में एकजुटता आती है।

कार्यक्रम में मॉर्निंग क्लब मोरहाबादी की भूमिका अहम रही। मौके पर श्री राम सिंह, मुकेश प्रसाद, राहुल बच्चन, आतिश अग्रवाल, कुंज बिहारी, सुशील कुमार, अमित प्रसाद उपस्थित थे।

# सफेद सोने की खान

**ज**म्मू-कश्मीर में पहली बार लीथियम के बड़े भंडार का मिलना देश का जैकपॉट लगने जैसा है। भारी वैश्विक मांग के चलते इसे सफेद सोने की संज्ञा दी जाती है। जिसकी असली वजह लीथियम का जीवन को पर्यावरण अनुकूल तरीके में ढालने में मददगार होना है। जो स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक कार व पेसमेकर जैसे चिकित्सा उपकरणों में इस्तेमाल बैटरी में बेहद उपयोगी है। उल्लेखनीय है कि लीथियम-आयन बैटरी बनाने वाले शख्स को इस खोज के लिये नोबेल पुरस्कार मिला था। भारत अपनी जरूरत के लिये लीथियम अधिक उपलब्धता वाले देश आस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना से मंगाता रहा है। दुनिया में अब तक जिन देशों बोलविया, अर्जेंटीना व चिली में लीथियम बड़ी मात्रा में पाया गया है, उसे हासिल करने में दुनिया के शक्तिशाली देशों व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में होड़ लगी है। इसके खनन से उत्पन्न पर्यावरणीय संकट के खिलाफ इन देशों में जनाक्रोश में वृद्धि हुई है। वहां खनिज संपदा के लोकतंत्रीकरण व जनभागीदारी की बात कही जा रही है। लेकिन यह स्पष्ट है कि देश में लीथियम के विशाल भंडार मिलने के बाद औद्योगीकरण व विकास को नई दिशा मिलेगी। निश्चय ही इससे मोबाइल फोन व लैपटॉप उद्योग को भी संबल मिलेगा। करीब साठ लाख टन के इस विशाल भंडार मिलने से देश के इलेक्ट्रिक कार उद्योग में खासा उत्साह है। इससे देश को डीजल व पेट्रोल की गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिल सकेगी। वहीं भारत द्वारा ग्लोबल वॉर्मिंग को कम करने के लिये किये गये वायदे को पूरा करने में यह सहायक होगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसके बाद दशक के अंत तक देश में इलेक्ट्रिक कारों के निर्माण में तीस प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकेगी। यह खोज विश्वास किया जा रहा है कि बदलावकारी परिणाम दे सकती है।

# सही निर्णय

**आ**खिरकार केंद्र सरकार ने वोडाफोन आइडिया में 33 फीसदी हिस्सेदारी लेने का निर्णय ले ही लिया है। इसके साथ ही वह वित्तीय संकट से जूझ रही इस दूरसंचार कंपनी में 33 फीसदी की हिस्सेदार बन जाएगी। प्रथमदृष्टया यह सकारात्मक घटना लगती है। बहरहाल, सरकार ने इस निर्णय को लेने में जो देरी की उसने दूरसंचार कंपनियों और इस क्षेत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया है। ब्याज को शेयर में बदलने के पीछे विचार यही है कि दूरसंचार उद्योग को दो कंपनियों के बीच रह जाने से बचाया जा सके क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो उपभोक्ताओं के लिए अच्छे परिणाम नहीं होंगे। परंतु सरकार के निर्णय में देरी के कारण दूरसंचार उद्योग के मन में दो कंपनियों के दबदबे का डर घर कर गया। ऐसा मोटे तौर पर इसलिए हुआ कि बीते कुछ महीनों में इस दूरसंचार कंपनी के ग्राहक काफी बड़ी तादाद में दूसरी कंपनियों के पास चले गए। कंपनी 5जी सेवाओं की दिशा में भी कोई प्रगति नहीं कर सकी है जबकि अन्य कंपनियां तेजी से 5जी में प्रवेश कर रही हैं। इसके अलावा इसके नेटवर्क में निवेश भी नाममात्र का ही रहा है और उसकी नकदी की स्थिति भी खराब हुई है तथा कंपनी अपने वेंडर्स का भुगतान करने में भी अक्षम रही है। फंड जुटाने की कंपनी की कोशिशें भी निष्फल रहीं क्योंकि सरकार द्वारा हिस्सेदारी नहीं लेने के कारण बाहरी निवेशक भी कंपनी पर भरोसा नहीं कर पा रहे थे। अत्यधिक उलझन की स्थिति तब बन गई जब दूरसंचार विभाग ने यह शर्त रख दी कि वोडाफोन आइडिया के प्रवर्तकों को पहले रकम जुटानी होगी उसके बाद ही 16,133 करोड़ रुपये मूल्य के ब्याज को सरकारी हिस्सेदारी में बदला जाएगा। कंपनी को निर्देश दिया गया कि वह 10 रुपये प्रति शेयर के मूल्य से शेयर जारी करे। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ब्याज को शेयर में बदलने का निर्णय वोडाफोन आइडिया के संयुक्त साझेदारों में से एक बिड़ला द्वारा यह स्वीकार करने के बाद लिया गया कि कंपनी में नई पूंजी डाली जाएगी।

# ग्रीन एनर्जी में दुनिया का रास्ता दिखाता भारत




**भारत** में मजबूत लोकतंत्र है जिसकी दुनिया में साख है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं। अनुमान है कि साल 2022 तक भारत 175 गीगावाट ऊर्जा हरित साधनों से पैदा करेगा और 2030 तक यह साढ़े चार सौ गीगावाट तक पहुंच जाएगी। भारत हरित विश्व व्यवस्था का मुखिया बन सकता है। भारत ने पेरिस सम्मलेन के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कूटनीति की जो शुरूआत की, उसमें उसे बड़ी सफलता हासिल हुई है।

अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर किया है कि आखिर कब तक इंसान प्रकृति का दोहन करते हुए उसके साथ खिलवाड़ करता रहेगा। सबसे ज्यादा तो यह दुनिया के उस देश में हो रहा है जो प्रकृति का दोहन कर पिछली एक सदी से दुनिया का मठाधीश बना हुआ है। जब पूरी दुनिया हरित उर्जा की बात कह रही थी, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश के एक प्रतिष्ठित उद्योग घराने को बंद कमरे में यह विश्वास दिला रहे थे कि कार्बन जनित ईंधन पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। अपने देश में गैस के अकूत भंडार मिलने के बाद अमेरिका की नीयत बदल गई है। खाड़ी देशों में 1945 से चली आ रही अमेरिकी घुसपैठ थम गई है। अमेरिका तेल की जगह अपनी गैस के जरिए आर्थिक ढांचे को बढ़ाने की कोशिश करेगा, अर्थात हरित ऊर्जा को अभी भी वह खास अहमियत नहीं दे रहा।

नई विश्व व्यवस्था की बात पिछले एक दशक से चल रही है। माना जा रहा है कि शक्ति का हस्तांतरण अब पश्चिम से पूर्व की ओर होगा। जाहिर है, एशिया ही नई वैश्विक व्यवस्था के केंद्र के रूप में उभरने की ओर है। चीन पूरी तरह से नेतृत्त्व की तैयारी में जुटा है। उसने साल 2035 तक का खाका तैयार भी कर लिया है। तब तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति बन जाएगा। लेकिन चीन की सोच के अनुसार दुनिया बदलती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

कोरोना महामारी फैलाने के आरोप को लेकर पिछले सात महीनों में चीन को लेकर जो संदेह गहराता जा रहा है, उससे उसका वैश्विक स्वरूप खंडित हुआ है। यूरोप के ज्यादातर देश जो उसके हिमायती हुआ करते थे, वही अब उससे सवाल पूछ रहे हैं। पूर्वी एशिया के पड़ोसी भी चीन के व्यापार और सैन्य विस्तार को बड़े खतरे के रूप में देख रहे हैं। भारत के साथ गलवान घाटी में संघर्ष को हवा देकर चीन अपनी आतंरिक करतूतों को ढकने में लगा है। इसलिए एक सामरिक विस्तार जो दुनिया में मठाधीश बनाने के लिए जरूरी था, वह अब दम तोड़ रहा है।



-सतीश कुमार

> यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं।

दुनिया में महाशक्ति बनने के लिए कई गुणों की जरूरत पड़ती है। इनमें दो गुण विशेष हैं। पहला, ऐसा देश जो दुनिया के किसी भी हिस्से में सैन्य दखल की क्षमता रखता हो, और दूसरा यह कि जिसके पास दुनिया के किसी भी हिस्से में पमाणु मिसाइलें दागने की ताकत हो। अमेरिका इन दोनों ही क्षमताओं से युक्त है, लेकिन उसकी तुलना में चीन को अभी इतनी ताकत हासिल करने के लिए वक्त लगेगा। ऐसे में जिस नई वैश्विक व्यवस्था की संभावना बन रही है और जिसकी पूरी दुनिया को जरूरत है, वह हरित विश्व व्यवस्था की है। इसमें जो बाजी मार ले जाएगा, वही दुनिया का नया बादशाह बनेगा। लेकिन सवाल है कि यह क्षमता है किस देश के पास? अमेरिका इस श्रेणी से पहले ही से बाहर है।

क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस संधि को नकारने के बाद अमेरिका कभी भी हरित विश्व व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकता, न ही दुनिया उसके नेतृत्व को स्वीकार करने वाली है। दूसरा देश चीन है। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में हरित उर्जा में अद्भुत क्षमता विकसित कर ली है। 2018 में सौर ऊर्जा के जरिए चीन ने एक सौ अस्सी गीगा वाट ऊर्जा उत्पन्न कर बड़ी-बड़ी बसें और ट्रक भी सौर ऊर्जा से चलाने में कामयाबी हासिल कर ली। पवन ऊर्जा में भी वह आगे है। लेकिन इतना कुछ होने के बावजूद हरित विश्व के रिकॉर्ड में चीन काफी नीचे है। इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि देश के भीतर तो चीन हरित ऊर्जा की वकालत करता है, लेकिन बाहरी दुनिया में वह जम कर कार्बन जनित आर्थिक व्यवस्था को अहमियत दे रहा है। पिछले कई सालों से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों में वह कोयले का जम कर इस्तेमाल कर रहा है, जिससे इन देशों में प्रदूषण की समस्या गंभीर बनती जा रही है। चीन दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कोयला उत्पादन क्षेत्रों को खरीद चुका है। सबसे बड़ा कोल उत्पादक देश होने के बावजूद कोयले का सबसे बड़ा आयातक देश भी चीन ही है। अर्थात अपने लिए स्वच्छ और हरित ऊर्जा और दूसरों के लिए कार्बन का ढेर। यह नीति तर्कसंगत नहीं है। आने वाले दो दशकों तक चीन के कार्बन उत्पादन में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं आने वाला।

यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं। लेकिन ये देश इतने छोटे हैं कि ये हरित वैश्विक व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकते। फ्रांस के साथ तकरीबन सड़सठ देशों ने इसमें शिरकत की और साझेदार बन गए। सौर ऊर्जा क्षेत्र में अगुआई के लिहाज से यह बड़ा हासिल रहा। दूसरा यह कि भारत में हरित उर्जा के अन्य स्त्रोत भी उपलब्ध हैं। मसलन पवन ऊर्जा, बायोमास और छोटे-छोटे पनबिजली संयंत्र। ऊर्जा का जलवायु परिवर्तन से सीधा संबंध है। प्राकृतिक आपदाओं के पीछे बड़ा कारण धरती और वायुमंडल में कार्बन की बढ़ती मात्रा है। पिछले दो सौ सालों में कल-कारखानों से निकली जहरीली गैसों के कारण प्रकृति में कार्बन की मात्रा बढ़ी है। इसके लिए सबसे ज्यादा दोषी यूरोप के औपनिवेशिक देश और बाद में अमेरिका रहा है।

भारत की प्राचीन आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से प्रकृति जनित और उस पर आधारित थी।

## खास बात

### हेमंत अच्छे लीडर

**राजेश कुमार**

**झारखंड** के राज्यपाल रमेश बैस का सीएम हेमंत सोरेन को अच्छा लीडर बताने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसे में जाते-जाते हेमंत सोरेन की यूं बड़ाई कर उन्होंने कोई औपचारिकता नहीं निभाई। बल्कि इससे राज्य की जनता को रू-बरू भी कराया। राज्यपाल महोदय ने यह भी माना कि पिछले छह माह के दौरान राज्य में बहुत काम हुए हैं।

राज्यपाल के इस वक्तव्य की काफी चर्चा हो रही है। हालांकि राज्यपाल महोदय ने इस टकराव की बात को खारिज किया व कहा कि टकराव वहां होता है, जहा इगो होता है, जबकि हमारी सोच हमेशा से सकारात्मक रही है। जाने के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने प्रेस-मीडिया को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल की बहुत सारी जानकारियां साझा की। इस दौरान उन्होंने आफिस ऑफ प्रोफिट मामले पर भी खुलकर बात की और राज्य की हेमंत सरकार के प्रति नरम रूख का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उनकी कभी भी राज्य में हेमंत की सरकार को अस्थिर करने की मंशा नहीं थी। जबकि ऐसा होता, तो कब का सरकार को बर्खास्त करने का आर्डर पास कर देता, परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। अपने वक्तव्य में राज्यपाल महोदय ने मुख्यमंत्री का बचाव करते हुए सरकार और ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री अच्छे लीडर हैं, पर उनके मंत्रीगण और अधिकारियों के पास कोई वीजन नहीं है। ऐसा कह कर उन्होंने सीएम को इस बात की ओर भी इशारा किया कि वे राज्य को अपनी सोच और वीजन से संवारने का काम करें। राज्यपाल ने अपने वक्तव्य में सीएम हेमंत सोरेन को और भी कई सलाह दी साथ ही कहा कि यदि सही सोच और विजन से राज्य में काम होता, तो यह राज्य विकसित होगा, चूंकि झारखंड में विकसित राज्य बनने के सारे पैमाने मौजूद है।

बहरहाल राज्यपाल महोदय के इन वक्तव्यों और सुझावों को सरकार, सरकार में शामिल गठबंधन दल और राज्य के अधिकारीगण क्या मायने निकालते हैं, यह आने वाला वक्त बतायेगा। वैसे राज्यपाल का महाराष्ट्र जाना सत्ता के हिसाब से उनका कद बड़ा होना ही है।

# सहज अनुभव


## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंद सरस्वती**

**जब** मैं छह साल का था तो मुझे एक सहज आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जिसके दौरान मैं काफी समय तक अपने शरीर से पूरी तरह अनजान रहा। जब मैं दस साल का था, तब वही हुआ था, लेकिन इस बार मैं सोचने और तर्कसंगत बनाने के लिए काफी पुराना था, और मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया। वे समझ नहीं पाएं और मुझे डॉक्टर के पास ले जाना चाहते थे , लेकिन सौभाग्य से उस समय हमारे क्षेत्र में कोई डॉक्टर नहीं था। वहाँ अगर सुविधा होता तो , शायद मैं एक मानसिक अस्पताल में समाप्त हो गया होता। लेकिन चीजें जो वे थीं, मुझे उपचार से गुजरना नहीं पड़ा और उन्हें छोड़ दिया गया। मेरे पिता को वेदों और अपने गुरु के लिए बहुत सम्मान था। एक दिन यह गुरु मेरे पैतृक शहर का दौरा करने गया, तो मेरे पिता मुझे अपने पास ले गए और उनसे मेरे बारे में सलाह ली। ऋषि ने उनसे कहा कि मुझे आध्यात्मिक अनुभव हुआ है और आध्यात्मिक जीवन जीने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मेरे पिता ने अपने गुरु की बात मानी और मेरे अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की। इस प्रकार कम उम्र में ही मैं आध्यात्मिक खोज के लिए समर्पित हो गया।

मेरा परिवार हिंदू था, और हिंदू धर्म में दो परंपराएं हैं: एक मूर्तियों की पूजा में विश्वास करता है और दूसरा यह कि ईश्वर निराकार है। मेरा परिवार उत्तरार्द्ध का था, लेकिन फिर भी मैं अक्सर सभी विभिन्न देवताओं के चित्रों को देखता था और उनके बारे में आश्चर्य करता था।

## कॉर्टून वर्ल्ड



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

-राजेश चौहान, जमशेदपुर

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

– सुनील सिन्हा, हजारीबाग

**जम्मू-कश्मीर** को चाहिए रोजगार, बेहतर व्यापार और प्यार, मगर उन्हें मिला क्या? भाजपा का बुलडोजर! कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।

– राहुल गांधी

## रोचक ट्वीट

**महाशिवरात्रि** के पावन अवसर पर ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में भव्य शिव बारात में शामिल हुआ। सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं। हर हर महादेव!

– हेमंत सोरेन, सीएम





**प्रत्येक** कार्य निष्ठा व एकाग्रतापूर्वक करें। जीवन लक्ष्य के प्रति सजगता और निश्चयात्मक बुद्धि से आत्म सामर्थ्य का जागरण होता है, और आत्म जागरण ही जीवन के उन्नयन का मूल है।

– अवधेशानंद गिरी

# जब धींगरा की धमक से दहल उठा था लंदन

-डॉ. आनंद सिंह राणा

## संस्मरण

महारथी मदन लाल धींगरा की जन्मतिथि को लेकर विभिन्न मत हैं परंतु सर्वमान्य मत यह है कि उनका जन्म 18 फरवरी, 1883 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था। उनके पिता दित्तामल और संपूर्ण परिवार का अंग्रेजों के साथ मैत्री भाव था, परंतु मदन लाल धींगरा बाल्यावस्था से ही क्रांतिकारी स्वभाव के थे। इसलिए मदन लाल धींगरा को लाहौर के एक विद्यालय से उन्हें निकाल दिया गया था और परिवार ने भी उनसे अपना नाता तोड़ लिया था।

उसके उपरांत मदन लाल धींगरा ने अपने जीविकोपार्जन के लिए लिपिक की नौकरी की, तांगा भी चलाया, एक कारखाने में श्रमिक के रूप में कार्य भी किया। 1906 में उच्च शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में यांत्रिकी प्रौद्योगिकी में प्रवेश लिया,जहां उनकी मुलाकात महारथी विनायक दामोदर सावरकर और श्यामजी कृष्ण वर्मा जैसे महान क्रांतिकारियों से हुई। वीर सावरकर ने उन्हें हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए क्रांतिकारी पृष्ठभूमि तैयार कर रहे थे, जिसकी जानकारी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में षड्यंत्र पूर्वक उजागर नहीं की गई है। इंडिया हाउस और गदर पार्टी के योगदान का भी आकलन अभी तक उपेक्षित ही रहा है। कर्जन वायली लंदन में इंडिया हाउस में रहने वाले भारतीय छात्रों की जासूसी करता था, तथा भारत सचिव का राजनीतिक सलाहकार भी था। एक सेवानिवृत्त अंग्रेज फौजी अफसर - विलियम कर्जन वायली की इन हरकतों से लंदन में सभी भारतीय विद्यार्थी तंग हो गये थे, और भारत में बरतानिया हुकूमत द्वारा युवा क्रांतिकारियों को फांसी की सजा देकर दमन चक्र चलाए जा रहा था। उपर्युक्त कारणवश इंडिया हाउस में बरतानिया हुकूमत को लंदन में ही सबक सिखाने का विचार बनाया था। इस संदर्भ में कर्जन वायली और पूर्व वायसराय कर्जन के वध की योजना बनाई गई।

मदन लाल धींगरा भी लंदन में अध्ययनरत थे, जल्दी ही उनकी मुलाकात विनायक दामोदर सावरकर से हुई और वे अभिनव भारत के सदस्य बन गये। आखिरकार 1 जुलाई,1909 को कर्जन वायली पर मदन लाल धींगरा ने 5 फायर खोल दिए जिसमें 4 कर्जन वायली को लगे और वह नरक वासी हो गया।

मदन लाल धींगरा एक गोली स्वयं को मारने वाले थे परंतु उन्हें हिरासत में ले लिया गया और 17 अगस्त, 1909 को लंदन की पेंटोनविले जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। अमर बलिदानी ने अंत में कहा, मैं तुम अंग्रेजों को पिछले एक सौ पचास वर्षों में लगभग 8 करोड़ भारतीय लोगों की हत्याओं और खरबों रुपये की लूट का जिम्मेदार मानता हूँ। मुझे फाँसी पर चढ़ा दीजिए लेकिन याद रखियेगा, समय का चक्र घूमेगा और आपको मेरे देश की आने वाली पीढ़ी मुंहतोड़ जवाब देगी।

पाश्चात्य विचारधारा से अभिप्रेत भारतीय परजीवी इतिहासकारों, एक दल विशेष के समर्थक तथाकथित सेक्युलर इतिहासकारों के साथ वामपंथी इतिहासकारों ने षड्यंत्र पूर्वक मत प्रवाह स्थापित किया।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में जिन्होंने सत्ता के लिए के लिए संघर्ष किया, उन्हें स्वाधीनता संग्राम का महा नायक बना दिया। हालांकि जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए भारत में एवं विदेशों में जाकर वास्तविक संग्राम किया तथा विदेशों में गदर पार्टी और इंडिया हाउस जैसी संस्थाएं बनाई और अपना संपूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया, उनके इतिहास के बारे में केवल नाम लिखकर उनके इतिहास का पटाक्षेप कर दिया।

# अब पाकिस्तान का क्या होगा?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## सामयिक

**पाकिस्तान** इस समय दक्षिण एशिया का सबसे गया बीता देश बन गया है। यों तो श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और बांग्लादेश की भी हालत अच्छी नहीं है। इन सभी देशों की अर्थव्यवस्था संकट में है लेकिन पाकिस्तान में महंगाई इस कदर छलांग मार रही है कि आम लोगों का रोजाना का भरण-पोषण भी मुश्किल हो गया है। पेट्रोल पौने तीन सौ रुपये लीटर, गेहूं सवा सौ रु. किलो, टमाटर ढाई सौ रु. किलो और चिकन साढ़े सात सौ रु. किलो हो गया है। लोग घी-तेल की छीनाझपटी पर उतारू हो गए हैं। सरकार ने अपने लघु बजट में नागरिकों पर तरह-तरह के नए टैक्स ठोक दिए हैं। विदेशी मुद्रा का भंडार भी लगभग खाली हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष पाकिस्तान को 1.1 बिलियन डॉलर का कर्ज देने को तैयार है लेकिन उसकी शर्त है कि पाकिस्तान की सरकार पहले अपनी आमदनी बढ़ाये। कर्ज में डूबी सरकार का अब एक ही नारा है- ह्यमरता, क्या नहीं करता?ह्व वित्तमंत्री इशाक डार ने जो कि मियां नवाज शरीफ के समधी हैं, जो अभी पूरक बजट पेश किया है, उसमें 170 बिलियन रुपए के नए टैक्स उगाहने का वादा किया है। इधर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतने भयंकर संकट में है यानी वह किसी युद्ध की स्थितिसे भी बदतर है लेकिन पाकिस्तान की राजनीति का हाल बिल्कुल बेहाल है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। इमरान की गिरफ्तारी की खबर आंधी की तरह लाहौर को घेरे हुए है। इमरान-समर्थक हजारों लोग उनके घर पर जमा हो गए हैं ताकि उन्हें कोई गिरफ्तार न कर सके। सरकार का जितना ध्यान अपने देश की डूबती हुई अर्थ व्यवस्था को उबारने में लगा है, उससे ज्यादा इमरान के साथ दंगल करने में लगा हुआ है।

इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इस्लामाबाद को बलूच, पठान और सिंधी लोग घूंसा दिखाने लगे हैं। वे पाकिस्तान से अलग होने का नारा लगाने लगे हैं। जिन तालिबान को टेका देने में पाकिस्तान की फौज ने जमीन-आसमान एक कर दिए थे, वे ही तालिबान अब डूरंड लाइन को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

इससे भी ज्यादा खतरनाक बात यह हो रही है कि जिस चीन पर तकिया था, वही अब हवा देने लगा है। चीन ने अपना वाणिज्य दूतावास बंद कर दिया है। चीन अपनी रेशम महापथ योजना के तहत पाकिस्तान में सड़कें, रेल, पाइपलाइन और बंदरगाह बनाने पर लगभग 65 बिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। लेकिन चीनी कंपनियां कुछ भी माल भेजने के पहले अग्रिम भुगतान की मांग कर रही हैं। पाकिस्तान के पास पैसे ही नहीं है। वह अग्रिम भुगतान कैसे करे? चीनी नागरिकों की हत्या से भी चीन नाराज है। पाकिस्तान को अन्य मुस्लिम देश भी उबारने के लिए तैयार नहीं हैं। यदि इस मौके पर शाहबाज सरकार में दम हो तो पाक-भारत व्यापार फिर से शुरू करे और मोदी से मदद मांगे तो एक पंथ, कई काज सिद्ध हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अखिलेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** महाशिवरात्रि के अवसर में रांची रोड स्थित श्री श्री अखिलेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा हुआ। भगवान शंकर व माता पार्वती की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के दौरान समाज सेवी अमित सिन्हा भी शामिल हुए और मंदिर में सेवाएं दी। पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से भंडारे किया गया। भंडारे के दौरान आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।

### शिव मंदिर से निकली बारात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार रात्रि नकारी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव बारात निकाली गई। इस दौरान भगवान शिव और माता पार्वती जी के साथ सैंकड़ों लोग, आराध्य देवी-देवताओं सहित भूत पिचास का रूप धारण कर बच्चे बारात में शामिल हुए। बरात में शामिल श्रद्धालुओं के हर हर महादेव, बम बम भोले, ओम नमः शिवाय, पार्वती माता की जय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इसके पूर्व शिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे विधि- विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा भगवान शिव और मां पार्वती जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना में वीरेंद्र भगत सहित दर्जनों महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

### भदानीनगर में बाबा भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के कोल कंपनी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को पूजा के बाद भव्य भंडारे हुआ। भंडारा का शुभारंभ भाजपा भादानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर उर्फ मोदी ने फीता काटकर और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए सबों को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में सूरत सिन्हा, रविन्द्र कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, कलिंदर गिरी, बच्चन ठाकुर, भरत बेदिया, मंगल प्रजापति, विभा करमाली, मनीष कुमार, संतोष ठाकुर, नागेंद्र भारती, कामेश्वर गंझू आदि श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

### बजरंग महतो ने डोर-टू-डोर मांगा वोट



गोला। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए प्रत्याशी बजरंग महतो ने गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर समर्थन मांगा। इस कार्यक्रम में श्री महतो ने मतदाताओं से कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी को एक दल ने साजिश के तहत फंसाकर जेल भेजा है। जिसका जवाब जनता 27 फरवरी को होनेवाले उचचुनाव में मुझे विजय बनाकर देगी। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी 20 सूत्री अध्यक्ष राम विनय महतो, मानिक पटेल, गौरी शंकर महतो, कमलेश कुमार महतो, तस्लीम अंसारी, अमित महतो के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के वनभोज सह वार्षिक मिलन में जुटे दिग्गज

# राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : विधायक

**▸▸ शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल की समस्याएं होंगी दूर : डीइओ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ का झील परिसर में रविवार को आयोजित वनभोज सह वार्षिक मिलन कार्यक्रम में राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्र के कई दिग्गज जुटे। कार्यक्रम में संघ से जुड़े राज्य भर के शिक्षक नेताओं ने शिरकत की। मौके पर लोगों ने लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम की खास उपलब्धि रही कि एक ही मंच पर न सिर्फ विभिन्न संघों से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे, बल्कि डीईओ व डीएसई कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित थे। मौके पर उपस्थितअतिथियों को संघ ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि ऐसे मौकों पर सबसे रू-ब-रू होने का मौका मिलता है। आज की परिस्थिति पहले से अलग है। अब सरकार का ध्यान इस ओर विशेष रूप से है। साथ ही शिक्षकों के द्वारा भी शिक्षा के उन्नयन का हरसंभव प्रयास किया जा है जो काबिलेतारीफ है। कार्यक्रम में बोलते हुए संघ के जिला अध्यक्ष विजय कुमार मसीह ने कहा कि संघ शिक्षक समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत है। वहीं जिला सचिव रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि संघ विभाग और शिक्षकों के बीच कड़ी का कार्य करता है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए संघ हरसंभव प्रयास करने के लिए मुस्तैद रहता है।

डीईओ उपेंद्र नारायण ने कहा कि शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में जो भी समस्याएं आ रही है उससे विभाग को अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।



मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं पर बोलते हुए कहा कि हजारीबाग जिले का रिजल्ट इन परीक्षाओं में हमेशा अच्छा रहा है। कहा कि शिक्षकों के प्रयास से इस बार भी जिला राज्य में अव्वल रहे इसकी पूरी उम्मीद है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित : वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकियां भी मिली। मौके पर कई शिक्षकों ने गाने व शायरी प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। मौके पर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, बीआरपी-सीआरपी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ से देवेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार, रोशन एलेन मरांडी, किशोर कुमार, विधान चंद्र राय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## कुजू में रैयतों को मिलेगी नौकरी

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के खीराबेड़ा के एक रैयत परिवार के घर जो देव स्थल था उसको सीसीएल प्रबंधन ने बगैर सूचना दिये जेसीबी के माध्यम से हटा दिया। जिसको लेकर रैयतों ने करमा परियोजना का कार्य बंद कर दिया था। शनिवार की देर शाम सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में रैयत, प्रबंधन व पुलिस प्रशासन के बीच वार्ता हुआ। वार्ता में प्रबंधन द्वारा रैयतों को नौकरी के लिए एक माह का समय लिया। जिस पर रैयत तैयार नहीं हुए। वहीं वार्ता में समझौता हुआ है कि काशी करमाली का जमीन में किसी तरह का कार्य सीसीएल द्वारा नहीं किया जाएगा। जोधन महतो के भूमि के सत्यापन को लेकर उप समहर्ता के पास भेजने, पुनित करमाली के भूमि को पोजिशन सर्टिफिकेट देने के साथ तीन दिन के भीतर नौकरी देने पर चर्चा हुआ। इसके बाद बंद करमा परियोजना का कार्य सुचारू हुआ।



### जी -20 को ले पतरातू लेक रिसॉर्ट 22फरवरी से 4 मार्च तक रहेगा बंद

**भुरकुंडा ( रामगढ़)।** जी 20 समिट के प्रतिनिधियों के आगमन को ले आगामी 22 फरवरी से 4 मार्च तक पतरातु लेक रिर्सोट आम लोगो के लिये बंद रहेगा। रांची में 2-3 मार्च को होने वाली जी-20 समिट में देश-विदेश के करीब 170 प्रतिनिधि हिस्सा लेगे। प्रतिनिधियों को दो होटलों में ठहराया जायेगा। पहले दिन रांची में ही बैठक होगी। दूसरे दिन सभी प्रतिनिधियों को पतरातू लेक रिर्सोट घुमाया जायेगा। देश विदेश से आने वाले प्रतिनिधियों को पतरातू लेक रिर्सोट में किसी तरह की गंदगी या अव्यवस्था न दिखे। इसके लिये प्रशासन ने पतरातू लेक रिर्सोट को 22 फरवरी से 4 मार्च तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। इस दौरान लेक परिसर, मीटिंग हॉल सहित अन्य संरचनाओं को करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से संवारा जायेगा।

### श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में भव्य भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीश्री प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर में शनिवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड-पाठ का रविवार को हवन पूणार्हुति के साथ समापन हुआ। इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने खीर पूरी और सब्जी प्रसाद ग्रहण किय। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में कमेटी के संरक्षक गणेश साव, पुजारी अशोक तिवारी, सचिव लालमोहन यादव, सह सचिव डब्लू पांडे, कोषाध्यक्ष रुदल रावत, सह कोषाध्यक्ष आदर्श गुप्ता, भारत, नरेंद्र कुमार, लाल बिहारी मांझी, मो इस्लाम, बबलू गोप, विपुल पटेल, श्याम राजभर, मोहन सोनी, मो.यूसुफ, मनोहर कुमार, पिंटू, विजय कुमार, बबलू यादव, मासी, मोनू कुमार, अंगत पंडित, जीतन साव, गणेश मंडल, राजू सिंह, राम केवल, राधे ठाकुर, मोनू दास सिंह, मो. भोला, सुनील रजक आदि का विशेष योगदान रहा।

## लॉ में प्रथम श्रेणी से पास होने पर किरण मुंडा को किया गया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा निवासी हरजीवन मुंडा और लड़की देवी की पुत्री किरण कुमारी मुंडा के लॉ की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर बलकुदरा पंचायत में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। बताया गया की किरण ने यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज हजारीबाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय से एलएलबी सत्र 2019-2022 के फाईनल ईयर समेस्टर 6 में 10 में से 8.17 प्रतिशत 433 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। समारोह में किरण कुमारी मुंडा को स्थानीय मुखिया विजय मुंडा, समाजसेवी नंदकिशोर मुंडा सहित गणमान्य लोगों ने पुष्प गुच्छ और उपहार देकर उसे सम्मानित किया। इस दौरान जय सरना ट्रस्ट द्वारा आदिवासी परंपरा के तहत बेटी को बेटे की तरह सम्मान रुप से तीर-धनुष व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, डायरी, पेन आदि पठन-पाठन सामग्री भेंट कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा किरण के माता-पिता को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर लॉ की सफल छात्रा किरण मुंडा ने कहा कि अब मैं आगे एलएलएम करना चाहती हूं। गांव में अशिक्षा के प्रभाव को देखकर बड़ी हुई हूं। मैं शिक्षा का माध्यम बनना चाहती हूं, ताकि लोग उच्च शिक्षा के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा की आने वाले भविष्य में यदि गांव घरों में युवा-युवती उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं करते हैं तो वे हमेशा लड़ाई- झगडे, नस्से से धुत होकर जाति-धर्म, कुप्रथाएं जैसी समस्याओं से जूझते रहेंगे। किरण ने कहा कि शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना करना असंभव है। वहीं मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि किरण ने लॉ की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर पूरे गांव का नाम रोशन किया है मौके पर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु कृष्णा उरांव, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, मुखिया विजय मुंडा, दुर्गा सोरेन सेना के जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा, पंचायत समिति राजू मुंडा, रामगढ़ कॉलेज के शिक्षक विष्णु उरांव, हजारीबाग के अधिवक्ता रविंद्र कुमार, रोशन उरांव, ब्रजेश मुंडा, बैजनाथ पाहन, नरेश मुंडा, चरण उरांव, धनेश्वर उरांव, मनेवल उरांव, जीवंती देवी सहित हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, रांची, लातेहार जिला के दर्जनों आदिवासी समाज के लोगों हर्ष व्यक्त करते हुए किरण मुंडा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## ललकी बाबा आश्रम में मनी स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबागः महान स्वतंत्रता सेनानी एवं संत दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की 134 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान (ब्रह्मऋषि समाज) हजारीबाग द्वारा कटकमदाग प्रखण्ड के ढेंगुरा पंचायत स्थित ग्राम ललकीमाटी अवस्थित ललकी आश्रम परिसर में जयंती समारोह का भव्य आयोजित किया गया।

इस दौरान लोगों ने स्वामी सहजानंद सरस्वती अमर रहें, जय परशुराम और जय ब्रह्मऋषि का नारा भी खूब बुलंद किया। मौके पर समाज के वृद्ध व्यक्ति प्रो.रामप्रिय प्रसाद द्वारा स्वामी जी द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनकी जीवनी एवं जीवन की रोचक तथ्यों को लोगों के बीच रखा गया। स्वामी जी के बारे में उन्होंने कहा की स्वामी जी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ डट जाने का स्वभाव रखते थे। वे संघर्ष के साथ सृजन के प्रतीक पुरुष के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। सामारोह के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ प्रकृति की खूबसूरती के बीच ललकी बाबा आश्रम परिसर में समाज के लोगों ने फगवा और धार्मिक गीतों का भी आनंद लिया और फिर सामूहिक रूप से वनभोज का भी लुप्त उठाया।



**पारंपरिक वाद्य- यंत्रों के साथ हुआ फगुवा गीत, लोगों ने उठाया वनभोज का लुप्त**

समारोह की अध्यक्षता ललकीबाबा आश्रम के प्रमुख अजीत बाबा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया ।मौके पर विशेष रुप से समाज के अजीत बाबा, संजय कुमार, प्रो. रामप्रिय प्रसाद, अर्जुन सिंह, मुकेश कुमार, कन्हैया शर्मा, किशोर शर्मा, प्रमोद सिंह, हिटलर शाही, कैलाश सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### नेशनल ताइक्वांडो में शामिल होंगे हजारीबाग के पांच खिलाड़ी, हर्ष अजमेरा ने दी आर्थिक मदद

**हजारीबाग।** हजारीबाग के 5 युवा ताइक्वांडो खिलाड़ी का चयन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन 5 युवा ताइक्वांडो खिलाड़ियों में 3 खिलाड़ी सीनियर राष्ट्रीयत ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चेन्नई और दो खिलाड़ी राजस्थान के कोटा जाएंगे। इन खिलाड़ियों में अन्नदा चौक की रहने वाली राजीव नयन और गुड्डी नयन की पुत्री सलोनी नयन शर्मा, राजा बंगला निवासी श्रीमंतो ऐकत और लवली ऐकत की पुत्री सौम्या ऐकत और कुम्हारटोली, पारनाला निवासी संतोष कुमार और बेबी पंडित के पुत्र सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य दो जूनियर वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। सीनियर वर्ग के तीनों खिलाड़ी ताइक्वांडो में नेशनल और स्टेट में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। तीनों खिलाड़ियों को जब सरकार से नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कोई सहयोग नहीं प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने कोच रौशन कुमार चौहान को यह बात बताई और आर्थिक अभाव में इस प्रतियोगिता में शामिल होने से असमर्थता जताई। जिसके बाद हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के कोच रौशन कुमार चौहान ने एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा से संपर्क साधा। हर्ष अजमेरा ने युवा ताइक्वांडो खिलाड़ियों के उपलब्धि और प्रतिभा को देख तुरंत नेशनल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए सहयोग किया। कोच रौशन कुमार चौहान ने हर्ष अजमेरा के इस सकारात्मक प्रयास एवं मदद की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया ।आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहां की युवा प्रतिभा को निखारने और सहयोग करने में मैं हमेशा आगे रहूंगा। उन्होंने कहा की प्रतिभावान बच्चे को सरकार और समाज दोनों को मदद करके आगे बढ़ाने की जरूरत हैं तभी खेल के क्षेत्र में ये समाज और देश का नाम रौशन कर सकेंगे ।



### रानीचुआं में पंचायत कांग्रेस कमेटी गठित

**बरही।** रानीचुआं पंचायत में कांग्रेस पार्टी के पंचायत कमेटी गठन और हाथ जोड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष राजदेव यादव ने किया। मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष गाजो टुड्डू मौजूद रहे। इस अवसर पर गाजो टुड्डू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिद्धान्त की पार्टी है ।इस पार्टी की विशेषताओं में देशहित की बातें जुड़ी हुई है ।आज देश कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है ।पूरे देश की जनता महंगाई,बेरोजगारी एवं जुमले के बाजार से त्रस्त है ।लोगों को धर्म और जाति की दुहाई देकर एक दूसरे से अलग करते जा रहें है ।इस कार्यक्रम से लोगों की एकजुटता देखने को मिल रही है। आने वाले समय में पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।बैठक में रवि कुमार, बाबूलाल मुर्मू, बिनोद मुर्मू, बाबूजन मुर्मू, मनोज यादव, सुंदरलाल मुर्मू, बिनोद कुमार मुर्मू, जवाहरलाल यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, राजदेव यादव, सीता देवी, सोनिया देवी, शांति देवी आदि उपस्थित रहे।




### विष्णुगढ़ में शिवरात्रि पर शिवालयों में पूजा

**विष्णुगढ़ ।** विष्णुगढ़ प्रखंड के कई हिस्से में शिवरात्री पर शिवालयों में पूजा अर्चना की गई। शनिवार सुबह से हीं मंदिरों में भीड़ थी` शिव रात्रि के मौके पर मंदिर समिति के लोगों ने कई कार्यक्रम आयोजन किए । फॉरेस्ट कॉलोनी में भक्तों द्वारा संध्या में शिव की बारात सजाया जिसमें शिव समेत नंदी महाराज व भुत- बैताल का भेस धारण करते हुवे बैंड बाजा के साथ पुरे क्षेत्र में बारात निकली` वहीं बारातियों को भंडारा करवाया गया पश्चात रात्रि में शिव पार्वती का पुरे रश्मो रिवाज से विवाह संपन्न करवाया गया` वहीं अचलजामो पंचायत के शिव मंदिर में भी भुत बैताल शिव पार्वती के विवाह में शामिल हुवे व बारात पर्छन घी ढारी व आधी रात विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बारतियों को भोजन करवाया गया पूरी रात भक्तों ने कीर्तन- जागरण का आयोजन हआ और शिवरात्रि में रात भर महादेव के भक्त तांडव करते रहें` कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबूलाल शर्मा अजय कुमार वर्णवाल राजू श्रीवास्तव बागेश्वरी प्रसाद मनोज श्रीवास्तव रवि पांडे सुजीत कुमार श्रीवास्तव नितेश कुमार शंकर कुमार, पूर्व मुखिया हरीश पटेल के अलावे कई श्रद्धालु भक्त शामिल थे।

### शिवाजी हाई स्कूल में मना वार्षिक समारोह

**दारू** इरगा पंचायत के बढवार में संचालित छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक समारोह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दारू थाना प्रभारी अमित कुमार सम्मिलित हुए । मुख्य अतिथि अमित कुमार का स्वागत विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने पुष्प वर्षा कर किया। मुख्य अतिथि अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि सावंत इंटर कॉलेज के सचिव अनुरंजन कुमार ने और विद्यालय निर्देशक सह प्रधानाध्यापक सिकंदर कुमार ने दीपप्रज्वलित कर किया । अतिथियों तथा पत्रकारों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सिंगल डांस , ग्रुप डांस और छोटे छोटे हास्य नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों के मन को मोह लिया । अमित कुमार ने कहा कि आप सभी छोटे छोटे बच्चे जानते है कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है । अनुशासन का पालन करते हुए आप अपनी पढ़ाई पूरी कर देश के उच्चे उच्चे पदों पर पहुँच सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से मनोरंजन कुमार यादव , अनिता शर्मा, विक्रांत कुमार, संतन कुमार, सुबोध कुमार, रविन्द्र कुमार, राज खान,अंजली कुमारी नाशरीन बानो, रानी प्रवीण, बेबी कुमारी, बच्चों मे राजन कुमार, संदीप कुमार , अरबाज खान, विशाल कुमार सहित कई बच्चों का काफी सहयोग रहा।



### छह बेटियों को सदर विधायक ने दिया लहंगा

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के 6 बेटियों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सुदूरवर्ती क्षेत्र रेबर पंचायत अंतर्गत बलिया में मधु कुमारी पिता दरोगी भूईया, प्रिया कुमारी पिता अवधेश यादव काजल कुमारी पिता महादेव यादव वही डांटो पंचायत के विद्या कुमारी पिता अनुरूद राणा मधु कुमारी चन्द्रजीत राम को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने सभी के घर जाकर लहंगा भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। परिजनों ने मनीष जसवाल के प्रति आभार प्रकट करते हुवे कहा की हमारे लोकप्रिय विधायक हमारे सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। यही छवि इनको औरों से अलग बनाता है। हम लोगों की दिली इच्छा है कि अगली बार पुनः विधायक बने और मंत्री बनके क्षेत्र में आए तथा अपने क्षेत्र की सेवा करें। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव अनुराग मित्तल रजनी कुमारी सुनीता देवी बस मतिया देवी विकास कुमार पांडेय अवधेश यादव सलीम अंसारी अनूप यादव दरोगी भुईयां मुनिया देवी सूरज कुमार सौरभ कुमार देव कुमार प्रेम कुमार पांडेय एवं अन्य उपस्थित थे।



स्पीड न्यूज

# बेड़ो: बगैर चढ़ावा नहीं मिलता पीएम आवास की किस्त

## जनप्रतिनिधि व आवास समन्वयक मिल कर पैसे की कर रहे उगाही

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब जनता के लिए जितनी भी योजनाएं चला ले मगर उनके अधीनस्थ कर्मचारी व पदाधिकारी जनता तक उनके हितों का लाभ नहीं पहुंचने दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के गांव स्थित कुहूगढ़ा में सामने आया है। जिसमें आवास समन्वयक भूषण साहू द्वारा सुरेश उरांव से आवास के नाम पर चालीस हजार रुपये मांगे गए हैं। सुरेश उरांव ने आरोप लगाया कि रुपये न देने के अभाव में उनके आवास निरस्त कर दिए जाने का धमकी दे रहा हैं। जबकि मिट्टी के बने घरों में रह रहे गरीबों को आशियाना उपलब्ध कराने वाली केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत में में लूट की योजना बनकर रह गई है। योजना के तहत लाभुकों से आवास समन्वयक एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना का दूसरा किस्त तभी मिलता हैए जब चढ़ावा चढ़ाया जाता है। पहली किशत की राशि मिलने के बाद दूसरी किशत की राशि के लिए लाभुकों को काफी भागदौड़ करनी पड़ती है। प्रखंड के अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद लाभुकों को राशि नहीं मिलती है। उन्हें चढ़ावा देना ही पड़ता है। जामटोली गांव निवासी सुरेश उरांव को पीएम आवास योजना मिला जहां आवास समन्वयक द्वारा योजना की प्रथम किशत की राशि मिलने के बाद 40 हजार रुपये की मांग की जा रही है। जबकि सुरेश द्वारा 10 हजार रुपये दिया गया है। इसके बाद भी लाभुक सुरेश से पिछले दो महीने से लगातार 30 हजार रुपये की मांग की जा रही है। पैसा नहीं देने पर लाभुक को धमकाया जा रहा। वही मामले को लेकर सुरेश उरांव बेड़ो थाना प्रखंड कार्यालय व मुखिया के घर का एक महीने से चक्कर लगा रहा है। लेकिन मामले को लेकर अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई। वही सर पर छत यानी सपनों का आशियाना पाने के ललक में लाभुक आवास समन्वयक और पंचायत प्रतिनिधियों की अवैध रकम की मांग पूरी कर अपना घर बना लेते है। ऐसा करने में उन्हे अपने पास से भी पैसे लगाने पड़ते है और घर बनने के साथ ही बात आई गई हो जाती है और यह दस्तूर चलता रहता है। ऐसे मामले तभी उजागर होते है जब आवास समन्वयक और पंचायत प्रतिनिधि किसी लाभुक से ज्यादती करने लगते है। संभवतः इसी तरह की ज्यादती करने के कारण ही जामटोली पंचायत के आवास समन्वयक द्वारा अवैध रकम की मांग का यह मामला उजागर हुआ है। सुरेश का कहना है कि वार्ड सदस्य आवास समन्वयक द्वारा फोन करके और घर पर बार-बार आकर पैसे की मांग कर रहा है। वह निहायत ही गरीब है और इस तरह की मांग पूरी नही कर सकता है। इनका कहना है कि एक लाख 40 हजार रुपये में हम 40 हजार रुपये दे देंगे तो घर हम कैसे बना पायंगे।

### 10 से 40 हजार रुपये की होती है वसूली

जामटोली गांव के आवास लाभुकों का कहना है कि कहना है कि एक आवास पर आवास समन्वयक द्वारा 10 से 40 हजार रुपये वसूले जाते है। लाभुक को डराया जाता है कि अगर रुपये नहीं दिए तो सूची से नाम कट जाएगा। प्रथम किश्त की राशि खाते में आने के बाद तब तक लाभुकों को परेशान किया जाता है जब तक राशि संबंधित कर्मियों को नहीं मिल जाती है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि आवास योजना के संबंध में जांच हुई तो सच्चाई सामने आ जाएगी। सरकार की नजर में सभी गांवों में गरीबों को पक्का मकान मिल गया हैए लेकिन सच्चाई यह है कि जो सही में गरीब हैंए वो आज भी कच्चे घरों या झोपड़ी में रह रहे हैं। घूस देने के लिए पैसा नहीं रहने की वजह से गरीब लोग प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह जा रहे हैं। बेड़ो प्रखंड सरकारी राशि की लूट के लिए पूरी छूट मिल गई है। प्रखंड में बिचौलिया इतने हावी हो गये हैं कि सरकारी राशि का खुलेआम गबन किया जाता है। वही जिम्मेदार मुकदर्शक बने रहते हैं।

## रातू: गोजू के मुख्य निदेशक बने शहजाद कुरैशी



फेडरेशन के लोगों ने दी बधाई चहुंमुखी प्रगति की है उम्मीद

रातू। ऑल इंडिया गोजू-रियू कराटे डू फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक क्यूसी एल नागेश्वर राव 8 वें डॉन ब्लैक बेल्ट (जापान) ने रातू निवासी शिहान शहजाद कुरैशी के अनुभव एवं कराटे के प्रति लगन को देखते हुये झारखंड गोजू. रियू कराटे डू फेडरेशन का मुख्य निदेशक मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर रांची समेत झारखंड के सभी जिले के फेडरेशन से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसमें रश्मिका शाहदेव, रुचि रानी, राज विश्वकर्मा व कंचन रानी आदि शामिल हैं। इन्होंने श्री कुरैशी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उम्मीद जतायी हैए कि उनके निर्देशन में फेडरेशन की चहुंमुखी प्रगति होगी।

## दहेज के लिए मारपीट करने का थाना में दिया आवेदन

बुढ़मू। ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के हेसलपीरी निवासी अफसाना प्रवीण ने अपने पति गफारूल अंसारी, ससुर मंसूर अंसारी, सास मकीना खातुन, देवर असारूल अंसारी, नंदोसी वसामा अंसारी और ननद यासमीन खातून पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए ठाकुरगांव थाना में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन के अनुसार रविवार को सुबह में ये लोगों ने अफसाना के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से अफसाना ठाकुरगांव थाना पहुंची जहां से पुलिस से अफसाना को ईलाज के लिए रिम्स भेज दिया। बताते चले कि पहले भी अफसाना को दहेज की मांग करते हुए ये लोग मारपीट करते थे जिससे तंग आकर अफसाना ने पहले भी थाना में आवेदन दिया था जहां से समझाबुझा कर अफसाना को घर भेज दिया गया था।

## महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान की बैठक

पिठोरिया। रविवार को महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान ट्रस्ट की बैठक ग्राम प्रधान शिव शंकर पहन की अध्यक्षता सुतियाम्बे गढ बारी स्कूल परिसर में हुई। बैठक में चैत पूर्णिमा को होने वाले मुंडा समाज की वार्षिक पूजन को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सभी पूजन स्थानों पर विधिवत पूजन किया जाएगा। वही इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती बीना मुंडाए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रदीप मुंडाए उपाध्यक्ष राम लखन मुंडाए धनेश्वर मुंडा एविकास मुंडा एसचिव प्रदीप पाहनए महासचिव सूरज मुंडा, कोषाध्यक्ष पहलवान सिंह मुंडा के अलावे कार्यकारिणी सदस्य में अभिषेक मुंडा, फूलचंद,, प्रधान प्रेम, मोहन, रोहित, शंकर, प्रवीण, राहुल, शिव शंकर, सूरज, दीपक, भवानी, दीपक नाग, आशीष, राजेश, सोनी, संदीप के अलावे संरक्षक महेश्वर पहन एवं संदीप उरांव बनाए गए हैं। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## सूतियाम्बे जंगल में लगी आग

पिठोरिया। थाना क्षेत्र के सूतियाम्बे जंगल में भीषण आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह आग आज सुबह 9 बजे देखी गई तो सभी ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने का भरपूर प्रयास किए पर वे आग को नहीं बुझा पाए। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिठोरिया थाना और वन विभाग के कहां के रेंजर चंद्रशेखर आजाद को दिए रेंजर के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने अधिकारियों को घटनास्थल पर भेज दिए। वन विभाग के अधिकारी आकर और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करना शुरू किए। घंटों कड़ी मेहनत करके आंख पर काबू पाया गया। इस आग में 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर पूरा आग फैल चुका था। आग के कारण जंगल के कई पंछी अपना बसेरा छोड़ वहां से भाग गए और वहां पर पक्षियों के कई अंडे भी आग में जल गए। आग बुझाने में वन विभाग के शेखर तिग्गा, धनेश्वर महतो, कुंदन महतो, रामचंद्र महतो, गुरदेव सिंह मुंडा शामिल हैं।

# राज्य सरकार विकास को प्रतिबद्ध

- बिजुलिया स्थित ईदगाह टंगरा मदरसा दारुल उल्लुम का मना वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता




रातू। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार विकास के लिये प्रतिबद्ध है। इसमें आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। श्री आलम ने ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियां गिनायी और कहा कि इसकी रफ्तार ने पूर्व की सरकार को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुये मदरसा को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वह रविवार को बिजुलिया स्थित ईदगाह टंगरा मदरसा नुरुल उल्लुम के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह को झारखंड तंजीम के केंद्रीय अध्यक्ष शमशेर आलम ने भी संबोधित किया। कमेटी ने श्री आलम को 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा। नात और गजल से माहौल गुंज उठा। नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। प्रतिभागी बच्चे-बच्चियां पुरस्कृत किये गये। संचालन अनीसुर्रहमान ने किया।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन महथा, झामुमो नेता और प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष कमरुल हक, मो कलाम आजाद, असलम अंसारी, कांग्रेस के मो मोजिबुल्लाह, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, आमया के केंद्रीय अध्यक्ष शमीम अली, मो शाहिद आलम, मुखिया परिना कच्छप, उप मुखिया मनुवर अंसारी, नौशाद आलम, महफुज आलम, बिक्की उरांव व अंजुम खान।

### इन्होंने निभायी भूमिका

मौलाना अबुल हसन, मौलाना समीरुद्दीन, हाजी युनूस अंसारी, मो तौसिफ, अफजल अंसारी, मौलाना मुस्ताक, जुबैर अंसारी, मो गुलजार, खलील अंसारी, शफीक अंसारी, कुदुश अंसारी, मुस्ताक अंसारी, मो शरीफ, जसमुद्दीन अंसारी, अब्दुल क्युम, मो तारिक, सुभान राय, नबी हसन, इम्तियाज अंसारी, तैमुर अंसारी, मो अफरोज व मो फारूक आदि।

### जानें क्या है मांगें

मदरसा छह दशक से चलाया जा रहा है। क्षेत्र के किसान, मजदूर व बुनकर के तीन सौ बच्चे पढ़ते हैं। इसमें बच्चियों की संख्या अधिक है। यहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है। मदरसे को वित्तीय सहायता देनेए प्लस टू की मान्यता दिलाने, अतिरिक्त कमरे का निर्माण, कौशल विकास से जोड़ने व लाइब्रेरी की व्यवस्था कराने।

## एथलेटिक्स में दो स्वर्ण जीतने पर पारसनाथ महतो का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। कोलकाता में आयोजित 43वां नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 दौड़ प्रतियोगिता के दस हजार मीटर और पाँच हजार मीटर में स्वर्ण पदक तथा पन्द्रह सौ मीटर में रजत पदक जीतकर अनगड़ा के एक जवान ने ना सिर्फ अनगड़ा का नाम रौशन किया है बल्कि पूरे झाखण्ड वासियों को गौरवान्वित किया है स पारसनाथ महतो प्रखण्ड के हेसल पचायत के मासू गाव का रहने वाला है और जैप टू का जवान है। मेडल जीत कर वापस आने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर पंस मदरा मुण्डाए धावक राजेन्द्र महतोए जगरनाथ महतोए साकीर अंसारीए रामनाथ करमालीए कारीनाथ महतोए सकल नाथ महतोए जागेश्वर महतोएअमरनाथ महतोए अजीत महतोए सोमरा मुंडाए सखीचंद महतोए गबेश्वर महतोए बैजनाथ महतोए बालेश्वर महतोएहरी लाल महतो मौजूद थे।

## हाथी ने घर किया ध्वस्त, रौंद डाली फसल

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। प्रखंड के बारीडीह गांव में एक विशालकाय जंगली हाथी ने शनिवार की रात करीब दो बजे अनीता उरांव के कच्चा मकान को दो तरफ से ध्वस्त कर पूरे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे घर में रखा सारा सामान व अनाज दब कर बर्बाद हो गया। वहीं मां अनीता उरांव ने अपने तीन बच्चों के साथ घर से बाहर भाग कर अपनी और बच्चों की जान बचाई। जबकि घर धंसाने की आहट पर अनीता ने अपनी तीन छोटे-छोटे बच्चे मनीष, आकाश व सरस्वती को सोए हुए अवस्था में घर से बाहर खींच कर बाहर निकाला और ग्रामीणों को इसकी सूचना दिया। इस दौरान जंगली हाथी ने घर का दरवाजा को उखाड़ दिया। साथ ही दूसरी ओर की दीवार को ध्वस्त कर दिया। वहीं एक बोरा चावल खा गया। इधर गिराए गए मकान के मलवे से घरेलू उपयोग का समान बर्बाद हो गया। साथ ही मलवे के गिरने से अंडे सेने के दौरान मुर्गी के चूजे अंडे से बाहर आ गए। वहीं पीड़ित महिला का पति दुखनू उरांव दूसरे राज्य में मजदूरी करने के लिए गया है। इधर मकान के क्षतिग्रस्त हो जाने से तीन बच्चों के साथ महिला काफी दुःखी है।

### सांसद प्रतिनिधि ने दिया आश्वासन

घटना की जानकारी मिलने पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने पीड़िता से मिलकर आपदा प्रबंधन के तहत सीओ से समानों की क्षतिपूर्ति और मकान के लिए बीडीओ से बात करने की आश्वासन दिया। साथ ही खाने के लिए चावल मुहैया करवाया। इधर घटना की सूचना मिलने पर वनकर्मियों ने ग्रामीणों को पटाखा दिया। जबकि जंगली हाथी के दशतक देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कार्तिक गोप व सेवक गोप के गेंहू के फसल को भी जंगली हाथी ने खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया है।

## माहेर आश्रम मातृत्व प्रदान करने वाला मंदिर

### माहेर आश्रम का 26वां स्थापना दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



चान्हो। बीजूपाड़ा स्थित माहेर आश्रम में रविवार को 26 वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह जिप सदस्य आशुतोष तिवारी उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत माहेर के सदस्यों द्वारा मुख्य द्वार पर पारम्परिक विधि से किया गया। साथ ही उन्हें नृत्य संगीत के साथ मंच तक लाया गया। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चियों ने बंदना नृत्य एवं सि लूसी व सि शायसी ने अंग वस्त्र देकर किया। माहेर के झारखंड रिपोर्ट के बाद तो बच्चे बच्चियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य ने माहेर को सिर्फ यहां रहने वालों के लिए ही नहीं सभी झारखंड वासियों के लिए मां के घर जैसा मातृत्व प्रदान वाला मंदिर बताया। जहां मां की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। हम यहां के लिए कुछ कर सके तो हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी। संचालिका सिण लूसी कुरियन ने माहेर आश्रम के झारखंड कोडिनेटर सिण शायसी फ्रांसिस की संस्था के प्रति समर्पित मेहनत व लगन की सराहना करते हुए झारखंड वासियों के सहोगनात्मक कार्य के लिए धन्यवाद किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर मैथ्यू पी अब्राहम, मिस दिब्या मनीष अग्रवालए मिस जुले हैंड, मिस गॉड लिव डेनविस, पंकज बबनराव भागवतकर, प्रकाश बालासाहेब खतवले, शोभा उरांव, फा जॉन शैलेन्द्र टोप्पो, मुनु शर्मा, सलोनी तिर्की, साहिल मरांडी, निलेशरजनी कुमारी, राहिल टोप्पो, रंजीत उरांव, एलियस तिर्की, ओड़िया, रोनिका, करीना भगत सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में मंच संचालन सोय व आशीष ओड़िया ने तथा धन्यव ज्ञापन फ्रांसिस जेवियर मिंज ने किया।

## खलारी: आवास मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में संघ की बैठक किया गयाण्बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव ने कियाण संघ का बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि हाल में एनके एरिया में उत्पन्न औद्योगिक सम्बंध को देखते हुये रखी गयीण ज्ञात हो कि पिछले दिनों डकरा परियोजना के एक आवास के आवंटन को लेकर प्रबंधन द्वारा नियमपूर्वक कार्य नही होने पर संघ ने डकरा इकाईं के आवास डकरा के कर्मी प्रभु गंझू वरीय डंफर ऑपरेटर को कराने के पक्ष में लगातार आग्रह कर रहा हैण बैठक में अति शीघ्र आवास मुदे का निस्तारण नही होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत आगामी दिनांक 22 फरवरी तीनो पाली में गेट मिटिंग व 25 फरवरी को डकरा में सांकेतिक अनशन करना हैण बैठक में मुख्य रूप से मौजूद केन्द्रीय सचिव सह जेसीएससीए सदस्य कमलेश सिंह उपस्थित रहे।



# शिव सैनिकों ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

### शिव सैनिकों ने निकाली बाइक जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। शिवसेना रांची महानगर की ओर से शिवाजी जयंती के शुभावसर पर पर रविवार को मोरहाबादी से करमटोली और बरियातू होते हुए बूटीमोर चौक स्तिथ शिवाजी चौक तक 150 बाइक के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला गया। इस कार्यक्रम में का अध्यक्षता शिवसेना के छात्र नेता रोनित कुमार ने किया एवं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना राज्य प्रमुख दीपक सिंह एवं युवासेना राज्य प्रमुख संदीप मुखेर्जी शामिल हुए। बूटीमोर स्तिथ शिवाजी प्रतिमा में राज्य प्रमुख दीपक सिंहए मांडर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एतवा लोहरा एवं युवानेता सुबोध साहू ने माल्यार्पण अर्पित किया। कार्यक्रम में जय भवानी जय शिवाजी के जय घोष से आवाज गूंजता रहा। इस दौरान छात्र नेता रोनित कुमार ने कहा की ये शोभायात्रा सनातन एकजुटता का प्रतीक है।

### छत्रपति शिवाजी हिन्दुओं के प्रेरणास्त्रोत

छत्रपति शिवाजी महाराज हम सभी हिंदुओ के लिए प्रेणास्त्रोत है। शिवाजी महाराज जिस तरह मुगलों के साथ लड़कर भारत के सभी ओर हिंदुत्व का परचम लहराए थे। ठीक उसी तरह हमे भी भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाकर छत्रपति शिवाजी महाराज एवं हिन्दू हृदय सम्राट स्व बालासाहेब ठाकरे का सपना पूरा करना है। शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिकों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया।

## एक नजर में

## कोचेटोली में पोस्ते की खेती नष्ट



राहे। प्रखंड के कोचेटोली गांव के जंगल में लगे पोस्ते की खेती को एसएसबी 26 वी बटालियन ओर पुलिस के संयुक्त अभियान में नष्ट किया गया। इंस्पेक्टर मंटू कुमार के नेतृत्व में अनगड़ा पुलिस और एसएसबी के जवानों ने पोस्ते की फसल को नष्ट किया। मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेंद्र चौधरी, रमेश कुमार, अनगड़ा पुलिस के एसआई अशोक मिश्रा, सचिन लकड़ा, शिवप्रसाद कुमार, सुभाष चन्द्र, राहुल कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

## पुसू गांव में 5 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती नष्ट

पिठोरिया। थाना क्षेत्र के पूसू ग्राम में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से लगी अफीम की खेती को रविवार को पु नि सदर पश्चिमी अंचल श्री राज कुमार यादव, थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में विनष्ट किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन किया गया और अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

## सोनाहातू: सड़क हादसे में चार घायल

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के अलग अलग जगह में दुर्घटना होने से चार लोग गम्भीर रूप से घायल हुये है। एक कि स्थिति बिगड़ते देख रांची रेफर किया गया है। घटना रात 8 बजे के आसपास की है। लोवाहातू मोड़ के समीप मोटरसाइकिल सवार ओर साइकिल सवार में टक्कर हुई जिसमें बाइक सवार पारमडीह गांव के नकुल मुंडा घायल हुआ है। सोनाहातू-जामुदाग सड़क के कुबिदिरी टुंगरी के सामने मोटरसाइकिल से गिरने से लोवाहातू गांव के जगदीश मिस्त्री ओर भेड़ियागाड़ा गांव के संदीप मुंडा घायल हुए है। दानाडीह गांव के समीप वाहन के चपेट में आने से प्रमोद महतो घायल हुआ है। चारों घायल को पुलिस ने ग्रामीणों ओर मुखिया सावना महली के मदद से सोनाहातू अस्पताल लाया। स्थिति बिगड़ते देख प्रमोद महतो को रांची रेफर किया गया है।

## कुंदी मैदान में एसएसपी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



इटकी। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रविवार को इटकी के कुंदी मैदान में प्रखंड स्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन सीओ रश्मि लकड़ा, डीएसपी रजत मणिक बाखला व उप प्रमुख परवेज आलम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कुंदी व रानीखटंगा के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में रानीखटंगा ने कुंदी की टीम को एक गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। इसके अलावा चिनारो पुरियो, कुंदी बी व मल्टी पंचायतों की टीम विजयी रही। इससे पूर्व सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली इटकी बाजार प्रांगण से निकलकर स्टेशन रोड, पवार हाउस होते हुए कुंदी मैदान पहुंच कर समाप्त हो गयी। कार्यक्रम में जिप सदस्य रीना देवी, थाना प्रभारी रजनी रंजन, रमेश महली, अबुमाज, अकील अहमद, कलीम अंसारी, बलराम गोप, अबरार इमामए, सुनील कुजूर, फ्रांसिस्का केरकेट्टा, अहमद अंसारी, अब्बास अंसारी, संजय गोप, लखन लकड़ा सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## बुढ़मू: विवाहिता ने की आत्महत्या

बुढ़मू। रविवार की शाम दहेज प्रतारणा से परेशान प्रखंड क्षेत्र के हतनई निवासी अर्जुन नायक की पत्नी रीना कुमारी (20 वर्ष) ने अपने घर में आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार रीना देवी ने अपने घर में दुपट्टे को फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। अर्जुन दिन में मछली बेचने के लिए मांडर बाजार गया था। सूचना पाकर बुढ़मू थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर और मृतका के पति अर्जुन को पकड़ कर थाना ले आयी। रीना कुमारी के पिता ने उसके साथ मारपीट की बात कही है।

## आजसू कार्यकर्ता किशोर साहू पंचतत्व में विलीन

सिल्ली। किशोर साहू की अंतिम संस्कार रविवार को सिल्ली के टुटकी नवाडीह स्थित सिल्ली नदी तट में किया गया। उनके पुत्र शुभम साहू ने मुखाग्नि किया। उनका निधन 18 फरवरी को रांची में हुआ था। उनके निधन पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, जिप सदस्य बुंडू परमेश्वरी सांडिल, जिप सदस्य सोनाहातु मंजु सिंह मुंडा, उप प्रमुख सिल्ली आरती देवी, मुखिया शर्मिला कुमारी, आजसू नेत्री निरु शांति भगत, सविता रानी, चारु बाल देवी शोक जताया है।

## खलारी: पार्टी की मजबूती के लिए झामुमो ने की समीक्षात्मक बैठक

खलारी। करकट्टा स्थित झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान की अध्यक्षता में पार्टी संगठन की समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड एवं पंचायतों के पदाधिकारियों के क्रियाकलापों पर चर्चा किया गया। चर्चा में सभी पदाधिकारियों बताया गया कि संगठन के द्वारा दी गई जिमेवारी को इमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष नंदू मेहता, अरुण सिंह, महेंद्र चौहान, दिनेश्वर सिंह, राजेश प्रसाद, कमलेश चौहान, अरुण यादव, प्रवीण कुमार, चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, नरेंद्र सिंह, सूरज सिंह, सीतलाल महतो, विशाल पासवान, सुधीर चौहान, अजय मुंडा, विक्की मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# शांति समिति की बैठक में सुनी गई दोनों पक्षों की बातें

## पांकी में पुराना आपसी सौहार्द को बरकरार रखने की जरूरत

खबर मन्त्र संवाददाता





**पांकी पलामू।** पांकी की घटना को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक में दोनो समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। पांकी में आपसी सौहार्द कैसे बहाल हो इसको लेकर दोनो पक्ष के लोगो की बातों को जिले के आला अधिकारियों ने सुना। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि पांकी के लोग पुरानी आपसी सौहार्द को बरकरार रखें। ताकि क्षेत्र में शांति व अमन फिर से लौट सके। बैठक में क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता,पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह,उपायुक्त पलामू ए दोड्डे, एस पी चंदन सिन्हा,पूर्व एस पी पलामू इंद्रजीत महथा,आई पी एस आलोक प्रियदर्शी,प्रशिक्षु आई ए एस विसपुते यशवंत श्रीकांत,पूर्व प्रत्याशी पांकी विधानसभा मुमताज खां,लाल सूरज, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता , प्रमुख पंचम प्रसाद,पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी,अधिवक्ता संघ के पलामू जिला अध्यक्ष रामदेव यादव ,रामनाथ चंद्रवंशी,बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, एजाज अहमद खां,गुरुदयाल,मुखिया पांकी पूर्वी प्रेम प्रसाद, केल्हा मुखिया बसारत अंसारी, माले नेता आर एन सिंह,निरंजन यादव सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**पांकी की छवि खराब होना चिंताजनक : देवेंद्र सिंह :** पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा की जिस प्रकार पूर्व में पांकी में दशहरा और मुहर्रम का त्योहार साथ रहा लेकिन एक छोटे से मामले को तूल दे दिया। तोरण द्वार वहीं गड़ता बस दिल जीत लेना था लेकिन लोग कानून को अपने हाथ में लेकर आगे बढ़ गए जिसका खामियाजा आज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस घटना से गरीब गुरबों को काफी परेशानी हुई है। श्री सिंह ने कहा की देश स्तर पर पांकी की छवि खराब हुई है यह काफी चिंता का विषय है। उन्होंने पुनः पांकी वासियों से आपसी सौहार्द और भाईचारा को मजबूत बनाए रखने की अपील की है।

**पांकी में विवाद सुलझाने में प्रतिनिधियों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका :** पांकी में दो पक्षों में झड़प और विवाद सुलझाने में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता , पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बीटू सिंह, पूर्व भाजपा प्रत्याशी अमित तिवारी , लाल सूरज , झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, संजीव तिवारी, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी प्रमुख समेत कई जनप्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने आम आवाम से शांति बनाए रखने की अपील की है।

**पटरी पर लौट रही है जिंदगी :** पांकी की घटना के पांचवे दिन धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। उपायुक्त के निदेशानुसार इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई है लेकिन एहतियातन धारा 144 अभी पूरे पांकी क्षेत्र में लागू रहेगी। इक्का दुक्का दुकान आज से खुलने लगे हैं । विधायक डॉ मेहता ने लोगों से दुकान खोलने का आग्रह किया और स्वयं दुकान खुलवाते दिखे। उन्होंने व्यवसायियों से कहा की निर्भीक होकर अपने प्रतिष्ठान खोलें पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

## पांकी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ मेहता

शांति समिति की बैठक में क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी में जो घटना घटी वह काफी दुर्भाग्य पूर्ण है और भविष्य मे ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। पूरे विधानसभा क्षेत्र में दोनो समुदाय हर एक दूसरे के त्योहार में बढ़ चढ़कर सहयोग करते थे और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाते थे यही लोकतंत्र की खुशबू है। उन्होंने कहा की एक बड़ी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया इसका पदार्फाश होना चाहिए। उन्होंने कहा की इस घटना में प्रशासन ने बड़ी सूझ बूझ के साथ काम किया है इसके पूरा जिला प्रशासन बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा की एक विशेष समुदाय के द्वारा शादी विवाह के नाम पर सड़क को जाम कर दिया जाता है ये सड़क कभी बंद नहीं हो ,सार्वजनिक स्थान का कैसे प्रयोग करना है ताकि विधि व्यवस्था बनाए रखने में कोई दिक्कत नही हो। उन्होंने चौक चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराने के जिला प्रशासन से आग्रह किया।

## अभिभावक बच्चों को अच्छी परवरिश दें : उपायुक्त

पलामू उपायुक्त ए दोड्डे ने कहा कि छोटे छोटे बच्चो के बीच आखिर इतनी नफरत की भावना कहां से पनप रही है। माता पिता अपने बच्चों को अच्छी परवरिश और अच्छे संस्कार दें और उसपर निगरानी रखे। बच्चे पढ़ाई लिखाई से ज्यादा समय व्हाट्सएप फेसबुक पर व्यतीत कर रहे हैं। जो जलाता है वह खुद जलता है। सारे षड्यंत्र को बेनकाब किया जायेगा। वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी कोई दोषी नहीं बचेगा। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## छुपे हुए लोग आत्मसमर्पण करें, कोई भी दोषी नहीं बचेगा : एसपी

एसपी चंदन सिन्हा ने कि घटना के दिन हमारे जवान मुझसे गोली चलाने के लिए आदेश मांगते रहे,गोली चलाने वाली स्थिति बन गई थी लेकिन हमलोगों ने काफी संयमित तरीके से अपना काम किया वरना आज पांकी की तस्वीर क्या होती आप स्वयं कल्पना कर सकते हैं। जो दोषियों को छुपा कर रखें है उन्हे भी नहीं बक्शा जायेगा वे उन्हें आत्मसर्पण करने को कहें। कोई भी गुनहगार नहीं बचेगा और कोई निर्दोष जेल नहीं जायेगा। कानून को अपना काम करने दें दोषियों के बचाने के लिए किसी की भी पैरवी बेकार जायेगी इस घटना में फायरिंग नहीं हुई यह पांकी वासियों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। लोग संयमित ढंग से रहें और अपनी अपनी दुकान खोले तथा शांति बहाली में सहयोग करें।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों ने करायी स्वास्थ्य जांच



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखण्ड के सगुना पंचायत सचिवालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन सगुना मुखिया मंजू देवी और समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह ने किया। स्वास्थ्य शिविर में काफी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर मुखिया ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में किसी भी बीमारी से ग्रसित लोग आकर जांच कराकर दवा ले सकते हैं। स्वास्थ्य शिविर गरीबों के लिए लाभदायक है। कहा कि गरीब पैसे के अभाव में अपना ईलाज नहीं करा पाते हैं। वे शिविर में आकर नि:शुल्क इलाज करायें। मुखिया और समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह ने बाहर से आए हुए चिकित्सको को बुके देकर स्वागत किया।

### मुसहर परिवार के बीच मिठाई बांटकर पत्रकार ने मनाया पत्नी की पुण्यतिथि



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी पत्रकार राम निवास तिवारी ने अपनी पत्नी स्वर्गीय पुष्पा देवी की सातवीं पुण्य तिथि को यादगार बनाया। रविवार को राजहारा गांव स्थित मुसहर टोला में पहुंचकर मुसहर परिवार के बीच मिठाई, चॉकलेट व कोल ड्रिंक का वितरण किया। पत्रकार राम निवास तिवारी ने बताया कि उनकी पत्नी हमेशा से समाज में दबे कुचले शोषित जरुरतमंद की सहायता करती थी व भूखों को भोजन कराती थी। उनके जीवन में दान पुण्य करना प्राथमिकता थी। जिससे प्रेरित होकर बेसहारों का सहारा बनते रहे हैं। श्री तिवारी ने बताया कि सात वर्ष पूर्व उनकी पत्नी एक पुत्री तथा एक पुत्र को छोड़कर संसार को छोड़ गई थी। जिसके याद में प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि मनाया जाता है। पत्रकार राम निवास तिवारी ने आगे बताया कि पत्नी की मोक्ष के प्राप्ति के लिए घर में शांति पाठ, हवन पूजन भी कराया। मौके पर पत्रकार का पुत्र केशव शांडिल्य सिंघासन ने भी मुसहर परिवारों को अपने हाथों से भोजन कराया।

### अपराधियों ने किया पीएम आवास ध्वस्त

**मेदिनीनगर।** सिंगरा खूर्द में अविनाश शुक्ला के बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर को अपराधियों ने किया ध्वस्त। मिली जानकारी के अनुसार सिंगरा खुर्द के हरिनंदन शुक्ला के पुत्र अविनाश शुक्ला अपने आवंटित प्रधानमंत्री आवास योजना का घर अपने जमीन पर बना रहे थे। रात में ही उनके घर को ध्वस्त कर दिया गया । पास रखे छड़ को उठा ले गए। जाते जाते लोगों ने धमकी देकर अविनाश के पिता को चेतावनी पूर्वक कहा कि अगर पुलिस को बताओगे तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे।

### ओडिशा का हीराकुंड एफआरपी झारखंड के मूरी को हराकर पहुंचा सेमीफाइनल में

**पड़वा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आयोजित एचपीएल के तहत आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच रविवार को कठौतिया माइंस के मैदान में उड़िसा के हीराकुंड और झारखंड के मुरी के बीच खेला गया। इसका उदघाटन पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने किया। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि हिन्डालको ने अपने कर्मियों के लिए इस तरह का आयोजन कर काफी सराहनीय कार्य किया है। इस तरह के आयोजन से इलाके खेल को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज खेल से भी बेहतर कैरियर बनाया जा सकता है इसलिए युवाओं को भी चाहिए कि वे एक लक्ष्य लेकर खेलें।

### जिप सदस्य ने घायल का कराया इलाज

**पाटन पलामू।** महाशिवरात्रि के मौके पर मेला से घर लाट रहे पाटन थाना क्षेत्र के सखुआ मोड़ पर दो बाईक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । घटना की सुचना पाकर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह तत्काल मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचकर लोगों का ईलाज करवाया।

### इटखोरी महोत्सव : छात्राओं ने फूल बरसाकर किया स्वागत, पर्यटन मंत्री का संदेश पढ़ कर सुनाया गया

# झारखंडी संस्कृति की अद्भुत प्रस्तुति दी





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** फिर जैसे-जैसे शाम ढलती गई राजकीय इटखोरी महोत्सव का मंच संगीत व नृत्य के रंग में रंगता चला गया। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित झारखंड के लोक गायक मुकुंद नायक ने अपने ग्रुप के साथ महोत्सव के मंच पर झारखंड की सभ्यता व संस्कृति की अद्भुत प्रस्तुति दी। जिसे कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। मुकुंद नायक के ग्रुप ने नागपुरी गीत के साथ नागपुरी नृत्य तथा छऊ नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति दी। झारखंड के कलाकारों की प्रस्तुति के पश्चात महोत्सव के मंच को मशहूर गजल गायिका राधिका चोपड़ा ने संभाला। उन्होंने अपनीं गजलों से महोत्सव की महफिल सजा दी। महोत्सव के उद्घाटन की शाम भोजपुरी गायक सत्या ठाकुर तथा झारखंड की मशहूर उभरती गायिका पूजा चटर्जी ने भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास तथा अन्य अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। मां भद्रकाली मंदिर के प्रवेश द्वार में प्रवेश करने के पश्चात पूर्व इटखोरी प्रमुख के नेतृत्व में भद्रकाली कॉलेज के छात्राओं फूल बरसा कर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में पर्यटन मंत्री हाफीजुल हसन की अनुपस्थिति की स्थिति में डीसी अबु इमरान ने उनके द्वारा भेजे गए संदेश को पढ़कर सुनाया। अपने संदेश में मंत्री हाफीजुल हसन ने कहा कि चतरा जिला ऐतिहासिक जिला है। इह जिला में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। वर्तमान सरकार इसके लिए कृत संकल्प है।

**अतिथियों ने किया पौधारोपण :** महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व जिला प्रशासन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास तथा अन्य अतिथियों के हाथों मां भद्रकाली मंदिर परिसर में रुद्राक्ष व कपूर का पौधारोपण कराया गया। दरअसल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश चारों ओर फैलाने के उद्देश्य से इटखोरी महोत्सव में हर वर्ष अतिथियों के हाथों पौधारोपण कराया जाता है। इधर अतिथियों के द्वारा लगाए गए पौधों का मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति उसे पूरी तरह संरक्षण भी करती है। दूसरी ओर अतिथिगण जब कभी माता के दरबार में पूजा-अर्चना के लिए आते हैं तो अपने हाथों लगाए गए पौधों का भी आवश्यक रूप से निरीक्षण करते हैं।

## मील का पत्थर साबित होगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान : बिट्टू

**मेदिनीनगर/पांडू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रतनाग पंचायत के ओबरा गांव से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडू प्रखंड के अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला ने किया । सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दीप प्रोजेक्ट करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कांग्रेस जनों ने तमाम घरों में जाकर लोगों से हाथ जोड़कर राहुल जी के संदेशों को बताने का काम किया ।

## पंचमुखी मंदिर से भगवान भोले की निकली बारात

**बिश्रामपुर (पलामू)** । महाशिवरात्री के अवसर पर बिश्रामपुर में भगवान भोले की भव्य बारात निकाली गई। बारात बिश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से निकला। बारात में भगवान भोले रथ पर सवार थे.बारात में दूसरे रथ पर कई और देवी देवता भी विराजमान थे। इसके अलावे बारात में भगवान भोले के गण और और हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा विभिन्न रथों पर सजाई गई झांकी बारात के आकर्षण का केंद्र रही। पूरे गाजे बाजे से निकली बारात नगर भ्रमण के बाद थाना परिसर स्थित शिव पार्वती मंदिर होते हुए छिपादोहर स्थित पहाड़ी मंदिर पंहुची। जहां भगवान भोले के बारात का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था।

# भक्ति से ही संभव है जीवन का कल्याण : राजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सलतुआ पंचायत के झरीवा शिव मंदिर के निकट तहले नदी के तट पर आयोजित मेला में भक्ति पूर्ण संकीर्तन सह दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने किया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि शिव शक्ति की आराधना और भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव है। इस भौतिकवादी युग में शिव शक्ति की आराधना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भक्ति हमें अंतः यात्रा की ओर अग्रसर करती है।ऐसे आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा मानव जीवन निरर्थक एवं भावहीन हो जाएगा। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि विशाल जनसमूह का मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेना गौरव का पल है। आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वास सिंह ने कहा तहले नदी के तट पर मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमारी परंपरा रही है तथा इसे हम आगे भी करते रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन सोनू गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवा जागृति केंद्र के जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष हरिद्वार सिंह, सचिव मुरलीधर सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, राहुल पासवान, प्रवीण पासवान बिट्टू, कृष्णा सिंह, संजय कुमार रवि, अरुण चंद्रवंशी, आस मोहम्मद अंसारी, जोखन सिंह, सुभाष सिंह,रुपन सिंह, जगदीश सिंह, अकलेश सिंह, रामदेव सिंह, पिंटू सिंह, कमलेश सिंह, रमेश सिंह, प्रेमचंद सिंह, गुप्ता प्रसाद गुप्ता, रविंद्र सिंह, हरिनाथ सिंह, संजय साव एवं हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व वार्ड पार्षद घायल

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 के निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार चौधरी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए । जानकारी के अनुसार श्री चौधरी शुक्रवार को एक तिलकोत्सव में शामिल होने वार्ड एक में जा रहे थे। इसी बीच गोदरमा गांव के पास सामने से आ रहे एक मोटरसाइकल सवार ने उन्हें जोरदार धक्का मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घायला अवस्था में स्थानीय लोग उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए.जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर भेज दिया गया।

# नाबालिग को भगा ले जाने का अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

### 12 घंटे के अंदर पकड़ा व नाबालिग को किया बरामद



अस्पताल में अभियुक्त की स्वास्थ्य जांच कराने पहुंची पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कुरूमगढ़ पुलिस ने नाबालिग को शादी के नियत से भगा ले जाने के आरोपी मड़वा गांव निवासी पोडहो कुम्हार के 22 वर्षीय पुत्र पूजार कुम्हार को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में कुरूमगढ़ क एसआई अमर पोद्दार ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित परिवार के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। पुलिस ने छापामारी कर उसे दाबोच लिया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नीतिश कुमार, एसआई अमर पोद्दार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त का स्वास्थ्य जांच कराकर उसे जेल भेज दिया।

**फेसबुक पर युवक से प्यार करना युवती को पड़ा महंगा :** फेसबुक में प्यार के भंवर जाल में फंसी युवती ने लकड़े के क्रियाकलाप से तंग आकर जहर खाकर आत्म हत्या का प्रयास किया। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रही है। फेसबुक पर ही युवती का हजारीबाग के युवक से अक्टूबर 2022 में दोस्ती हुई। जिसके बाद दोस्ती प्रेम में बदल गई। इस दौरान युवक ने युवती का मोबाईल हैक कर लिया और उसको गंदे-गंदे मैसेज भेजने लगा। युवक इतना तेजतर्रा हेकर है कि युवती के नंबर से उसके कॉलेज के वाट्सअप ग्रुप में गंदे मैसेज भेजने लगा। जिसे युवती को कॉलेज में भी शिक्षकों ने डांटा।

# सौहार्द का मिसाल बना पलामू : दीपक

### पांकी में पत्थरबाजी की घटना पर विपक्ष को दी नसीहत, शांति, समृद्धि की राजनीति पर हो फोकस

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने आम लोगों से शांति की अपील करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी है। श्री दीपक ने पांकी में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की मंशा पालने वालों को हिदायत देते हुए उन्हें सुधरने एवं संवेदनशील मुद्दे पर विपक्षी राजनेताओं को राजनीति से बाज आने की नसीहत दी है। पांकी में हुए पत्थरबाजी की घटना से व्यथित दीपक तिवारी ने आम आवाम को गुमराह करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पलामू की गंगा जमुनी तहजीब को चोटिल करने वालों को पलामू ने शांति बनाए रखकर करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि बिगड़ते हालात को जिस तरह से राज्य की हेमंत सरकार ने समय रहते जिला के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारीयों के माध्यम से नियंत्रण हासिल किया है वो प्रशंसनीय है। कहा कि समाज में सबका बराबर प्रतिष्ठा और सम्मान है। सबको मिलजुल कर सौहार्द वातावरण के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। प्रेम एवं सद्भाव के बीच नफरत का कोई जगह नहीं है। राज्य की हेमंत सरकार ने पिछले सवा तीन सालों में जो उपलब्धियां हर मोर्चा पर हासिल किया है, उसकी प्रशंसा जितनी की जाए वह कम है। विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जनता को भरमाने के लिए ऐसे प्रोपगेंडा फैलाती है। जनमानस के नेता हेमंत सोरेन गठबंधन धर्म का पालन करते हुए राजनीतिक धर्म का अनुश्रवण किया है वह विरोधियों के लिए बड़ी सीख है। उन्होंने जनता से एकजुटता बनाए रखने की अपील करते हुए राज्य का सम्मान एवं सद्भाव को बनाए रखने का आह्वान किया है।

## स्पीड न्यूज

### दुबे जी के गोला में एकदिवसीय हनुमान चालीसा पाठ का होगा आयोजन

**चंदवा।** स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में रुद्र नारायण महायज्ञ को लेकर एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अवध नारायण पांडेय ने की। सर्वप्रथम पूरी स्तिथ गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के मई महीने में आगमन व रुद्र महायज्ञ के निमित्त चर्चा की गई। उपस्थिति लोगो ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 फरवरी दिन मंगलवार को दुबे जी गोला परिसर में संध्या बेला में एकदिवसीय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के सफल आयोजन के निमित्त मंगलवार को गोला परिसर बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमे चंदवा के समस्त सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में अजय बैध, आश्विनी कुमार मिश्रा, संजीव आजाद, राजकुमार गुप्ता, आशीष सिंह, मनीष गुप्ता, चंद्रभूषण केशरी, विनोद कुमार गुडु, बबलू सोनी, प्रमोद गिरी, मुकेश सिंह, मोहनीश कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### प्रजापति कुम्हार महासभा की बैठक में कई मुद्दो पर हुई चर्चा

**चंदवा।** प्रजापति कुम्हार महासभा चंदवा प्रखंउ ईकाई की बैठक रविवार को समाज के रामवृक्ष प्रजापति के आवासीय प्रांगण में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षत रामवृक्ष प्रजापति ने किया। बैठक में समाज के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया व लोगो से संगठित होने की बात कही। मौके पर राजेश प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, विनोद प्रजापति, गोपाल प्रजापति, रूपलाल प्रजापति, हरिवंश प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, रघुनंदन प्रजापति, नकुल प्रजापति, अनिल प्रजापति, उमेश प्रजापति, नागेन्द्र प्रजापति, विशुन प्रजापति, सोहराई प्रजापति, समेत दर्जनो लोग मौजूद थे।

### पेड़ से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालुमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम निवासी संजय कुमार 10 वर्ष पिता रामा भुईयां बकरियों को पत्ति खिलाने के दौरान पेड़ से गिर कर घायल हो गया। जिसे प्रथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि शनिवार व रविवार को स्कूल मे छुट्टी रहने के कारण संजय अपने मित्रों के साथ बकरी चराने के लिए बारिखाप नदी के समीप गया था और बकरियों के पेड़ से डाली तोड कर खिला रहा था। इसी दौरान पैर फीसल गया और पेड़ से गिरकर घायल हो गया। दोस्तों के द्वारा इसकी सुचना परिजनों को दिया परिजनों ने संजय को आनन फानन मे बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य लाया। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार ने प्रथमिक उपचार बताया की बच्चा के बाए पैर फ्रेक्चर हो गया है, और गंभीर चोट लगी है। बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया।

### मस्जिदों में शब-ए-मेराज के मौके पर हुआ अल्लाह और रसूल का जिक्र



मौके पर उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** इस्लाम में खास धार्मिक महत्व रखने वाली रात शबे मेराज के अवसर पर शनिवार की रात मुस्लिम धर्मावलंबियों ने इबादत में गुजारी और रविवार को रोजा रखा। इस अवसर पर प्रखंड के जामा मस्जिद, गौशिया मस्जिद, मदीना मस्जिद समेत गाँवो की मस्जिदों में सलातुल तस्बीह व अन्य नफिल नमाजें पढ़ी गईं और कुरआन-ए-पाक की तिलावत हुई। मस्जिदों व घरों में रातभर अल्लाह व रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब का जिक्र होता रहा एवं दरूदो सलाम का नजराना पेश किया गया। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्तीमोहम्मद शब्बीर कादरी ने संबोधित किया। वही इस मौके पर हाफिज नदीम और मौलाना कौनेन मिस्बाही ने अपने नात से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### हज के लिए मक्का रवाना हुए आजमीन हासिम राय, ग्रामीणों में दिखा उत्साह



हज के लिए रवाना होते जायरीन।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ निवासी आजमीन हासिम राय पिता महरुम मोहम्मद इलियास राय हज यात्रा के लिए उमरा मक्का मदीना सऊदी अरब के लिए रविवार को रवाना हुए। मौके पर आजमीन हासिम राय नें कहा की हज यात्रा करने का सपना मुझे बचपन से ही था जिसे पूरा होते देख मुझे बहुत खुशी हो रहीं हैं। इसके लिए मेरे परिवार और गाँव के लोगों का पूरा सहयोग मिला हैं। जिसके लिए मैं सभी को तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पकंज तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता गफार अंसारी, नावागढ़ पंचायत समिति के पूर्व सदस्य भाजपा नेता हरिओम प्रसाद, कांग्रेस के नजीर मियां, झामुमो के मुस्लिम अंसारी, मोहम्मद मौसम राय, मौलवी मोहम्मद इशा, सनाउल्ला मिस्त्री मुबारक अंसारी, इसराइल अंसारी, मोहम्मद फारूक अंसारी, मोहम्मद लियाकत अंसारी, रिजवान अंसारी,मोहम्मद मकसूद मियां, मोहम्मद मुजीब अंसारी समेत सैकड़ो गणमान्य महिला-पुरुष मौजूद रहे।

# जंगली हाथी ने महिला को पटक कर मारा डाला, एक घायल

## पहुंच पथ नहीं होने के कारण इलाज को एक किलोमीटर खाट पर लायी गयी घायल महिला

➲ ग्रामीणों में रोष, कहा- और कितनों की जान लेगा जंगली हाथी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मृतका के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करते विभाग के लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की रात्रि झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के डूमरचुआं में एक महिला जिपियसक देवी पति फूलदेव गंझू को पटक मर मौत के घाट उतार दिया वहीं दूसरी महिला सुनीता देवी पति कलेश्वर गंझू को सूंड से पकड़कर हवा में उछालकर पटक दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। रविवार की सुबह गांव पहुंचकर वन विभाग की टीम मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर अंतः परीक्षण के लिए भेजा व मृतक के परिजनों से मुलाकात कर तत्काल 40 हजार रुपये का आर्थिक सहायता प्रदान किया, वहीं कुछ दिनों के अंदर और 60 हजार रुपये देने व कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 3 लाख रुपये और देने की बात कही। वहीं घायल को भी विभाग की ओर पांच हजार रूपये की सहायता राशि दी गयी।

## पंचायत समिति सदस्य ने विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

### अस्पताल ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी

हाथी के हमले से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, घायल सुनीता देवी को ग्रामीण लगभग 1 किलोमीटर खाट में लिटा कर गरदाग पहुंचे जहां से 108 एंबुलेंस से महिला को अस्पताल लाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि डूमर चुआं गांव तक जाने के लिए कोई पहुंच पथ नहीं है। जिस कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है। कोई बीमार पड़ जाए तो उसे गरदाग तक खाट पर लेकर आना पड़ता है।

### हाथी ने दो महिलाओं पर किया हमला

मृतिका के पति फूलदेव गंझू ने बताया की जिपियसक देवी व सुनीता देवी दोनो चंदवा से काम कर घर लौट रही थी, जैसे ही घर के समीप पहुंची जंगली हाथी हमला कर दिया, जब तक दोनो कुछ समझ पाते दोनो को हाथी अपने चपेट में ले चुका था।

बोदा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुशीला टोपनो ने विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बताया कि हाथी के हमले से घायल महिला को रात भर उसके हाल पर छोड़ दिया गया व वन विभाग के लोग केवल हाल-चाल लेकर लौट गए। रविवार की सुबह घायल महिला को ग्रामीण खटिया पर लाद कर अस्पताल ला रहे थे, सूचना के बाद मीडिया कर्मियों के पहल पर चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम भेजी गई, जिसके बाद घायल को अस्पताल लाया गया जहां डॉ नन्द कुमार पांडेय व डॉ निर्मला कुमारी की देख रेख में उसका उपचार चल रहा था। इधर प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा भी अस्पताल पहुंचकर घायल सुनीता देवी का हालचाल जाना व समुचित इलाज करने के बात कहीं। वहीं विभाग के लोगो ने कहा कि घायल महिला को वन विभाग अस्पताल लाना चाह रही थी, लेकिन घायल महिला अस्पताल आने से इंकार कर दी थी।

## जयंती पर याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी भोला टाना भगत व थोलवा टाना भगत

# समाज के लिए प्रेरणादायी है टाना भगतो की जीवनी : सुनिता खलखो

➲ चंदवा प्रखंड की डुमारो पंचायत का निंद्रा गांव, जहां जन्म लिये थे नौ स्वतंत्रता सेनानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जयंती मनाते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के निंद्रा कारीटाड स्थित नौ स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारक स्थल पर रविवार को अखिल भारतीय नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत समुदाय द्वारा थोलवा टाना भगत व भोला टाना भगत की जयंती मनायी गयी। इसके अलावा डुमारो पंचायत में जन्मे सात टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठीबरा टाना भगत और छोटेवा टाना भगत समेत अन्य को भी नमन किया गया। सर्वप्रथम टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी के परिवार की महिलाओं द्वारा नदी से नौ कलश में जल भरकर स्मारक स्थल तक लाया गया। जहां सभी कलश पर दीप जलाकर जयंती की शुरूआत समुदाय के अध्यक्ष गोवर्धन टाना भगत, छोटेया टाना भगत, चलितर टाना भगत के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके बाद टाना भगत परिवार के लोगों के द्वारा व विधिवत पूजन व प्रार्थना भी की गई। वहीं मुख्य अतिथि सुनीता खलखो ने स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व देश के लिए उनके द्वारा दिये गए बलिदानों को याद किया। कहा कि स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतों ने सादगी व सच्चाई के पथ पर पूरे देश को सिख देने का काम किया था। वक्ताओं ने आगे कहा कि डुमारी पंचायत में कुल नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी पैदा हुए जो गौरव की बात है। इन सेनानियों ने देश की आजादी की आंदोलन में अहम भूमिका निभायी थी। इन स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन संघर्ष सभी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में डुमारी राजेश टाना भगत, जेएमएम सचिव रामभजन सिंह, उपमुखिया लाला उरांव, मनोहर गोप, रामप्रकाश गोप, मुखिया प्रतिनिधि सुशील उरांव, करण लोहरा, झरी मुंडा, रामजीत गोप, शिव शंकर टाना भगत, सुखराम टाना भगत, भरत टाना भगत, बिरसा टाना भगत, सुखराम टाना भगत, अविनाश टाना भगत, यशोदा टाना भगत, नरेश टाना भगत, रंथी टाना भगत, बिरसा टाना भगत गझू समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

### खरवार भोगता विकास संघ ने की बैठक



बैठक करते खरवार भोगता समाज के लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत जावा बार में खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गँझू की अध्यक्षता मे सामाजिक बैठक की गई। बैठक मे अध्यक्ष बहादुर गंझू, कोषाध्यक्ष योगेंद्र गँझू ने उपस्थित समाज के महिला पुरुषों को नशामुक्त, शिक्षित समाज बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही अंधविश्वास, डायन कुप्रथा हटाने के संबंध मे लोगों को जागरूक भी किया गया। वहीं ग्राम कमिटी का चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बसंत गंझू पिता खेटू गंझू, उपाध्यक्ष कुलेश्वर गंझु, सचिव नंदकिशोर गंझू पिता पचन गंझू, उप सचिव प्रदीप गंझु, कोषाअध्यक्ष संतोष गंझू पिता स्व वासुदेव गंझू को सर्वसम्मति से चयनित किया। नवचयनित सभी समितियों को फूल माला से स्वागत किया गया। साथ ही ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने की सलाह दी गई। मौके पर प्रीति देवी, सुनीता देवी, संतोषी देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, पार्वती देवी सहित अन्य कई समाज के लोग मौजूद थे।

### वाविन इंडिया पाईप कंपनी और संदीप हार्डवेयर एंड ममता फर्निचर के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



सेमिनार में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड के कार्मेल हॉस्पिटल के समीप बाला जी के नए शोरूम में वाविन इंडिया पाईप कंपनी और संदीप हार्डवेयर एंड ममता फर्निचर के द्वारा सयुंक्त तौर पर रविवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पाईप से संबंधित जानकारी विक्रेता व इससे संबंधित प्लंबर मिस्त्री को दिया गया साथ पाइप बिक्री को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दी गई। मौके पर सीनियर सेल्स अफसर राज भारती, इवेंट्स ऑपरेटर चंदन राय ने कहा कि पाईप कंपनी मे वावीन ही ऐसा कम्पनी है जिसको इंडिया का सुपर ब्रांड टेस्टेड पाइप कंपनी घोषित किया गया है और इस प्रोडक्ट को लोग कई सालो से यूज कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाविन पाइप विक्रेता, डीलर सतीश कुमार गुप्ता, मिस्त्री तबरेज, इरसाद,अमन, विक्रम,मुन्ना, साबिर, पवन, समेत दर्जन मिस्त्री गण मौजूद थे।

## सिंजो में होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर हुई बैठक

### कार्यक्रम को सफल बनाने को हुआ कमेटी का गठन



बैठक में उपस्थित लोग।



पायल बनारसी।

➲ मुख्य कलाकार अनुपमा यादव, पायल बनारसी, रंजन रंगीला के साथ अन्य करेंगे कार्यक्रम प्रस्तुत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत सचिवालय में दिन रविवार को प्रांतीय यादव महासभा के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर बैठक किया गया। बैठक के माध्यम से सभी की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 मार्च को सिंजो पंचायत सचिवालय के समीप स्थित मैदान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की जाएगी जिसमें मुख्य कलाकार अनुपमा यादव,पायल बनारसी, रंजन रंगीला, के साथ अन्य कलाकार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं कार्यक्रम का समय 11:00 बजे दिन से शाम 5:00 बजे तक का रखा गया है। जहां कार्यक्रम का सफल संचालन हेतु प्रांतीय यादव महासभा के द्वारा कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष बच्चन यादव, उपाध्यक्ष गुलाब यादव (जुंगुर) बलराम यादव, अरविंद यादव, सचिव अंकित राज यादव (सिंजो), महासचिव नागेंद्र यादव व्यास (पल्हेया), नंदकिशोर यादव (माइल), महासचिव पंकज यादव, कोषाध्यक्ष सागर कुमार यादव (सिंजो), शैलोक यादव, प्रखंड मीडिया प्रभारी रुपेश यादव (पल्हेया), जिला मीडिया प्रभारी नारद यादव (मटलोंग), महासचिव अंजू यादव।



**सक्रिय सदस्य** सकलदीप यादव सिंजो उप मुखिया, मथुरा यादव (जान्हों), रामकुमार यादव, नरेश यादव (लाली), अखिलेश यादव (चेचेंधा), अरुण यादव (औराटांड़), बिमलेश यादव (बंदुआ), प्रमोद यादव (बंदुआ), विनोद यादव (औराटांड़), नीरज यादव (मटलोंग), कमलेश यादव (विशुनबांध), सूरज यादव निराला, संतोष यादव, अजीत यादव, शंभू यादव, ओम प्रकाश यादव, लव यादव, महेंद्र यादव, मनोज यादव, संजय यादव, अभिषेक यादव, मिथिलेश यादव, संतोष यादव, सत्यदेव यादव, पिंटू यादव, शिवपूजन यादव, पप्पू यादव, पंकज यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, पंकज यादव, अरुण यादव, योगेंद्र यादव,लव यादव, विनोद यादव, समेत अन्यों को सभी के सर्वसम्मति से सदस्य बनाया गया है। जिसकी जानकारी कमेटी के अध्यक्ष बच्चन यादव ने दिया।

**भाजपा नेता ने प्रभावितों से की मुलाकात,दी राहत सामग्री**

## उपायुक्त से आवास दिलाने का करूंगा मांग : चेतलाल रामदास



ग्रामीणों को राहत सामग्री देते भाजपा नेता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ दी गयी खाद्य सामग्री में प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल, आलू, आटा, तेल, नमक सहित नगद पैसा व बर्तन मिले

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा पंचायत अंतर्गत बलबल ग्राम और मारंगलोइया ग्राम में बीते सप्ताह को जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों घर ध्वस्त कर दिया था। इसकी सूचना पाकर भाजपा नेता सह समाजसेवी चेतलाल रामदास ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें मदद के रूप में खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया। दिए गए खाद्य सामग्री में प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल, आलू, आटा, तेल, नमक सहित नगद पैसा व वर्तन दिया गया। मौके पर भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि फिलहाल मैं आपकी पीड़ा को समझते हुए अपने निजी खर्च से मदद कर रहा हूं। लेकिन मेरा प्रयास रहेगा कि आप लोगों को सरकार और वन विभाग से बात कर उचित मुआवजा दिलाया जाए। वहीं जिन-जिन लोगों का घर टूटा है। उन्हें भी मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कहा कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में फिलहाल कुछ दिनों से जंगली हाथियों ने उत्पात मचा कर रखा है। लेकिन वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे है। वन विभाग हांथी भगाने को लेकर अगर कोई ठोस कदम नहीं उठाता है। इन्होने उपायुक्त से ग्रामीणो को हाथियों के आतंक से राहत दिलाने की गुहार लगायी है। मौके पर मुकेश उरांव, विफा उराँव, जीता उरांव, रामप्रसाद उरांव, बिरसा उरांव, सुनील उरांव, देवंती भगत, शनिचरवा देवी, चरवा उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक वैद्यनाथ राम ने हाथियों के आतंक झेल रहे सुदूरवर्ती तिलैयादामर गांव का किया दौरा



ग्रामीणो को राहत सामग्री प्रदान करते विधायक व अन्य।

➲ विधायक वैद्यनाथ राम दर्जनो लोगों के बीच खाद्यान्न, कंबल व टॉर्च का किया वितरण

**चंदवा।** विधायक वैद्यनाथ राम रविवार को अपने दर्जनो कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती तिलैयादामर गांव का दौरा किया। इस दौरान विधायक श्री राम ने विगत दो वर्ष से जंगली हांथियों के आतंक की मार झेल रहे ग्रामीणो से मुलाकात की व उनकी परेशानियों को सुना व जाना। इस दौरान हाथियों के आंतक से प्रभावित 35 ग्रामीणो के बीच 20 किलो चावल, 45 ग्रामीणो के बीच टॉर्च व 45 जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया। विधायक वैद्यनाथ राम ने दौरे के क्रम मे ग्रामीणो को भरोसा देते हुये कहा कि जंगली हाथियों के कारण जिन्हे क्षति उठानी पड़ी है, उन्हे हर संभव मदद दिलाने का प्रयास किया जायेगा। विधायक ने हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने को लेकर विभागीय पहल कराने का भी भरोसा दिया। मौके पर मौके पर युवा नेता अंकित पांडेय, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव मो. इजहार, राजकुमार साहू, मो. सरफराज समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार देखना है तो स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये गये शौचालय की करायें जांच

# कागजों में हुआ ओडीएफ, खुले में शौच के लिए मजबूर लोग

**दीपक राज**

➲ कई गांवों में बना शौचालय निर्माण के बाद से ही है जर्जर

➲ भ्रष्टाचार में उलझ कर रह गया स्वच्छता अभियान



बनने के बाद से जर्जर पड़ा शौचालय।

**बरवाडीह।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर- घर में शौचालय निर्माण की योजना बरवाडीह में पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। खास बात तो यह है कि योजना की समुचित जांच कराए बगैर कागजों में ही ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। जिला और प्रखण्ड प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में सौ फीसदी शौचालय बनाकर वाह वाही लूट ली लेकिन जब गांवों में जाकर ग्राउंड रियलिटी की पड़ताल की गई तो पता चला कि कई जगहों पर शौचालय अधूरा या फिर बनने के बाद से बेकार पड़ा हुआ है। कई जगहों पर तो इसमें कचड़ा और घांस फूस भर दिया गया है। कहीं दरवाजे तो कही छत नहीं है, लेकिन विभाग द्वारा उन्हें कागजों पर पूरा दिखाकर रुपए की निकासी और बंदरबांट जरूर कर ली गई है। यही नहीं बल्कि बरवाडीह प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा जैसी योजनाओं को अधिकारियों और जिम्मेवार कर्मियों की मिलीभगत से रसातल में भेजा जा रहा है। जिसकी हकीकत भी आने वाले दिनों में आप सभी को दिखाई जाएगी।

### लाभुक को पता नहीं कागज में बन गया शौचालय

इधर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बाजार से सटे गढ़वाटांड़ टोला में शोभा देवी (पति स्व.भोला प्रसाद) का कागजों में शौचालय बन गया है। लाभुक को इसकी जानकारी भी नहीं हैं। हालांकि महिला बेहद गरीब और शारीरिक रूप से विकलांग है, जो शौचालय और आवास की सभी पात्रता रखती है। खबर मंत्र ने एसबीएम के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार से इस संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि जलसहिया के माध्यम से लाभुक का शौचालय बना है। लेकिन लाभुक और उसका परिवार आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर है। ऐसे में उच्च अधिकारियों को इस मामले की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराते हुए हुए दोषियों पर कठोर कारवाई की जानी चाहिए।

### बिचौलियों के माध्यम से कई गांवों में बना है शौचालय

जानकारों की माने तो शौचालय निर्माण की बुनियाद ही भ्रष्टाचार पर रखी गई थी। शौचालय निर्माण में बारह हजार रुपए का प्राक्कलन सरकार की ओर से निर्धारित किया गया था। लेकिन कई जगहों को इस कार्य को कराने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के कर्मियों के द्वारा गांव के बिचौलियों को ठेके पर दे दिया गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि जैसे तैसे शौचालय का कार्य पूर्ण दिखाकर पैसों को हजम कर लिया गया।




# इंडिया ने किया फतह, जडेजा के आगे ऑस्ट्रेलिया सरेंडर

## दिल्ली में बजा डंका, तीसरे दिन ही भारत ने मेहमान टीम को हराया, सीरीज में 2-0 से आगे



- पहली पारी में रवींद्र जडेजा- 21 ओवर, 68 रन, 3 विकेट
- दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा- 12.1 ओवर, 42 रन, 7 विकेट
- पहली पारी में अश्विन- 21 ओवर, 57 रन, 3 विकेट
- दूसरी पारी में अश्विन- 16 ओवर 59 रन, 3 विकेट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया ने सिर्फ तीन दिन में ही अरुण जेटली स्टेडियम में जीत का झंडा गाड़ दिया। रविंद्र जडेजा (42 रन पर 7 विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के चलते ऑस्ट्रेलिया टीम अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 114 रन ही सिमट गई। जवाब में भारत ने चार विकेट के नुकसान पर 115 रन का टारगेट पा लिया। इस शानदार जीत के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मेजबानों के पास 2-0 की अजेय लीड भी हो गई। इससे पहले भारत ने नागपुर में खेला गया पहला टेस्ट भी तीन दिन में ही जीता था। अब लगातार दूसरे मैच में कंगारू बल्लेबाज अपने स्पिनर्स के आगे घुटने टेकते नजर आए। सीरीज का तीसरा मैच 1 मार्च से इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा।

### एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत

टेस्ट फॉर्मेट में भारत की यह ऑस्ट्रेलिया पर 32वीं जीत थी। इसी के साथ किसी एक टीम के खिलाफ यह सबसे ज्यादा जीत हो गई। इंग्लैंड के विरुद्ध 31 तो श्रीलंका के खिलाफ भारतीय धुरंधरों ने 22 मैच जीते हैं।

### यादगार रहा दिल्ली टेस्ट

अब तीनों फॉर्मेट में भारतीय क्रिकेट टीम टॉप पर पहुंच चुकी है। टेस्ट, वनडे और टी-20 तीनों फॉर्मेट मिलाकर भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 100वीं जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह 32वीं टेस्ट जीत थी, जो एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा है। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा ने विनिंग शॉट लगाकर मुकाबले को यादगार बनाया।

### अब ऐसा है डब्ल्यूटीसी का प्वाइंट्स टेबल

17 मैच में 10 जीत और 4 ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया 136 अंक लेकर टॉप पर है। अब भारत ने भी 10वां मैच जीत लिया है। 16 मुकाबलों में 2 ड्रॉ के साथ टीम इंडिया के फिलहाल 123 पॉइंट्स है और वह दूसरी पोजिशन पर है। अगर यहां से भारत ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच में हराएगा तो उसका हळउ फाइनल क्वालिफिकेशन पक्का हो जाएगा।

### पहली पारी में दोहराया गया इतिहास

भारतीय टीम पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 263 के जवाब में 262 पर पर सिमट गई थी। इस सदी में अभी तक सिर्फ एक बार ही ऐसा हुआ था जब किसी मेहमान टीम ने भारत के खिलाफ पहली इनिंग्स में 300 से भी कम रन बनाने के बावूजद भारत के खिलाफ बढ़त लेने में कामयाब रही थी। साल 2017 में पुणे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ऐसा किया था और इसी टीम ने दिल्ली टेस्ट की पहली पारी में एक रन की बढ़त के साथ अपने इतिहास को दोहरा दिया।

## पैट कमिंस ने पुजारा को दिया स्पेशल गिफ्ट



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में मिली हार के बाद कप्तान पैट कमिंस ने चेतेश्वर पुजारा के ऑस्ट्रेलिया टीम की टी-शर्ट गिफ्ट की है। जिस पर कंगारू टीम के सभी खिलाड़ियों के ऑटोग्राफ हैं। यह गिफ्ट पाकर पुजारा भी खुश दिखे। पुजारा भारत के लिए 100वां टेस्ट खेलने वाले 13वें भारतीय बने हैं।

## जयपुर में 1454 दिन बाद खेलने उतरेंगे राजस्थान के रजवाड़े

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का आगाज साल 2008 में हुआ था। आईपीएल की शुरूआत 8 टीमों के साथ हुई थी। ऐसे में टूनार्मेंट के पहले सीजन में ही ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज लेग स्पिनर शेन वॉर्न की अगुवाई में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली थी। गौरतलब है कि इसके बाद आरआर यह कारनामा दोबारा फिर कभी नहीं कर पाई। हालांकि पिछले सीजन राजस्थान आइपीएल के फाइनल तक पहुंचा था। जहां नई फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस ने उन्हें मात दी थी। वहीं अब 2023 में एक बार फिर रॉयल्स दूसरी आईपीएल ट्रॉफी का सपना लेकर मैदान में उतरेगी।

## केएल राहुल पर गिरी गाज, काम नहीं आया कोच का सपोर्ट

**नयी दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि लगातार खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल पर बीसीसीआई ने बिना कुछ कहे बड़ी कार्रवाई कर दी है। दरअसल राहुल को टेस्ट टीम की उप कप्तानी से हटा दिया गया है। सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए राहुल को उप कप्तान के तौर पर टीम शामिल किया गया था। हालांकि अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए भी राहुल को टीम में रखा गया है लेकिन उप कप्तान कौन है इसकी घोषणा नहीं की गई है। बीसीसीआई ने अंतिम दो टेस्ट के लिए जिस टीम की घोषणा की है उसमें रोहित शर्मा कप्तान हैं। वहीं टीम में केएल राहुल का नाम सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर शामिल किया गया है। ऐसे में यह साफ जाहिर होता है कि लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के कारण केएल राहुल पर बीसीसीआई की यह गाज गिरी है। ऐसे में यह साफ है कि उप कप्तानी से हटाए जाने के बाद राहुल टीम के अंतिम 15 में तो रहेंगे लेकिन प्लेइंग इलेवन में उनके नाम पर अब विचार होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान

- 10 साल बाद खेलेगा जयदेव उनादकट गेंदबाज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम (क्ठऊ ५२ अवर) की घोषणा हो गई है। टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद 17 मार्च से दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज शुरू होगी। 3 मैचों की सीरीज का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने बताया कि पारिवारिक वजहों से रोहित सीरीज का पहला मैच नहीं खेल पाएंगी। उनकी जगह हार्दिक पंड्या कप्तान होंगे।

### 2013 के बाद मिला उनादकट को टीम में जगह



भारत के लिए 2013 में आखिरी वनडे खेलने वाले जयदेव उनादकट को इस सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। उन्हें 10 साल बाद इस फॉर्मेट में खेलने का मौका मिल सकता है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उनादकट ने भारत के लिए 7 वनडे खेले हैं। इसमें उनके नाम 8 विकेट हैं। वहीं रविंद्र जडेजा की भी टीम में वापसी हुई है। एशिया कप के दौरान चोटिल हुए जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ही इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है। चोट की वजह से न्यूजीलैंड सीरीज में बाहर बैठे अय्यर की भी वापसी हुई है।

**वनडे के लिए टीम इंडिया**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, ईशान किशन (विकेट किपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), आर जडेजा, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

## रणजी ट्रॉफी 2023 : सौराष्ट्र बना चैंपियन



**कोलकाता।** रणजी ट्रॉफी 2022-23 सत्र के फाइनल में सौराष्ट्र ने बंगाल को 85 रन से हराते हुए दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम किया है। सौराष्ट्र की इस जीत में तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने कमाल का खेल दिखाया और दोनों पारियों को मिलाकर कुल 9 विकेट अपने नाम किए। मुकाबले में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद ही जीत की ओर कदम बढ़ा दिया था। बंगाल ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 169 रन से आगे से की लेकिन उसकी पूरी टीम 241 रन पर आउट हो गई। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। आकाशदीप की गेंद पर सौराष्ट्र ने ओपनर बल्लेबाज जय गोहिल (शून्य) का विकेट गंवाया लेकिन टीम 2.4 ओवर में 14 रन बनाकर दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019-20 सत्र में मिला था। उस समय टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को पछाड़ा था। सौराष्ट्र ने पिछले 10 सत्र में पांच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चैंपियन बनने से चूक गई। उसने अपना पिछला खिताब 1989-90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था।

## इंग्लैंड ने 15 साल बाद न्यूजीलैंड में जीता टेस्ट एंडरसन-ब्रॉड ने तोड़ा वॉर्न-मैक्ग्रा का बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी

**माउंट माउंगानुई।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के दौरे पर पहले टेस्ट में शानदार जीत हासिल की है। उसने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में मेजबान को 267 रन से रन से हराया। माउंट माउंगानुई में मैच के चौथे दिन न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 126 रनों पर सिमट गई। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 15 साल बाद न्यूजीलैंड की धरती पर किसी टेस्ट में जीत हासिल की है। उसे पिछली जीत 2008 में नेपियर के मैक्लेन पार्क में 121 रनों से मिली थी।न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी को नौ विकेट पर 325 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 306 रन बनाए। इस तरह इंग्लैंड को पहली पारी में 19 रनों की बढ़त मिल गई। उसने दूसरी पारी में 374 रन बनाए। इस तरह न्यूजीलैंड को जीत के लिए 394 रनों का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में पूरी टीम 126 रनों पर सिमट गई। इस तरह इंग्लैंड ने 267 रन से मैच को अपने नाम कर लिया।

### दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फेल

इंग्लैंड के लिए पहली पारी में हैरी ब्रुक ने 81 गेंद पर 89 और बेन डकेट ने 68 गेंद पर 84 रन बनाए। दूसरी पारी में उसके लिए हैरी ब्रुक ने 41 गेंद पर 54 रन ठोक दिए। जो रूट ने 62 गेंद पर 57 रन बनाए। न्यूजीलैंड की बात करें तो उसके लिए पहली पारी में टॉम ब्लंडेल ने 131 और डेवोन कॉनवे ने 77 रन बनाए। दूसरी पारी में सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। डेरेल मिचेल ने नाबाद 57, माइकल ब्रेसवेल ने 25 और टॉम लाथम ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी की बात करें तो न्यूजीलैंड के लिए पहली पारी में नील वेग्नर ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। दूसरी पारी में ब्लेयर टिकनेर और माइकल ब्रेसवेल को तीन-तीन सफलता मिली। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में ओली रॉबिंसन ने चार और जेम्स एंडरसन ने तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने चार-चार सफलता हासिल की।

## नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले मास्टर एथलीटों का स्वागत

## विजेताओं का हुआ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन


ओरमांझी के गोल्ड मेडल विजेताओं का स्वागत करते अतिथि।

**ओरमांझी।** कोलकाता में आयोजित 43वां नेशनल एथलेटिक्स मास्टर चैंपियनशिप-2023 के दौड़ प्रतयोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले ओरमांझी प्रखंड के विजेताओं का जारदार स्वागत किया गया। झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे ओरमांझी प्रखंड के लक्ष्मण महतो ने 5000 मीटर दौड़ में श्याम देव महतो 3000 मीटर दौड़ में व पांचा निवासी एशियन गोल्ड मेडलिस्ट रहे वीरेंद्र साहू तीनो ने स्वर्ण पदक जीत क्षेत्र का मान बढया हैं। प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर लौटने की जानकरी मिलते ही पूर्व सासंद रामटहल चौधरी के साथ क्षेत्र के काफी संख्या में तीरंगा झंडा लिए लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ विजेताओं का स्वागत किया। बताया गया कि बेहतर प्रदर्षन व नेशनल स्पर्धा में गोल्ड जीतने से प्रभावित तीनों को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी चयन किया गया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर लीला कुमारी का 200 मीटर दौड़ में चयन हुआ है। रामटहल चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ व शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया और कहा ने इन खिलाड़ियों ने जिस प्रकार ओरमांझी प्रखंड को गवांवित किया। उसी प्रकार देश का भी मान बढ़ाएंगे। उन्होंने राज्य सरकार से गोल्ड जीते खिलाड़ियों को नौकरी देने की मांग की और कहा झारखंड के युवाओं में खेल में अशिम संभावनाएं हैं। इसपर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। स्वागत करने वालों में रणधीर कुमार चौधरी, अलखनाथ महतो, भानु प्रताप महतो, नकुल महतो, अनिल महतो, कामेश्वर महतो, जानकी देवी, जयप्रकाश महतो, अरविंद महतो, राजेंद्र चौधरी, रामलखन महतो, विशेश्वर महतो, भूषण महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## कोहली के नाम एक और विराट रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली ने दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दौरान एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय करियर में बड़ा रिकार्ड बनाया है। विराट कोहली ने टीम की दूसरी पारी के दौरान जब अपने 12वें रन को पूरा किया तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25000 रनों का आंकड़ा छूने वाले 6वें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बन गये। वहीं कोहली इस मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी भी बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ने जहां अपनी 577वीं पारी में अपने 25000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए थे तो वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोटिंग ने 588 पारी में इसे पूरा किया था।

## पेज 3 का शेष...

### भाजपा- आजसू के नेता झूठों के सरदार...

**झारखंडी ही राज्य का विकास करेगा :** श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में अब वही राज करेगा जो 1932 की बात करेगा। इससे पहले भी स्थानीय नीति भाजपा और आजसू ने मिलकर बनायी थी लेकिन तब सड़कों पर खून बह रहा था। जब हमने 1932 के खतियान आधारित नीति तैयार की तो उसका स्वागत हर चौक चौराहे पर अबीर गुलाल से किया गया। उन्होंने कहा, झारखंड का विकास तभी संभव है जब यहां का आदिवासी, मूलनिवासी सरकार चलायेगा। जब से झारखंड अलग हुआ था यहां की सत्ता पर यूपी और बिहार वालों का ही कब्जा रहा। कहने के लिए तो बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को सीएम की कुर्सी दी गयी लेकिन उन लोगों को पांच साल पूरा नहीं करने दिया गया। **ममता के काम से चिढ़ कर विपक्ष ने फंसाया:** प्रत्याशी बजरंग महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी कोरोना काल के बाद क्षेत्र में 1 साल काम करने का मौका मिला। उनके काम को देख कर विरोधी दलों द्वारा हमलोग को फंसाने का काम किया। सभा को आलमगीर आलम, समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

### झारखंड में खेल प्रतिभा की कमी नहीं......

**यह वीरों की भी भूमि है:** राज्यपाल ने कहा कि झारखंड खेल ही नहीं बल्कि यह वीरों और खनिजों की भी भूमि है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा से लेकर क्रिकेट के धुरंधर महेंद्र सिंह धोनी की भी प्रशंसा की है। उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा, निक्की प्रधान हॉकी, तीरंदाज दीपिका कुमारी सहित ऐसे सैकड़ों खिलाड़ियों की भूरी-भूरी सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि होटवार में खेल की आधारभूत संरचना बहुत अच्छा है। अपने स्वागत भाषण में सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। महोत्सव में 17 प्रखंड 200 पंचायत के करीब 5023 बच्चों ने इस खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें 6 खेलो का आयोजन किया गया। इसमें कुल 668 प्राइस का वितरण किया गया है।

### जस्टिस एसके मिश्रा रांची ...

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हाई कोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारियो ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### रांची में बने सभी वर्टिकल गार्डन:

हालांकि रांची नगर निगम की बिल्डिंग में लगा वर्टिकल गार्डन को भी नये और हरे पौधे का इंतजार है। सबसे पहले रांची नगर निगम ने हिनू चौक में राज्य का वर्टिकल गार्डेन लगाया था। अब रांची नगर निगम बिल्डिंग, एयरपोर्ट रोड, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, लोकायुक्त कार्यालय, स्टेट गेस्ट हाउस, राजभवन के समीप, धुर्वा सेक्टर जाने वाले रास्ते में वर्टिकल गार्डन लगाये गये हैं। कई जगहों पर सेल्फी प्वाइंट : रांची नगर निगम की ओर से लगाए गए इस गार्डेन में सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। इस सेल्फी प्वाइंट पर शहरवासियों के साथ-साथ बाहर से आनेवाले लोग भी सेल्फी ले सकते हैं। निगम के अधिकारियों ने बताया कि बड़े बड़े महानगरों व शहरों में इस प्रकार के सेल्फी प्वाइंट होते हैं। उसी की तर्ज पर राजधानी में भी इसकी शुरूआत की गई है। इन जगहों पर कई लोग फोटो भी खींच रहे हैं। इस वर्टिकल गार्डन में आइ लव रांची का भी बोर्ड सेल्फी के लिए लगाया गया है।

### जमने लगा है रंग रामगढ़ उपचुनाव का...

उन्होंने कहा कि महागठबंधन के उम्मीदवार बजरंग महतो की स्थिति मजबूत है। एक बार फिर से यह साबित हो जायेगा कि हेमंत सोरेन सरकारए झारखंड हित में सकारात्मक कार्य कर रही है। भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार केवल अपनी बातों से लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। लेकिन उसे किसी भी हाल में झारखंड में सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में भी पिछले उपचुनावों की तरह गठबंधन उम्मीदवार को जीत जरूर मिलेगी। **रोचक हो रहा है मुकाबला :** यूपीए और एनडीए में सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। एनडीए की ओर से सुनीता चौधरी तो महागठबंधन के तरफ से बजरंग गुप्ता खम ठोंक रहे हैं। दोनों ओर से उपचुनाव धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। यह उपचुनाव राज्य के लिए हॉट सीट बन गया है। यूपीए किसी भी हाल में यह सीट खोना नहीं चाहेगा। एनडीए किसी भी हाल में अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस पाना चाह रहा है। वहीं, दर्जनों उम्मीदवार ऐसे भी हैं जिन्हे वोटर जानते तक नहीं हैं। उपचुनाव में कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गोपालगंज : जहां भाई की हुई मौत, वहीं बहन भी डूबी, अक्सर कहती थी- भैया बुला रहे

**गोपालगं।** जथावे थाना क्षेत्र के इटवा पुल स्थित दाहा नदी से एक किशोरी का शव पुलिस ने बरामद किया। किशोरी के भाई की भी 2016 में दाहा नदी में ही डूबने से मौत हो गई थी। इस हादसे की वजह से किशोरी को गहरा सदमा लगा। वो बार-बार नदी के पास जाने की कोशिश करती। शनिवार को किशोरी नदी के पास पहुंची और रविवार दोपहर उसका शव मिला। मृतिका की पहचान थावे थाना क्षेत्र के लक्षवार गांव निवासी निशु कुमारी (16) के रूप में की गई। मृतका के चाचा उमेश गिरी ने बताया कि 2016 में निशु के बड़े भाई आकाश की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। आकाश अपनी बहन निशु को काफी प्यार करता था। भाई की मौत का निशु के दिमाग पर गहर असर पड़ा। बार-बार नीशु नींद से जाग भैया... भैया.. कहकर रोने लगती। वह कहती- भैया बुला रहे हैं। परिजन समझाते और उसे शांत कराते।

## नालंदा में सड़क हादसे में युवक की मौत

**नालंदा।** नालंदा में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोदीपुर पेट्रोल पंप के पास की है। मृतक लोदीपुर गांव निवासी रामवृक्ष रविदास के 38 वर्षीय पुत्र श्याम कुमार रविदास है। मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने राजगीर-इस्लामपुर मुख्य मार्ग में लोदीपुर गांव के समीप सड़क पर शव को रखकर जाम लगा दिया। श्यामसुंदर रविदास घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिसके 7 बच्चे हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि श्यामसुंदर रविदास 8 दिन पूर्व बाइक से कहीं जा रहा था।

## सुपौल में 800 केजी गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार के सीमावर्ती सुपौल जिले के इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर करोड़ों की अवैध गांजा के साथ एक गांजा तस्कर को एसएसबी जवानों ने गिरफ्तार किया है। इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 45 वी बटालियन के जवानों ने गुप्त सूचना पर सीमावर्ती इलाके के दो अलग अलग बॉर्डर आउट पोस्ट के जवानों ने करीब 800 किलोग्राम गांजा पकड़ा है। वीरपुर के एसएसबी 45 वीं बटालियन के कमांडेंट आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता कर रविवार को जानकारी दीं।भारत नेपाल बॉर्डर आउट पोस्ट एसएसबी 45 वीं बटालियन के शैलेशपुर बीओपी और रिफ्यूजी कॉलोनी बॉर्डर आउट पोस्ट के जवानों ने गुप्त सूचना पर करीब 800 किलोग्राम गांजा के साथ एक गांजा तस्कर को पकड़ने में कामयाबी हासिल किया है।

## बिना ओटीपी के खाते से उड़ा लिये पैसे

- साइबर शातिरों का नया कारनामा
- इस नये तरीके से पुलिस भी हैरान
- मामला ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ा हुआ है
- छपरा में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है

एजेंसी

**छपरा।** बिहार के छपरा में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। साइबर शातिरों ने बिना ओटीपी के पैसे गायब कर दिये हैं। आम तौर पर देखा जाता है कि साइबर ठगों को पैसे निकालने के लिए ओटीपी की जरूरत होती है। बैंक भी कहता है कि अपना ओटीपी शेयर नहीं करें। लेकिन अगर बिना ओटीपी के ही आपके खाते से पैसे गायब हो जाएं, तो इसे आप क्या कहेंगे। छपरा में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां साइबर शातिरों ने बिना ओटीपी के एक लाख रुपये खाते से उड़ा लिये हैं। मामला ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ा हुआ है। जहां एक पीड़ित ने दावा किया है कि उससे बिना ओटीपी लिए शातिरों ने उसके खाते से एक लाख रुपये गायब कर दिये।

### पूरा मामला छपरा के बनियापुर थाना क्षेत्र का है




पूरा मामला छपरा के बनियापुर थाना क्षेत्र का है। खाते से पैसा गायब होने से परेशान शख्स अब थाने का चक्कर काट रहा है। दरअसल, बनियापुर थाना क्षेत्र के इब्राहिम पुर में एक व्यक्ति के खाते से बिना ओटीपी, सीवीवी बताए ही उनके खाते से करीब एक लाख रुपये की निकासी हो गई है। इस संबंध में पीड़ित पिंटू सिंह ने स्थानीय थाने में प्रथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्रथमिकी में उन्होंने कहा है कि ऑनलाइन स्पेयर पार्ट वाले का फोन आया कि आपको अपना ऑर्डर कैंसिल करने के लिये दो रुपए का पेमेंट करना पड़ेगा। उसके बाद पीड़ित ने यूपीआई आईडी से दो रुपए का पेमेंट कर दिया।

### स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज

बाद में अगले दिन उनके खाते से 99 हजार 999 रुपया गायब हो गया। इस संबंध में पीड़ित ने स्थानीय थाने में प्रथमिकी दर्ज करा कर रुपया वापसी की गुहार लगाई है। इस बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि साइबर सेल मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। फ्रॉड ने ?2 का पेमेंट जानबूझकर करवाया था कि इनका जानकारी उसके पास जा सके और उसके बाद उसने इनके खाते से पैसे की निकासी की। फिलहाल, पीड़ित को हैरानी हो रही है कि आखिर उसके खाते से पैसे गायब कैसे हुए।

## बिहार तय करेगा अगला पीएम, तेजस्वी का बीजेपी पर तीखा हमला



**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बहरूपिया से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बहरूपिया मीठा-मीठा बात करेगा, वोट लेगा और गायब हो जाएगा। तेजस्वी यादन ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार के लोग नहीं चाहते हैं कि अंतिम पायदान पर बैठे लोग मुख्यधावा में आए। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि 2024 में बिहार तय करेगा कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा। देश पर राज कौन करेंगे। दरअसल, रविवार को पटना में रविदास जयंती समारोह आयोजित की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में जो हालात हैं, उसमें संविधान और लोकतंत्र को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। सभी को एक साथ आना होगा और मिलकर लोकतंत्र को बचाना होगा।

# आम चुनाव, विपक्षी एकजुटता पर बनेगी रणनीति

## कांग्रेस कार्य समिति बैठक 24 से, पार्टी बोली भारत जोड़ो यात्रा का देश भर में हुआ स्वागत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि 24 फरवरी से शुरू हो रहे पार्टी के तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन में 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के संदर्भ में चर्चा की जाएगी एवं आगे का रुख तय किया जाएगा। हालांकि, उसने इस बात पर भी जोर दिया कि उसकी मौजूदगी के बिना देश में विपक्षी एकता की कोई भी कवायद सफल नहीं हो सकती।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान का स्वागत किया और कहा कि जदयू के शीर्ष नेता ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव को स्वीकार किया है। नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस को भारत

**जयराम रमेश बोले- जदयू के शीर्ष नेता ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव को स्वीकार किया**

जोड़ो यात्रा से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए और अगर ऐसा हो गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी 300 से ज्यादा सीट वाली भाजपा को 100 से भी कम सीट पर समेटा जा सकता है।कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, रमेश और पार्टी के कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी अधिवेशन के बारे में कुछ ब्योरा सामने रखा। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के चुनाव के संदर्भ में 24 फरवरी को पार्टी की संचालन समिति की बैठक में फैसला होगा।



रमेश ने कहा कि हम अपनी भूमिका अच्छी तरह जानते हैं। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने भाजपा के साथ कहीं भी समझौता नहीं किया है।

**मील का पत्थर साबित हो अधिवेशन :** वेणुगोपाल ने कहा कि इस बार का यह पूर्ण अधिवेशन 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में करीब 15000 लोगों को आंमत्रित किया गया है, जिनमें डेलीगेट (प्रतिनिधि) होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विशेष डेलीगेट होंगे। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा करने वाले सभी भारत यात्री और पार्टी के अग्रिम संगठनों और विभागों के पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। वेणुगोपाल ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह 10 बजे संचालन समिति की बैठक होगी। इस बैठक में मसौदा समिति द्वारा तय प्रस्तावों पर संचालन समिति एक-एक करके विचार करेगी और इनका अनुमोदन करेगी। उसी दिन विषय संबंधी समिति भी बैठक करेगी, जिसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को ही संचालन समिति इस अधिवेशन के विस्तृत एजेंडे को स्वीकृति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नया रायपुर में जहां अधिवेशन होगा उसे शहीद वीर नारायण सिंह नगर नाम दिया जाएगा।

# पहला हाइब्रिड रॉकेट लांच

**छह से 12 वीं कक्षा तक के 5,000 छात्रों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया**

**150 पीआइसीओ उपग्रहों को किया प्रक्षेपित**

एजेंसी

चेन्नई। देश के पहले हाईब्रिड रॉकेट मिशन का रविवार को यहां सफल प्रक्षेपण किया गया । इसमें दोबारा इस्तेमाल होने वाली प्रक्षेपण यान तकनीकी का इस्तेमाल किया गया है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएलवी) मिशन-2023 नाम से किये गये इस प्रक्षेपण में, रॉकेट 150 पीआईसीओ उपग्रहों को ले गया है जिन्हें देश भर के छह से 12 वीं कक्षा तक के 5,000 छात्रों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

मार्टिन फाउंडेशन ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन (एकेआईएफ) और स्पेस जोन इंडिया के साथ मिलकर यह मिशन किया है। उपग्रहों को साउंडिंग रॉकेट का उपयोग करके भी प्रक्षेपित किया गया। साउंडिंग उपग्रहों के प्रक्षेपण की सुविधा केलमबक्ककम उपनगरीय इलाके के पट्टीपुलम में है और इस जगह से हाइब्रिड रॉकेश के नाम से भी जाने जाने वाली साउंडिग रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया है।

एकेआईएफ की स्थापना दिवंगत राष्ट्रपति और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ अब्दुल कलाम के पौत्रों ने की थी ।

स्पेस जोन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने बताया कि रॉकेट लगभग 5-6 किमी की ऊंचाई तक उड़ गया और उसके बाद समुद्र में गिर गया।

**आठ मिनट तक चला मिशन :** मार्टिन फाउंडेशन ने



डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन और स्पेस जोन इंडिया के साथ मिलकर यह मिशन किया है। उपग्रहों को साउंडिंग रॉकेट का उपयोग करके भी प्रक्षेपित किया गया। साउंडिंग उपग्रहों के प्रक्षेपण की सुविधा केलमबक्ककम उपनगरीय इलाके के पट्टीपुलम में है और इस जगह से हाइब्रिड रॉकेट के नाम से भी जाने वाली साउंडिग रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया है।इस दौरान हर सेकेंड का डाटा उपग्रह द्वारा रिकॉर्ड कर लिया गया। उपग्रहों की सुरक्षित लैंडिग के लिए पैराशूट की मदद ली गई और उतरने के बाद सभी उपग्रह बरामद किए गए और सभी उनसे डेटा एकत्र किया जाएगा। इन उपग्रहों को दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा।

## केंद्र सरकार एनआइएएम में 60 सीट बढ़ायेगी : तोमर



**नयी दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को ऐलान किया कि केंद्र सरकार जयपुर स्थित चौधरी चरण सिंह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल मार्केटिंग (सीसीएस-एनआईएएम) के पीजी डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंटपाठ्यक्रम की सीट संख्या में 60 की बढ़ोतरी करेगी।मंत्री ने यह भी माना कि युवाओं को कृषि क्षेत्र की ओर आकर्षित किया जाना चाहिए। तोमर ने कहा कि सरकार छात्रावास में रहने की अनिवार्यता के प्रावधान को निरस्त करेगी। वह जयपुर में सीसीएस-एनआईएएम के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। फिलहाल,पीजी डिप्लोमा इन एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के पाठ्यक्रम में 60 छात्रों को दाखिला दिया जाता है। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री के हवाले से एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, ह्यह्यदेश में कृषि क्षेत्र को और अधिक लाभ पहुंचाने और गांवों को और अधिक संपन्न बनाने के लिए कृषि से जुड़े छात्रों और युवाओं को भी योगदान देना चाहिए। दीक्षांत समारोह के दौरान तोमर ने प्रतिभाशाली छात्रों को मेडल प्रदान किये।

# शिवसेना के नाम व निशान विवाद में नहीं पड़ेंगे : पवार

**राकांपा प्रमुख बोले- आयोग ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया**

एजेंसी

**पुणे।** राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने और उसे तीर-धनुष चुनाव निशान आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले पर उन्होंने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है तथा वह इसको लेकर चल रहे विवाद में नहीं पड़ेंगे। शुक्रवार को निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे धड़े को उसे आवंटित किये गये शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नाम एवं चुनाव निशान जलती मशाल को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा उपचुनाव होने तक रखने की अनुमति दी। यह चुनाव निशान इस धड़े को आयोग ने पिछले साल अक्टूबर में अपने अंतरिम आदेश में आवंटित किया था। इस पर, उद्धव ठाकरे ने कहा था कि निर्वाचन आयोग का निर्णय लोकतंत्र के लिए घातक है और वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। पवार ने शुक्रवार को कहा था कि तीर-धनुष निशान चले जाने से शिवसेना के उद्धव ठाकरे धड़े पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि जनता उसके नये चुनाव निशान को स्वीकार करेगी। रविवार को इस मुद्दे पर संवाददाताओं से पूछे जाने पर राकांपा प्रमुख ने पुणे के बारामती नगर में कहा कि एकनाथ शिंदे धड़े को दिये गये नाम एवं चुनाव निशान से जुड़े विवाद में मैं नहीं पड़ना चाहता। मैं दो दिन पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पुणे यात्रा के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह सहकार महा सम्मेलन के लिए यहां आये थे। उन्होंने कहा कि मैं इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में था। सहकारिता के क्षेत्र में नीतियों एवं मुद्दों के बारे में बातचीत हुई। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मुझे लगता है कि उनके संबोधन में उनकी बातों का सही ढंग से जिक्र किया गया। मीडिया ग्रुप सकाल द्वारा बैंकिंग और चीनी उद्योग सहकार पर आयोजित सहकार महा सम्मेलन में शाह ने शनिवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र को अपनी प्रणाली में सुधार के लिए आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

## छात्र जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित करें : शाह



**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बच्चों को स्कूल में अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। कोल्हापुर में एक स्कूल के छात्रों से बात करते हुए शाह ने कहा कि उनकी पत्नी पश्चिमी महाराष्ट्र शहर से हैं और यहीं एक स्थानीय स्कूल में पढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के दिनों में जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित करना चाहिए। यह आपको अपने जीवन की चुनौतियों से पार पाने में मदद करेगा। शाह ने कहा कि अगर कोई जीवन में बहुत ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करता है, तो उसे अच्छी आदतों से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को नियमित व्यायाम, योगाभ्यास और स्वस्थ आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि अक्सर आलस के कारण इन पहलुओं की उपेक्षा की जाती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि लगातार 21 दिन तक कोई एक काम करने से उसकी आदत बन जाती है। और अगर आप इसे 90 दिनों तक करते हैं, तो यह आदत जीवन भर रहती है। यह मनोविज्ञान का सिद्धांत है।

# लॉर्ड स्वराज पॉल ने पत्नी की याद में हॉल का उद्घाटन किया

**वाराणसी में एक नया नर्सिंग कॉलेज और अस्पताल खोलेंगे**

एजेंसी

लंदन। जाने माने अनिवासी भारतीय उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल ने यहां ऐतिहासिक इंडियन जिमखाना क्लब में अपनी दिवंगत पत्नी अरुणा की याद में एक भव्य नए हॉल का उद्घाटन किया है। पश्चिम लंदन में 60 साल से अधिक पुराने जिमखाना क्लब में शनिवार को लॉर्ड पॉल के 92वें जन्मदिन के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम में लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का उद्घाटन हुआ। लेडी अरुणा का 86 वर्ष की आयु में पिछले साल मई में लंदन में अपने आवास में निधन हो गया था।

लॉर्ड पॉल ने कहा कि यह हॉल मेरी अद्भूत पत्नी को एक श्रद्धांजलि है जिसे मुझे बहुत याद आती है। हमारी शादी के 65 साल के दौरान हमारे बीच कभी कोई बहस नहीं हुई। उन्होंने वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय में एक भवन का नाम अपनी दिवंगत पत्नी के नाम पर रखने की योजना की घोषणा की, जहां वह चांसलर हैं।अमेरिका, भारत, कनाडा और यूएई में कारोबार करने वाली ब्रिटेन स्थित कपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पॉल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई चर्चा के



बाद वाराणसी में एक नया नर्सिंग कॉलेज और अस्पताल खोलने का अपना दृष्टिकोण भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि मुझे भारत से बहुत प्यार है, जहां जालंधर में मेरा जन्म हुआ था। इसलिए भारत मेरे दिल में है, अमेरिका मेरे दिल में है और ब्रिटेन एक ऐसा देश है जिसे मैं प्यार करता हूं। कार्यक्रम में शामिल हुए कुछ विशिष्ट अतिथियों में दक्षिण एशिया के लिए ब्रिटेन के प्रभारी विदेश राज्य मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद, ब्रिटेन के लिए भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी एवं उनकी पत्नी संगीता और ब्रिटेन के लिए बांग्लादेशी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम शामिल थीं। इंडियन जिमखाना क्लब 1916 में स्थापित हुआ था और भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे प्रमुख क्रिकेटरों और हॉकी खिलाड़ियों का एक समय इसके मैदान में खेलने का इतिहास रहा है, जिसमें विजय मर्चेंट, विजय हजारे, पटौदी के नवाब और हाल में सुनील गावस्कर, कपिल देव और इमरान खान के नाम शामिल हैं।

# डंकी के सेट से शाहरुख की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म पठान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी फिल्म पठान कमाई के नाम पर खूब रिकॉर्ड बना रही है। इस फिल्म के जरिए शाहरुख खान ने सिनेमाजगत में करीब चार साल बाद वापसी की है। फिल्म के रिलीज होने के बाद अभिनेता का फैंस काफी खुश थे। पठान के क्रेज का ही असर था, जो पहले दिन फिल्म ने जबरदस्त 57 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। इस समय पठान ने देशभर में 511.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म जवान और डंकी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। हाल ही में डंकी के सेट से शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। पठान के बाद शाहरुख खान ने जवान पर काम शुरू कर दिया था। वहीं अब अभिनेता डंकी की शूटिंग में व्यस्त नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों शाहरुख जहां मुंबई में फिल्म जवान की शूटिंग कर रहे थे, वहीं वह डंकी के शूट के लिए पुणे पहुंचे थे। खबर है कि यहां के एक कॉलेज में उन्होंने गाने की शूटिंग की है। जिसके वीडियो और फोटोज खूब वायरल हो रहे हैं।



## होली गीत रंग लेके चढ़ी जनी सेज प रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता अंकुश राजा का होली गीत रंग लेके चढ़ी जनी सेज प रिलीज हो गया है। अंकुश राजा ने अपना होली गीत रंग लेके चढ़ी जनी सेज प रिलीज कर दिया है। रंग लेके चढ़ी जनी सेज प एस आर के म्यूजिक से रिलीज हुआ है। इसमें अंकुश राजा के साथ आस्था सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी केमेस्ट्री भी खूब पसंद की जा रही है। अंकुश राजा ने कहा कि उनकी तरफ से यह भोजपुरी के होली रंग में एक छोटा सा कंट्रीब्यूशन है, जो उनके भी दिल के करीब है। उन्होंने कहा कि होली सबों के लिए खास होता है। चाहे बच्चों की बात कर लें या युवाओं की या फिर बुजुर्गों की, होली की उमंग किसी में कम नहीं होती। लेकिन जब उसमें म्यूजिक की एंट्री होती है, तो रंगों में निखार खुल कर आता है। इसलिए मेरे इस गाने के सारे रंग अपने चाहने वालों को समर्पित है। अब बस उनके आशीर्वाद की जरूरत है। अंकुश राजा ने गीत रंग लेके चढ़ी जनी सेज पको प्रियंका सिंह के साथ मिलकर गाया है।लिरिक्स बोस रामपुरी और म्यूजिक ओम झा का है।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान में संदिग्ध महिला आत्मघाती हमलावर गिरफ्तार

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने आत्मघाती हमले की कथित योजना बना रही एक महिला को विस्फोटकों से लदी जैकेट के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध महिला की पहचान महाबल के रूप में हुई है और उसे शनिवार को क्वेटा के उपनगर से गिरफ्तार किया गया।

### 2022 में 15 हजार से अधिक अंग प्रतिरोपण

**नयी दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के बाद अंग प्रतिरोपण के मामलों में भारी वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2022 में पहली बार एक साल में 15 हजार से ज्यादा प्रतिरोपण हुए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने रविवार को यह जानकारी दी।भूषण ने स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एनओटीटीओ) वैज्ञानिक संवाद 2023 में कहा कि इसके अलावा प्रतिरोपण के मामलों में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### त्रिपुरा में दस रोहिंग्या शरणार्थी गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर दस रोहिंग्या शरणार्थियों और दो बांग्लादेशियों को उनके भारतीय हैंडलर के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक रलवे पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया, पूछताछ के दौरान रोहिंग्या शरणार्थियों ने स्वीकार किया कि उनलोगों ने बांग्लादेश के कॉक्स बाजार शिविर से भागकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया।

### नक्सलियों ने तीन मशीनों को जलाया

**कांकेर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सड़क निर्माण कार्य में लगी तीन मशीनों को महिला नक्सलियों ने जला दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पंखाजूर) धीरेंद्र पटेल ने कहा कि यह घटना शनिवार शाम को राज्य की राजधानी रायपुर से करीब 200 किलोमीटर दूर परतापुर थाना क्षेत्र के कामटेड़ा एवं गट्टाकल गांव के बीच हुई लेकिन उसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### झोलाछाप ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया

**नयी दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बाबा हरिदास नगर में एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता दो महीने की गर्भवती है।

### सीआरपीएफ के जवान ने की आत्महत्या की

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रायपुर से करीब 400किमी दूर बारसूर थानाक्षेत्र में सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन के मुख्यालय में शनिवार रात को हुई।

### सरकार छह खदानों की नीलामी करेगी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार फरवरी में लौह अयस्क की चार खदानों समेत कुल छह खनिज खदानों की नीलामी कर सकती है। इस कदम से देश केजीडीपी में खनन क्षेत्र के योगदान को गति मिलेगी। खनन मंत्रालय के अनुसार, छत्तीसगढ़ में स्थित लौह अयस्क की चार खदानों की मंगलवार को नीलामी हो सकती है।

## वाणिज्य की खबरें

### टीसीएस स्टार्टअप की नौकरी गंवा चुके कर्मचारियों की भर्ती करेगी

मुंबई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का कर्मचारियों की छंटनी का कोई इरादा नहीं है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी का कहना है कि टीसीएस में हम प्रतिभाओं को लंबे करियर के लिए तैयार करते हैं। टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि कंपनी स्टार्टअप कंपनियों के उन कर्मचारियों की नियुक्ति करने जा रही है जो अपनी नौकरी गंवा चुके हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जबकि दुनियाभर की बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियां कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा रही हैं। लक्कड़ ने कहा कि हम छंटनी में विश्वास नहीं रखते। हम प्रतिभाओं को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि कई कंपनियों को इस तरह का कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है क्योंकि उन्होंने जितना चाहते थे उससे अधिक लोगों को काम पर रख लिया।टीसीएस के कर्मचारियों की संख्या छह लाख से अधिक है। लक्कड़ ने कहा कि कंपनी इस बार भी कर्मचारियों को पूर्व के वर्षों के बराबर वेतनवृद्धि देगी।

### बैंकों की शुद्ध ब्याज आय तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 25.5 % बढ़ी

**मुंबई।** बैंकों की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में रिकॉर्ड 25.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। यह ऋण के बेहतर उठाव और कर्ज पर ऊंची प्राप्तियों की स्थिति को दशार्ता है। एक विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है। तिमाही के दौरान बैंकों को कर्ज पर ऊंची कमाई हुई है। तिमाही के दौरान बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.17 प्रतिशत बढ़कर 3.28 प्रतिशत हो गया।

### वित्त मंत्रालय 22 को बैंकों साथ बैठक में इसीएलजीएस की समीक्षा करेगा

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने 22 फरवरी को आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की समीक्षा करने के लिए सरकारी बैंकों और चार निजी ऋणदाताओं के प्रमुखों की बैठक बुलाई है। ईसीएलजीएस को कोविड-19 से प्रभावित कारोबार क्षेत्र की मदद के लिए शुरू किया गया था। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में ईसीएलजीएस और कोरोना प्रभावित क्षेत्रों में ऋण गारंटी योजना (एलजीएससीएएस) में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकङ्घएचडीएफसी बैंक,आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ईसीएलजीएस और एलजीएससीएएस के 31 मार्च के बाद विस्तार के साथ-साथ इनसे संबंधित चुनौतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

### हीरो मोटोकॉर्प की इलेक्ट्रिक दोपहिया के विस्तार की तैयारी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की अगले डेढ़ से दो साल में अपनी इलेक्ट्रिक दोपहिया श्रृंखला का विस्तार करने की योजना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।कंपनी का इरादा अपने विभिन्न खंडों के ग्राहकों की मांग को पूरा करने का है। कंपनी ने दिल्ली, बेंगलुरु और जयपुर में अपने विडा ब्रांड के इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री शुरू कर दी है। कंपनी का इरादा नए उत्पाद लाने से पहले अगले वित्त वर्ष में अपनी मौजूदा श्रृंखला का विस्तार करने का है। हीरो मोटोकॉर्प के इमर्जिंग मोबिलिटी बिजनेस यूनिट (ईएमबीयू) के प्रमुख स्वदेश श्रीवास्तव ने विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा कि हमने तीन शहरों में अपना उत्पाद उतारा है जहां ग्राहकों ने इनमें काफी रुचि दिखाई है। इरादा अगले वित्त वर्ष में कई और शहरों में जाने का है।

### भारत में 3,600 करोड़का निवेश करेगी आरएचआइ मैग्नेसिटा

**नयी दिल्ली।** वियना की कंपनी आरएचआई मैग्नेसिटा भारत में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और संयंत्रों के आधुनिकीकरण के लिए अगले दो से तीन साल में 3,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्टीफन बोर्गस ने यह जानकारी दी। बोर्गस ने बताया कि कंपनी ने 3,600 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय के एक हिस्से का इस्तेमाल भारत में दो रिफ्रैक्टरी संपत्तियों के अधिग्रहण में किया है। सीईओ ने कहा कि हमने भारत में निवेश के लिए 3,600 करोड़ रुपये रखे हैं। इस राशि का इस्तेमाल भारत में अधिग्रहण और पुरानी सुविधाओं की क्षमता बढ़ाने पर किया जाएगा।ह्यह्य उन्होंने कहा कि यह निवेश कंपनी अपनी अनुषंगी आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लि. के जरिये करेगी आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया इस्पात, सीमेंट, गैर-लौह धातु और कांच उद्योग के लिए रिफ्रैक्टरी उत्पादों, प्रणालियों और समाधानों का विनिर्माण और आपूर्ति करती है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !